www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्षः 26 अंक 184
गुरूवार 1 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 33°C
न्यूनतम 25°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-12 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# जाति जनगणना कराने को सरकार तैयार

## मेघालय और असम के बीच हाई-स्पीड कॉरिडोर को मंजूरी

**नई दिल्ली, 30 अप्रैल।** केन्द्र सरकार ने आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने का अहम फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक विषयों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार इसे मंजूरी प्रदान की। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि सरकार ने यह निर्णय सामाजिक संतुलन, पारदर्शिता और राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए लिया है। हमारा मानना है कि इस कदम से समाज आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त होगा।

वैष्णव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल जातिगत जनगणना को राजनीतिक लाभ के लिए मुद्दा बना रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 246 की केन्द्रीय सूची की क्रम संख्या 69 के तहत जनगणना केंद्र का विषय है। फिर भी कई राज्यों ने जातिगत गणना कराई है। इनमें से कुछ ने पारदर्शिता बरती जबकि अन्य ने इसे राजनीति का माध्यम बना दिया, जिससे समाज में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई। मंत्री ने अपने बयान में कहा कि आजादी के बाद से अब तक सभी जनगणनाओं में जातिगत आंकड़े शामिल नहीं किए गए।

कांग्रेस सरकारों ने बार-बार इस विचार का विरोध किया, जबकि 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा लोकसभा में आश्वासन दिए जाने के बावजूद इसे केवल एक सर्वे के रूप में सीमित रखा गया। उस समय कैबिनेट में मंत्रिमंडलीय समूह का गठन किया गया था। समूह को कई दलों ने जातिगत गणना पर अपना समर्थन जाहिर किया था। ■ शेष पेज 11 पर

**फैसला**

- मूल जनगणना के साथ ही कराई जाएगी
- केंद्रीय कैबिनेट बैठक में बड़ा फैसला
- प्रत्येक 10 साल के अंतराल पर होती है जनगणना
- पहली जनगणना 1872 और आखिरी 2011 में हुई थी
- अब तक सभी जनगणनाओं में जातिगत आंकड़े शामिल नहीं किए गए



### गन्ने का उचित मूल्य 'एफआरपी' 355 रुपये प्रति क्विंटल तय

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने 2025-26 के पेराई सीजन (अक्टूबर से सितंबर) के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 355 रुपये प्रति क्विंटल तय करने को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने इसे मंजूरी दी। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। सरकार के अनुसार गन्ने की उत्पादन लागत 173 रुपये प्रति क्विंटल है। ऐसे में 355 रुपये की एफआरपी उत्पादन लागत से 105.2 प्रतिशत अधिक है। साथ ही यह दर वर्तमान सत्र 2024-25 की तुलना में 4.41 प्रतिशत अधिक है। यह दर 10.25 प्रतिशत की मूल रिकवरी दर पर लागू होगी। रिकवरी दर में 0.1 प्रतिशत की वृद्धि पर 3.46 रुपये प्रति क्विंटल की अतिरिक्त राशि दी जाएगी, जबकि रिकवरी में 0.1 प्रतिशत की कमी पर 3.46 की कटौती की जाएगी।

## नोटबंदी जैसी न हो जाए जलबंदी : अखिलेश

**बलिया, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पाकिस्तान के मुद्दे पर भारत सरकार जो भी कदम उठाना चाहे, उठाए। हमारी पार्टी और देश की सारी जनता उनके साथ है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बुधवार को सपा सांसद सनातन पाण्डेय के पैतृक आवास पर मांगलिक समारोह में शामिल होने आए थे।

अखिलेश यादव ने पहलगाम हमले के बाद ताजा हालात पर पत्रकारों के सवालों के जवाब में बोल रहे थे। एक सवाल के जवाव में उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी के घर तभी जाऊंगा जब सरकार उनके दस करोड़ की सहायता और परिवार के एक सदस्य के लिए नौकरी का एलान करेगी।

वैसे भी समाजवादी लोग उस घर-परिवार से मिल चुके हैं। कहा कि मुद्दा यह नहीं है। लोग पहलगाम के साथ-साथ पुलवामा की बात करने लगे हैं, यह भाजपा के लिए परेशानी है। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जो जलबंदी की गई है, वह नोटबंदी जैसी न हो जाए। उन्होंने कहा कि सभी सिंधु जल समझौता रद्द हुआ है पानी बंद नहीं हुआ है।

आज के समय में टेक्नोलॉजी पर हम सभी निर्भर हैं। सरकार को भी मालूम है कि पानी रोकना है तो कितना समय लगेगा। पहले बुनियादी ढांचा बनाना होगा। श्री यादव ने केंद्र सरकार के फैसले को ठोस बताते हुए आशंका जताई कि कहीं, यह नोटबंदी जैसा न हो जाए। पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजे जाने को लेकर कहा कि यह सरकार का राजनयिक कदम है।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान श्री यादव ने पाकिस्तानी फौज के कब्जे में बीएसएफ जवान को वापस लाने के लिए सरकार से डिप्लोमैटिक चैनल से बात करने की मांग की। इसके लिए भारत को दुनिया में बनाए गए रिश्तों का इस्तेमाल करने की सलाह दी। अखिलेश यादव ने कहा कि मुकदमा लिखकर सत्ता से सवाल करने वालों की आवाज दबाई जा रही है।



अक्षय तृतीया पर सोने की खरीदारी करती महिलाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### आलोक जोशी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष होंगे

**नई दिल्ली, 30 अप्रैल।** सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (एनएसएबी) का पुनर्गठन किया है और रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख आलोक जोशी को इसका नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसका उद्देश्य क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना है। सूत्रों के अनुसार नए सिरे से गठित सात सदस्यीय बोर्ड में सशस्त्र बलों, पुलिस और राजनयिक सेवाओं के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

### पीएम अगले दो दिन में करेंगे तीन राज्यों का दौरा

**नई दिल्ली, 30 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 और 2 मई को महाराष्ट्र, केरल और आंध्र प्रदेश का दौरा करेंगे। वे 1 मई को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में विश्व ऑडियो विजुअल और एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) का उद्घाटन करेंगे। यह सम्मेलन भारत के मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के क्षेत्र में वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार इस चार दिवसीय सम्मेलन का टैगलाइन निमाताओं को जोड़ना, देशों को जोड़नाह्व है। इसमें 90 से ज्यादा देशों के लोग हिस्सा लेंगे, जिसमें 10 हजार से ज्यादा प्रतिनिधि, 1 हजार क्रिएटर, 300 से ज्यादा कंपनियां और 350 से ज्यादा स्टार्टअप शामिल होंगे। वेव्स का लक्ष्य 2029 तक 50 बिलियन डॉलर का बाजार खोलना है, जिससे वैश्विक मनोरंजन अर्थव्यवस्था में भारत की उपस्थिति का विस्तार होगा। वेव्स 2025 में, भारत पहली बार ग्लोबल मीडिया डायलॉग की मेजबानी भी करेगा, जिसमें 25 देशों के मंत्री भाग लेंगे।

### मास्को में विक्ट्री डे परेड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे रक्षा मंत्री

**नई दिल्ली, 30 अप्रैल।** मॉस्को में 9 मई को होने वाली विक्ट्री डे परेड में भारत का प्रतिनिधित्व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। प्रधानमंत्री को इस कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण मिला था लेकिन वे इसमें शामिल नहीं होंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार रूस की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया था लेकिन पहले ही रूसी पक्ष को सूचित कर दिया गया था कि भारत की ओर से रक्षा मंत्री इस समारोह में हिस्सा लेंगे। इसी बीच रूस के राष्ट्रपति के प्रेस सचिव दिमित्री पेसकोव ने भी इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी विक्ट्री डे परेड में शामिल नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि विक्ट्री डे परेड द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर सोवियत संघ की जीत की स्मृति में हर साल 9 मई को आयोजित की जाती है।

## एयर मार्शल नर्मदेश्वर होंगे नए वायु सेना उप प्रमुख

**नई दिल्ली, 30 अप्रैल।** चार दशकों का शानदार करियर पूरा करने के बाद आज लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार ने भारतीय सेना की उत्तरी कमान की कमान छोड़ दी। अब सेना की उत्तरी कमान के नए प्रमुख अब लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा होंगे।

सेना की इस कमान पर चीन और पाकिस्तान से लगती सीमाओं की सुरक्षा करने की जिम्मेदारी है। साउथ वेस्टर्न एयर कमांड के कमांडर एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी को वायु सेना का नया उप प्रमुख नियुक्त किया गया है। इन बदलावों से भारतीय सेना और वायु सेना की संचालन क्षमता और सामरिक ताकत में और वृद्धि होगी। उत्तरी कमान के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी ■ शेष पेज 11 पर



- एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के नए प्रमुख होंगे

# सभी मण्डलों में स्थापित होगी फूड एंड ड्रग टेस्टिंग लैब

**लखनऊ, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)।** योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में खाद्य सुरक्षा और दवा गुणवत्ता को मजबूत बनाने के लिए एक विशेष पहल की है। जिसके तहत, प्रदेश के सभी 18 मण्डलों में फूड एंड ड्रग लैब स्थापित की जा रही हैं, जिसमें से 12 मण्डलों के मुख्यालयों पर नई लैब बनाई जा रही हैं। इनमें से लखनऊ, कानपुर, सहारनपुर, अयोध्या, अलीगढ़ और गोरखपुर में नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जहां जुलाई माह तक टेस्टिंग का कार्य शुरू हो जाएगा। इन लैबों में उच्च तकनीकि क्षमता युक्त टेस्टिंग मशीनें लगाई जा रहीं हैं, जो प्रदेश की फूड और ड्रग सैंपल की टेस्टिंग की गुणवत्ता और क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि लाएगा।

सीएम योगी का यह प्रयास दवाओं और खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट को दूर कर जन स्वास्थ्य की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश की खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की विशेष सचिव रेखा सिंह चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर फूड एंड ड्रग टेस्टिंग की उच्च तकनीकी क्षमता युक्त लैब स्थापित की जा रही हैं।

इस पहल के तहत एक ओर तो प्रदेश में पहले से स्थापित टेस्टिंग लैबों को हाई टेक्नोलॉजी युक्त बनाया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर 12 मण्डलों में नई लैब बनाई जा रही हैं। इनमें से लखनऊ, कानपुर, सहारनपुर, अयोध्या, अलीगढ़ और गोरखपुर में नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। टेस्टिंग मशीनों के इंस्टालेशन के साथ ही संभवतः जुलाई माह से इन लैबों में सैपंल टेस्टिंग का कार्य शुरू हो जाएगा।

बातचीत में उन्होंने बताया कि इससे स्थानीय स्तर पर ही फूड एंड ड्रग सैंपलों की उच्च गुणवत्तायुक्त जांच संभव हो सकेगी। प्रदेश के 12 मण्डल मुख्यालयों पर नई लैबवर्तमान में प्रदेश के लखनऊ, आगरा, मेरठ, झांसी, गोरखपुर और वाराणसी में खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग की सैंपल टेस्टिंग लैब पहले से ही कार्य कर रही हैं। जबकि अलीगढ़, आजमगढ़, प्रयागराज, कानपुर, चित्रकूट, देवीपाटन, अयोध्या, बस्ती, बरेली, मीरजापुर, मुरादाबाद, और सहारनपुर मंडल मुख्यालय में नई लैब बनाई जा रही हैं।

इसके साथ ही राजधानी लखनऊ में विभाग की नई बिल्डिंग का निर्माण हुआ है जिससे अब लखनऊ में खाद्य पदार्थ और ड्रग एनालिसिस अलग-अलग अंतराष्ट्रीय मानकों के आधार पर संभव हो सकेगी। ■ शेष पेज 11 पर

**पहल**

- लैब टेक्नीशियन व लैब असिस्टेंट के लगभग 1200 पदों पर शीघ्र होगी चयन प्रक्रिया पूरी
- 12 मण्डलों के मुख्यालयों पर नई लैब बनाई जा रही
- प्रदेश के छह जनपदों में नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूरा

## अंसल ग्रुप के सात स्थानों पर ईडी की छापेमारी

**लखनऊ, 30 अप्रैल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने बुधवार को एक बार फिर से अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (अंसल ग्रुप) के कार्यालयों पर छापेमारी की। सुबह दस बजे के बाद ईडी की टीमों ने लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा एवं नई दिल्ली में सात स्थानों पर छापा मारकर फंड डायवर्जन मामले में आवश्यक दस्तावेजों को जब्त किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा खरीददारों (बायर्स) को लूटने वाले अंसल ग्रुप के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश के बाद से ईडी के अधिकारियों ने तीसरी बार छापेमारी करते हुए फंड डायवर्जन की जांच पड़ताल की है।

यूपी रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (यूपी रेरा) की जांच में प्रस्तुत हुई रिपोर्ट को आधार बनाकर ईडी ने छापेमारी की है।

# होटल में भीषण आग, 14 लोगों की मौत

**कोलकता, 30 अप्रैल।** कोलकाता के बड़ा बाजार स्थित मछुआ फलपट्टी इलाके में एक होटल में मंगलवार रात लगी भीषण आग में 14 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे बेहद दुखद बताते हुए शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख तथा घायलों को 50 हजार रुपये की मुआवजे की भी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि जिस होटल में आग लगी, वहां बड़ी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ जमा था, जिससे आग तेजी से फैली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भीषण आग से हुई जानमाल की क्षति पर जताते हुए आर्थिक मदद की घोषणा की है। मुख्यमंत्री इन दिनों अक्षय तृतीया के अवसर पर दीघा में हैं, लेकिन उन्होंने घटना के बाद से ही स्थिति पर लगातार नजर रखी। बुधवार सुबह उन्होंने कहा कि होटल में रखे गए ज्वलनशील पदार्थों के कारण ही यह त्रासदी घटी। ■ शेष पेज 11 पर

**हादसा**

- कोलकाता होटल हादसे पर पीएम ने दुख जताया, आर्थिक मदद की घोषणा
- होटल में रखा गया था ज्वलनशील पदार्थ : ममता बनर्जी
- मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारों के लिए दो-दो लाख की सहायता का किया ऐलान



## कानपुर पहुंचे राहुल गांधी शुभम के परिजनों से मिले

**कानपुर/अमेठी, 30 अप्रैल।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी बुधवार को कानपुर पहुंचे। वह दोपहर बाद 3:35 बजे चकेरी एयरपोर्ट पहुंचें। वहां से वह चारे बजे तक पहलगाम में आतंकवादियों की गोली का शिकार हुए शुभम द्विवेदी के घर हाथीपुर जाकर परिजनों से मिले। राहुल गांधी ने शुभम के परिजनों की प्रियंका वाड्रा से फोन के माध्यम से बात करवाई। प्रियंका से शुभम के पिता ने कहा कि आपकी दादी और पिता को भी आतंकवादियों ने छीना है। प्रियंका ने लगभग सात मिनट परिजनों से फोन पर बात की।

वहीं, राहुल बीस मिनट रूके। इससे पहले राहुल गांधी का काफिला सबसे पहले अमेठी के कोरवा स्थित ऑर्डिनेंस फैक्टरी पहुंचा। जहां उन्होंने फैक्ट्री में बन रहे घरेलू हथियारों और तकनीकी उपकरणों की जानकारी ली। फैक्टरी अधिकारियों ने उन्हें उत्पादन प्रक्रिया और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाए गए कदमों की जानकारी दी। ■ शेष पेज 11 पर



पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में शहीद हुए शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना देते नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी। - छाया तरुणमित्र

## पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर फिर तोड़ा संघर्ष विराम

**श्रीनगर, 30 अप्रैल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के आसपास लगातार नापाक हरकत कर संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा है।

दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान की फौज 22 अप्रैल के बाद रात के वक्त गोलीबारी कर भारतीय सेना को उकसाने की कार्रवाई कर रही है। भारतीय सेना ने कहा है कि 29-30 अप्रैल की रात पाकिस्तान सेना की चौकियों ने जम्मू-कश्मीर के नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों के सामने नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के गोलीबारी दी। भारतीय सेना के जवानों ने तेजी से और उचित तरीके से जवाब दिया।

### राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के लिए आलोक जोशी पर भरोसा

# राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का नए सिरे से गठन

■ हरिमोहन विश्वकर्मा

**नई दिल्ली, 30 अप्रैल।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (एनएसएबी) का नए सिरे से गठन किया है। इस बोर्ड में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं रॉ प्रमुख रहे आलोक जोशी को सौंपी गई है। केंद्र सरकार के भरोसे पर खरे उतरने वाले जोशी, 2012 में तत्कालीन डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में रॉ प्रमुख बने थे। उसके बाद केंद्र की मोदी सरकार ने उन्हें 'एनटीआरओ' का चेयरमैन बनाया था।

इतना ही नहीं, 2021 में जब देश में 'पेगासस' का मामला उठा तो सुप्रीम कोर्ट ने इसकी जांच के लिए एक कमेटी गठित की थी। उस जांच कमेटी के अध्यक्ष रिटायर्ड जस्टिस आरवी रवींद्रन को बनाया गया था। हरियाणा कैडर के पूर्व आईपीएस आलोक जोशी को कमेटी में बतौर सदस्य शामिल किया गया था।

बता दें कि सरकार ने बुधवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का नए सिरे से गठन किया है। इसमें पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी को, बतौर अध्यक्ष शामिल किया गया है।

बोर्ड में सैन्य सेवाओं के सेवानिवृत्त अधिकारी, पूर्व एयर मार्शल पीएम सिन्हा, पूर्व ले. जन. एके सिंह और पूर्व रियर एडमिरल मोंटी खन्ना भी रहेंगे। इनके अलावा पूर्व आईपीएस राजीव रंजन वर्मा व मनमोहन सिंह को भी बोर्ड में जगह दी गई है। पूर्व आईएफएस अधिकारी, बी वेंकटेश वर्मा भी बोर्ड में रहेंगे।

आलोक जोशी को साल 2012 में रॉ सेक्रेटरी बनाए जाने का आदेश जारी किया गया था। वे हरियाणा में कई जिलों के एसपी रहने के बाद प्रतिनियुक्ति पर 'रॉ' में आ गए थे। वे लंबे समय तक विदेश में भी रहे हैं। पाकिस्तान और नेपाल को लेकर उन्होंने विशेष काम किया है।

विदेश से लौटने के बाद वे कुछ समय तक हरियाणा में आईजी के पद पर लगे, लेकिन जल्द ही वे दोबारा से केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर 'रॉ' में लौट आए। रॉ से रिटायर होने के बाद 2014 में उन्हें 'नेशनल टेक्निकल रिसर्च ऑर्गनाइजेशन' (एनटीआरओ) के चेयरमैन पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। ■ शेष पेज 11 पर

**जिम्मेदारी**

- पेगासस जांच कमेटी में भी रहे हैं आलोक जोशी
- 2012 में रॉ सेक्रेटरी बने थे आलोक जोशी...

## आईसीएसई व आईएससी परीक्षा के परिणाम घोषित

**जमशेदपुर की शांभवी बनी नेशनल टॉपर, मिला 100 प्रतिशत अंक**

**नई दिल्ली, 30 अप्रैल।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने बुधवार को आईसीएसई (कक्षा 10वीं) और आईएससी (कक्षा 12वीं) परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं।

इस वर्ष आईसीएसई का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 99.09 प्रतिशत और आईएससी का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 99.02 प्रतिशत है। आईसीएसई परीक्षा में कुल 2,52,557 छात्र शामिल हुए थे, जिनमें से 2,50,249 छात्र पास हुए हैं। इसी तरह आईएससी परीक्षा में 99,551 छात्र शामिल हुए थे, जिनमें से 98,578 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। आईसीएसई में लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। लड़कियों का पास प्रतिशत 99.37 प्रतिशत और लड़कों का पास प्रतिशत 98.84 प्रतिशत है। आईएससी में भी लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है, जहां उनका उत्तीर्ण प्रतिशत 99.45 प्रतिशत रहा तथा लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 98.64 प्रतिशत रहा।उल्लेखनीय है कि इस साल आईसीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाएं 21 फरवरी से 28 मार्च तक आयोजित की गईं, जबकि आईएससी कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षाएं 13 फरवरी से 5 अप्रैल तक चलीं।

पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) की बेटी शांभवी जायसवाल ने आईसीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल किया है।

# राज्यमंत्री दिनेश प्रताप ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**कौशाम्बी, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)।** जिले में प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार उद्यान/कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उप्र/प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा आज निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज (जिला अस्पताल परिसर) एवं विकास खण्ड मंझनपुर के ग्राम-कोतारी पश्चिम में आरसीसी सेंटर (रिसोर्स रिकवरी सेंटर), विद्यालय, आँगनबाड़ी केन्द्र एवं स्वास्थ्य उपकेन्द्र दीवर में स्वच्छता और पोषण का निरीक्षण कर जायजा लिया गया।

मेडिकल कॉलेज (जिला अस्पताल परिसर) के निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने निर्माण के सम्बन्ध में तैयार किये गये मॉडल (नक्शे) को देखा। उन्होंने नक्शे में प्रदर्शित स्थलों (कहाँ पर क्या बनना है) को देखा और जानकारी प्राप्त की। प्राचार्य द्वारा बताया गया कि ग्राउण्ड फ्लोर पर सभी जाँचों की व्यवस्था की गई है। इसके बाद उन्होंने डॉक्टरों की ड्यूटी कक्ष, जनरल वार्ड, ओपीडी एवं ऑक्सीजन सप्लाई के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अक्सर ऐसे कार्य जब पूरे हो जाते है, तो लगता है कि इसमें कई कमियाँ रह गई है, यदि हो जाती तो इस अस्पताल के लिए और बेहतर होता। यदि ऐसी कोई कमी रह गई हो तो मुझे जानकारी दें, मैं उस कमी को भी पूरा करने का भरसक प्रयास करूंगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कौशाम्बी के मरीजों का बेहतर से बेहतर इलाज हो, उन्हें अन्य जनपदों में न जाना पड़े, कोई की इक्यूमेंट या और भी कोई सुविधायें बढ़ायी जानी है तो मुझे लिखकर दें। उन्होंने कहा कि जो बिल्डिंग तैयार हो गयी है तो उसे जल्द से जल्द चालू किया जाय एवं जो निर्माणाधीन है उसे ससमय पूर्ण करा लिया जाय। उन्होंने प्राचार्य को निर्देशित करते हुए कहा कि इस परिसर में 125 फिट का राष्ट्रीय ध्वज लगवाया जाय। इसके उपरान्त प्रभारी मंत्री ने परिसर में ब्लड कम्पोनेन्ट सेपरेशन यूनिट सेन्टर का फीता काटकर उद्घाटन भी किया।

विकास खण्ड मंझनपुर के ग्राम-कोतारी पश्चिम में आरसीसी सेंटर (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) के निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप लोगों को ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए।

जिससे ग्राम आत्मनिर्भर बन सके, इसके लिए ग्रामों में सोलर एनर्जी का प्रयोग कर ग्रामसभा द्वारा स्वयं बिजली पैदा करने आदि सहित आय बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई एक ग्राम पंचायत जो सेमी अर्बन एरिया में हो, कुछ ऐसी पायलट योजना बनाकर कार्य करें कि शॉपिंग कॉम्प्लेक्स टाइप का निर्माण हो सकें, जिससे ग्राम पंचायतों की आय को बढ़ाया जा सकें। विकास खण्ड मंझनपुर के ग्राम-कोतारी पश्चिम में विद्यालय एवं आँगनबाड़ी केन्द्र के निरिक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने विद्यालयों में कक्षा-7 के विद्यार्थियों से सवाल जवाब किया। उन्होंने अनुराधा सहित अन्य विद्यार्थियों से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम पूँछा और कुछ सवाल भी पूछें, जिस पर बच्चों द्वारा सही जवाब दिया गया। जिस पर प्रभारी मंत्री जी ने खुशी जाहिर किया।

स्कूल में विद्यार्थियों के जमीन पर बैठने की व्यवस्था पर प्रभारी मंत्री ने जानकारी प्राप्त की, जिस पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी द्वारा बताया गया कि टेबल कुर्सी जल्द ही उपलब्ध करा दी जायेगी। प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी एवं बेसिक शिक्षाधिकारी से कहा कि सामाजिक लोंगो से एवं बड़ी सरकारी कम्पनियों आदि से भी सहायता प्राप्त कर बच्चों के लिए टेबल कुर्सी आदि की व्यवस्था की जा सकती है।

# राहुल गांधी के दौरे से कांग्रेस में दिखा उत्साह, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में निर्मित हथियारों के विषय में ली जानकारी

योगेन्द्र श्रीवास्तव



**अमेठी, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)।** अमेठी लोकसभा सीट से कांग्रेस के पूर्व सांसद राहुल गांधी एकदिवसीय दौरे पर बुधवार को अमेठी पहुंचे। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद करीब 10 महीने बाद राहुल गांधी अमेठी आए थे राहुल गांधी की अमेठी दौरे को लेकर कांग्रेस नेता का कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला जगह जगह कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी का जोरदार स्वागत किया।

सबसे पहले राहुल गांधी अमेठी के कोरवा स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री पहुंचकर फैक्ट्री में निर्मित हथियारों के विषय में जानकारी ली इसके बाद राहुल गांधी मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल पहुंचे संजय गांधी अस्पताल परिसर ओपन हार्ट सर्जरी थिएटर का उद्घाटन किया इसके बाद राहुल गांधी का काफिला फुरसतगंज एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गया फुरसतगंज एयरपोर्ट से कानपुर पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात करेंगे।

राहुल गांधी की अमेठी दौरे को लेकर पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आशीष शुक्ला ने कहा कि राहुल गांधी आज एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंचे थे जहां उन्होंने गन फैक्ट्री का निरीक्षण किया इसके साथ ही संजय गांधी अस्पताल के ओपन हार्ट सर्जरी ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन किया।

अब हृदय रोग के संबंधित रोगियों को लखनऊ समेत प्रदेश के अन्य जिलों में नहीं जाना पड़ेगा और उनका इलाज यहीं पर होगा राहुल गांधी ने जिले के सभी सीनियर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उनकी यह मुलाकात संगठन को मजबूत करने के लिए थी। राहुल गांधी ने ग्राम पंचायत से लेकर जिले तक के संगठन को मजबूत करने की बात की। राहुल गांधी ने ऐसे कार्यकर्ताओं को आगे आकर पार्टी के लिए काम करने की बात कही जो अपना समय दे सके। वहीं दौरे को लेकर कांग्रेस के अमेठी ब्लॉक अध्यक्ष देवमणि तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी अमेठी और रायबरेली के दौरे पर आए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### किसान भाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उठायें लाभ

**प्रतापगढ़, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)।** जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने बताया है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को फसल नुकसान के जोखिम से सुरक्षा प्रदान करने हेतु एक विशेष अभियान शुरू किया गया है, इसके तहत खरीफ सीजन 2025 में किसान अपनी फसल का बीमा 31 जुलाई 2025 तक करा सकते है। उन्होंने फसल क्षति की स्थितियों के सम्बन्ध में बताया है कि फसल की बुवाई न कर पाना/असफल बुवाई फसल की मध्य अवस्था में क्षति, खड़ी फसलों को प्राकृतिक आपदाओं/रोगों, कीटों से क्षति, ओला वृष्टि, जल भराव (धान फसल को छोड़कर), बादल फटना, भू-स्खलन, आकाशीय बिजली गिरने से क्षति, फसल कटाई के उपरान्त अधिकतम 14 दिन की अवधि तक खेत में सुखाई हेतु रखी हुई फसल को ओलावृष्टि, चक्रवात, बे मौसम/चक्रवाती वर्षा से नुकसान की जोखिम को कवर किया गया है। दावा क्लेम की प्रक्रिया के सम्बन्ध में बताया है कि किसान अपनी फसल नुकसान होने पर 72 घंटे के भीतर टोल फ्री नम्बर 14447, सम्बन्धित बैंक, राजकीय कृषि बीज भण्डार, जनपद स्तरीय उप कृषि निदेशक/जिला कृषि अधिकारी कार्यालय, फसल बीमा कार्यालय (कृषि भवन) पर शिकायत कर सकते है। बीमा कम्पनी द्वारा कटाई पूर्व अंकेक्षण किया जाता है। रिपोर्ट के आधार पर 30 कार्य दिवस में भुगतान प्रक्रिया शुरू होती है। मुआवजा राशि सीधे किसान के आधार लिंक बैंक खाते में ट्रान्सफर की जाती है।

### आगजनी में कीमती सामान हुआ खाक

**लालगंज, प्रतापगढ़, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)।** लालगंज कोतवाली के जलेशरगंज कटरा बाजार में मंगलवार की रात अचानक हुई आगजनी में किराने की दुकान में रखा कीमती सामान जलकर राख हो गया। जलेशरगंज के निकट कटरा बाजार में छेदी लाल केशरवानी ने किराने की दुकान खोल रखी है। छेदी लाल ने मकान के निचले तल पर दुकान खोल रखी है। वह परिवार के साथ मकान के ऊपरी तल पर सो रहा था। अचानक आग लगने से वह चीखने चिल्लाने लगा । आस-पास के व्यापारी भी आग बुझाने में मशक्कत करने लगे। सूचना पर लालगंज से फायर बिग्रेड पहुंची तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका।

### दुर्घटना में युवक की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। मौत की सूचना घर पहुची तो परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के खालसा सादात निवासी वैजनाथ का पुत्र हिमाशु सरोज 24 मंगलवार की देर रात बाइक द्वारा घर से किसी काम से निकला था। सांगीपुर थाना के डभियार के समीप एक भट्ठे के समीप अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। आनन-फानन में घायल युवक को लालगंज ट्रामा सेंटर लाया गया। प्रारम्भिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे रायबरेली एम्स रेफर कर दिया। रास्ते में ही युवक की मौत हो गयी। मृतक के मामा रायबरेली जिले सलोन थाना के कान्हापुर निवासी चन्द्रकेश सरोज ने दुर्घटना में युवक की मौत को लेकर तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर सांगीपुर पुलिस ने बुधवार को अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादन हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए बुधवार को भेजवाया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है।

### सपा ने बाबा साहब का किया अपमान-बुद्धीलाल पासी

**रायबरेली, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)।** समाजवादी पार्टी लगातार बाबा साहेब डा.भीमराव आम्बेडकर जी का अपमान करती रही है और दलित उत्पीड़न का भी सपा का पुराना इतिहास रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धी लाल पासी के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी आंबेडकर चौक पर धरने पर बैठ गए। जिला अध्यक्ष बुद्धी लाल ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने बाबा साहेब डा भीमराव आम्बेडकर जी के चित्र से आधा चेहरा काटकर आधा चेहरा अखिलेश यादव का जोडकर बाबा साहेब का अपमान किया है। समाजवादी पार्टी द्वारा किया गया यह कृत्य घोर निदंनीय है। बाबा साहेब का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सपा द्वारा बाबा साहेब के अपमान के विरोध में सुबह से ही भारतीय जनता पार्टी द्वारा हाथी पार्क स्थित डॉक्टर अंबेडकर जी की प्रतिमा पर धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सुरेंद्र दाढ़ी, रवी चौधरी मुकेश श्रीवास्तव, वर्मा, अजय सिंह सोनू सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### सर्वाईकल कैंसर पर जागरुकता शिविर आयोजित

**कौशाम्बी, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)।** जिले में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्रस्तावित एक्शन प्लान के तहत एवं जनपद न्यायाधीश, कौशाम्बी अनुपम कुमार के निर्देशन पर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के तत्वाधान में दीवानी न्यायालय सभागार कौशाम्बी में सर्वाईकल कैंसर विषय पर साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश अनुपम कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का संचालन लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के चीफ अमित कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण एवं न्यायालय में कार्यरत कर्मचारीगण को डा० सिवी सिंह द्वारा सर्वाईकल कैंसर के पहचान करने एवं इससे बचें के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी एवं सर्वाईकल कैंसर के वैक्सीनेशन के बारे में भी अवगत कराया गया। इसी क्रम में डा० संजय सिंह द्वारा भी सर्वाईकल कैंसर के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। कार्याक्रम में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष आनन्द प्रकार द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को स्वाथ्य का ध्यान रखने एवं स्वास्थ्य होकर अच्छे मन से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश अनुपम कुमार एवं समस्त न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण, विद्वान अधिवक्तागण एवं चिकित्सकगण उपस्थित रहें।

### चाइल्ड लाइन ने ट्रेन में चिपकाए जागरूकता पोस्टर

**अमेठी, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार आज अक्षय तृतीया के अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव के द्वारा मिशन वात्सल्य के अंतर्गत रेलवे स्टेशन गौरीगंज में आम जनता को बाल विवाह एवं बाल श्रम की जानकारी देकर जागरूक किया गया। दिनेश तिवारी ने बताया कि लड़कियों की विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं लड़कों की न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित की गई है बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह अपराध माना जाता है, अगर ऐसा कोई करता है तो उसे 2 साल की सजा एवं एक लाख का जुमार्ना होगा, अगर ऐसा कहीं हो रहा है तो इसकी जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दें, जिससे बाल विवाह को रोका जा सके।

# पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी भावभीनी विदाई



**प्रतापगढ़, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार ने आज पुलिस लाईन परिसर प्रतापगढ़ में सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को भावभीनी विदाई देते हुए कहा कि सरकारी सेवाओं में आने के बाद निर्धारित समय पर पुलिस कर्मी को सेवानिवृत्त होना पड़ता है, हेड कास्टेबल बलवन्त सिंह जो आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं, का कार्यकाल जनपद प्रतापगढ़ में काफी सराहनीय रहा है, इनके द्वारा जनपद में किये गये सराहनीय कार्यो को याद किया जायेगा।

इन्हें सराहनीय कार्य हेतु 26 जनवरी 2025 को पुलिस रजत पदक से भी पुलिस लाईन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया था। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त होने वाले बलवन्त सिंह हेड कास्टेबल, प्रदीप श्रीवास्तव वरिष्ठ लिपिक, सत्यम दूबे उप निरीक्षक, लाल जी को प्रशस्ति-पत्र, अंगवस्त्रम व श्रीराम चरित मानस रामायण पाठ की पुस्तक देकर सम्मानित किये। इस मौके पर सीओ सिटी सहित पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# बाबा साहब के अपमान के विरोध में भाजपा ने किया प्रदर्शन



**प्रतापगढ़, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)।** बुधवार को अम्बेडकर चौराहे पर भाजपा अनुसूचित मोर्चे के नेतृत्व समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव को खुद को बाबा साहेब अम्बेडकर जी के बराबर प्रदर्शित करने की चेष्टा करने के कारण एससी समाज आक्रोशित है जिसके समर्थन में विरोध प्रदर्शन किया गया विरोध प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुये जिलाध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी लगातार बाबा साहेब डा. भीमराव आम्बेडकर जी का अपमान करती रही है और दलित उत्पीड़न का भी सपा का पुराना इतिहास रहा है।

समाजवादी पार्टी ने बाबा साहेब डा. भीमराव आम्बेडकर जी के चित्र से आधा चेहरा काटकर आधा चेहरा अखिलेश यादव का जोड़कर बाबा साहेब का अपमान किया है। समाजवादी पार्टी द्वारा किया गया यह कृत्य घोर निदंनीय है। बाबा साहेब का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जाएगा।

पू0 सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि बाबा साहब का पूरा जीवन समता और अधिकारों की लड़ाई में बीता, जबकि अखिलेश यादव का पूरा राजनीतिक जीवन अपने पिता की कुर्सी बचाने में। परिवारवाद के सबसे बड़े उदाहरण समाजवादी पार्टी ने क्या कभी किसी दलित नेता को मुख्यमंत्री बनाया? क्या किसी को समाजवादी पार्टी के संगठन का शीर्ष नेतृत्व सौंपा? पूर्व विधायक रानीगंज धीरज ओझा ने कहा कि समाजवादी पार्टी का इतिहास दलितों के विश्वासघात से भरा है।

अब डॉ. अंबेडकर की छवि से दलितों को छलने की कोशिश हो रही है, यह राजनीतिक धोखाधड़ी है। अपने शासन काल में किसी भी दलित बहुल क्षेत्र में समाजवादी सरकार ने कोई ठोस नीति क्यों नहीं बनाई? पूर्व प्रत्याशी बाबागंज पवन गौतम ने कहा कि दलितों की राजनीति करने के लिए अखिलेश यादव अब सिर्फ प्रतीकों की शरण में हैं ,क्योंकि उनके पास न नीति है, न नीयत। पोस्टर और भाषणों से न तो दलितों का भला होता है और न ही इतिहास बदला जा सकता है।

सपा द्वारा बाबा साहेब के अपमान के विरोध में बड़ी संख्या में बाबा साहेब की प्रतिमाओं के समक्ष काली पट्टी बांधकर तथा हाथों में तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन अम्बेडकर चौराहे पर किया। इसमें प्रमुख रूप से नगर पालिका प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह जिला महामंत्री पवन गौतम, विनोद रजक सभासद, तुषार दत्त सभासद, सुशीला सरोज, मंजीत सरोज, राजेन्द्र सरोज, सतनू सरोज, दीपक गौतम राजेश सिंह उपाध्यक्ष अशोक सरोज, रूची केशरवानी राम आसरे पाल, राघवेन्द्र शुक्ला, दिनेश सिंह दिन्नू, विनय सिंह, विजय मिश्रा अध्यक्ष किसान मोर्चा, गुड्डू सिंह, आलोक गर्ग सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला मजिस्ट्रेट का आदेश, सपा नेता गुलशन यादव की 7 करोड़ 15 हजार की संपत्ति होगी जब्त

### गुलशन के खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में कुल 53 आपराधिक मामले हैं दर्ज



**प्रतापगढ़, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)।** सपा नेता गुलशन यादव की 7 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क होगी। सपा नेता के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 की धारा 14(1) के तहत यह कार्रवाई की गई है।

जिला मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने संपत्ति कुर्की के संबंध में आदेश जारी कर दिया है। पुलिस ने गुलशन को गैंगस्टर एक्ट के तहत गैंगलीडर घोषित किया गया है।

कोर्ट से जारी आदेश के तहत गुलशन यादव की लग्जरी गाड़ी और आवासीय जमीन समेत कुल 7 करोड़ 15,502.33 रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की जाएगी।मानिकपुर थाना क्षेत्र के मऊदारा गांव निवासी गुलशन यादव लगभग 10 साल से अधिक समय से सपा से जुड़े हुए हैं। उन्हें सपा प्रमुख अखिलेश यादव के करीब नेताओं के रूप में जाना जाता है।

अक्सर अखिलेश यादव के साथ उनकी तस्वीरें सामने आती रहती हैं। वे वर्तमान में जनपद में सपा के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष पद पर हैं। गुलशन यादव के खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में कुल 53 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। माफिया गुलशन यादव, जिसके विरुद्ध हत्या, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट और विस्फोटक अधिनियम के 53 मुकदमे दर्ज हैं। कोर्ट से गुलशन के खिलाफ संपत्ति कुर्की का आदेश हुआ है। एसएसपी के निर्देश के तहत जल्द ही गुलशन यादव की 7 करोड़ 15 हजार की संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर हिंदू एकता की हुंकार

**प्रतापगढ़।** अक्षय तृतीया पर्व पर राष्ट्रीय परशुराम सेना के संयोजन में बुधवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी आशुतोष त्रिपाठी ने शहर के कंपनी बाग से झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा कंपनी बाग से शुरू होकर राजापाल चौराहा चौक घंटाघर भंगवा चुंगी बलीपुर होते हुए पंडित मुनीश्वरदत्त उपाध्याय चौराहा हनुमान मंदिर पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में रथ घोड़ा डीजे के साथ हजारों की संख्या में भगवान परशुराम के भक्त हाथ ने झंडा फरसा उठाकर जय श्री परशुराम का जयकारा लगाते हुए भक्तिमय माहौल में उत्साहित नजर आए। राष्ट्रीय परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला भगवान परशुराम के दिव्य स्वरूप में खुली जीप में सवार होकर शोभायात्रा को सुशोभित करते रहे।

# शिक्षा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर स्कूल चलो अभियान का किया शुभारंभ

**रायबरेली, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)।** शैक्षिक सत्र 2025-26 आरंभ होने के साथ ही स्कूल चलो अभियान का भी शुभारंभ हो चुका है। इसी के अंतर्गत आदर्श कंपोजिट विद्यालय चक अहमदपुर, विद्यालय एवं शिक्षा के प्रसार प्रचार हेतु बैनर पोस्टर वितरण एवं प्रचार वाहन नगर क्षेत्र में संचालित कर रहा है। उक्त कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए तथा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्र-छात्राओं ने भी प्रचार वाहन के साथ-साथ रैली निकाली एवं स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र श्री सुरेंद्र प्रताप ने मन लगाकर पढ़ने और दिल लगा कर खेलने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि इस विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ समग्र शिक्षा के मुख्य घटक खेल एवं व्यायाम पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

जिससे विद्यालय के छात्र-छात्राएं पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी बहुत आगे हैं और इसी के फल स्वरुप विद्यालय से दो छात्रों ने इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर खेल कर जिले का नाम एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं अध्यापकों को बधाई दी और कहा आप के द्वारा क्षेत्र में पहली बार किसी परिषदीय विद्यालय का प्रचार वाहन गली-गली मोहल्ले मोहल्ले घूम कर विद्यालय और स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का प्रचार करने के लिए निकाला गया है।

# परशुराम भगवान का मनाया गया जन्मोत्सव समारोह

**लालगंज रायबरेली, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)।** श्री परशुराम महासभा और अखिल भारतीय परशुराम परिषद के तत्वाधान में लालगंज में बड़े ही धूमधाम से श्री परशुराम भगवान जन्मोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें 5 सौ के लगभग प्रबुद्ध जनों का स्वागत सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री श्री 1008 स्वामी भास्कर स्वरूप जी महाराज के द्वारा भगवान परशुराम की पूजा अर्चना और आरती से प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता के रूप में स्वामी भास्कर स्वरूप जी ने कहा कि हिंदू पंचांग के अनुसार, हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया तिथि को परशुराम जयंती मनाई जाती है। इस दिन भगवान परशुराम की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। स्वामी जी ने कहा कि प्रेम, सत्य व सनातन के प्रतीक हैं परशुराम।

स्वामी जी ने सभी प्रबुद्ध जनों से भगवान परशुराम की नित्य प्रति पूजा अर्चना करने का आह्वान किया और कहा कि हम सबको ब्रह्मत्व के मार्ग पर चलना चाहिए तभी समाज संस्कारित और सम्मानित होगा। श्री परशुराम महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला और महामंत्री अशोक शुक्ला ने कहा कि सनातन काल से अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भक्त भगवान परशुराम की पूजा करते हैं और दान-पुण्य करते हैं।

### प्राचार्य ने ट्रामा सेंटर का किया औचक निरीक्षण

**सुल्तानपुर, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)।** स्वशासी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सलिल श्रीवास्तव ने बुधवार सुबह 9 बजे ट्रामा सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर की जांच में चार कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिस पर प्राचार्य ने सभी को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डॉ. श्रीवास्तव ने ट्रामा सेंटर की साफ-सफाई की भी समीक्षा की और स्वच्छता में कमी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाई। उन्होंने करीब एक घंटे तक ओटी, प्लास्टर रूम और ऑर्थो रूम का निरीक्षण किया और भर्ती मरीजों को बेहतर व समुचित इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्राचार्य के लगातार औचक निरीक्षणों से स्टाफ में हड़कंप मचा हुआ है।

# वक्फ बिल से गरीब मुस्लिमों को मिलेगा उनका हक : मनीष



**सुलतानपुर, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)।** भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित वक्फ सुधार जन जागरण अभियान कार्यशाला में पहुंचे प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने बताया कि वक्फ बिल सुधार की मुख्य बातों को दबाकर विपक्ष मुसलमानों को बरगलाने का काम कर रहा है। विपक्ष नहीं चाहता जैसे अन्य समाज की तरह मुसलमान समाज का हर वर्ग आर्थिक सामाजिक, शैक्षिक रूप से सशक्त और समृद्ध हो सके।

प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा वक्फ बिल में जो सुधार लाई है, उससे विपक्षियों के दोगले चेहरों से पर्दा हट गया है। यह भी कहा कि वक्फ सुधार कानून को लेकर विपक्षी देशभर झूठ, भ्रम और घृणा फैलाने की राजनीति कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा जनजागरण अभियान चलाकर घर-घर दस्तक देगी और विपक्ष के झूठ और उनके हिंसक और अराजक टूलकिट एजेंडे का पदार्फाश करेंगी। इस बिल से गरीब, पसमांदा मुस्लिम को उनका हक मिलेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हम कार्यकताओं के माध्यम से मुस्लिम बस्तियों में बड़ी-छोटी गोष्ठियां करेंगे,बैठक करेंगे। मुस्लिम समाज के घर-घर में पर्चा बाटेंगे। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने भाजपा कार्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा वक्फ संशोधन बिल केंद्र सरकार का ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम है।

कहा कि वक्फ संपत्तियों के लिए अधिकांश मुतवल्ली जो बनाए गए थे वह मालिक बन गए। उन्होंने कहा यह बिल हर समाज के साथ न्याय करने वाला है। इंडी गठबंधन के दल तुष्टीकरण के चलते विरोध कर रहे हैं।यह भी कहा कि नए वक्फ बोर्ड कानून के जरिए गरीब मुस्लिमों के हितों का संरक्षण होंगा।

# अपनी बगिया के फूल को नियमित विद्यालय भेजें अभिभावक: बीईओ

## प्राथमिक विद्यालय पूरे शिवा में आयोजित वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल

### अपने बच्चों की शानदार प्रस्तुति देखकर अभिभावक हुए प्रफुल्लित



**रायबरेली, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)।** अमावां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय पूरे शिवा में बुधवार को वार्षिकोत्सव और अभिभावकों की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बीईओ ऋचा सिंह रही।

विशिष्ट अतिथि आरएसएम के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, जिला संगठन मंत्री मधुकर सिंह और ब्लॉक अध्यक्ष ब्रजेंद्र कुमार रहे। बीईओ ऋचा सिंह ने अभिभावकों से कहा कि बच्चे आपकी बगिया के फूल हैं।

बच्चों को आगे बढ़ाने में आप लोग एक काम यह जरूर करें कि उन्हें नियमित तौर पर विद्यालय भेजें। बच्चों को नियमित रूप से क्लॉस-आठवीं के बाद भी आगे की पढ़ाई जारी रखना आपका कर्तव्य है। हम सभी अभिभावकों से यह भी कहेंगे कि वे लोग नियमित रूप विद्यालय में समय-समय पर आकर देखें। अभिभावक विद्यालय में आए और देखें आपके बच्चे को किस तरह की पढ़ाई कराई जा रही है। आरएसएम के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह और जिला संगठन मंत्री मधुकर सिंह ने कहा कि बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। हमारे विद्यालय किसी प्राइवेट विद्यालय से कम नहीं है। कार्यक्रम का संचालन कर रही प्रधानाध्यापक शीरीन महमूद ने बताया कि बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में वेलकम गीत, सोशल मीडिया से हो रहे नुकसान, लोकगीत पर आधारित नृत्य और कई कॉमेडी नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के पूर्व छात्रों ने देशभक्ति पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर एसएमसी अध्यक्ष रामकृष्ण, नोडल शिक्षक नीरज कुमार, सहायक अध्यापक रेनू यादव, विद्या सिंह, शिवाकांत, शिवानी सिंह सहित दर्जनों अभिभावक मौजूद रहे।

### भगवान परशुराम की जयंती पर ब्रह्मदेव जागरण मंच ने नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श प्रशिक्षण शिविर लगाया

**प्रतापगढ़।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में ब्रह्मदेव जागरण मंच जूनियर अधिवक्ता प्रकोष्ठ की ओर से कलेक्ट्रेट प्रांगण में निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श प्रशिक्षण शिविर निःशुल्क शुगर जांच संग निःशुल्क दवा वितरण किया गया। स्वास्थ्य परामर्श परीक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए अपर जनपद न्यायाधीश सुमित पवार ने भगवान परशुराम जी का पूजन संग आरती करके किया। इस दौरान अपर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर यह सुनिश्चित करते हैं कि लोगों के सही समय पर छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्या के गंभीर होने से पहले लोग डॉक्टर के पास जा सकते हैं।

भविष्य में गरीब असहाय वादकारियों संग अधिवक्ताओं के लिए ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। इस दौरान 742 लोगों ने उपस्थित चिकित्सकों से परामर्श किया। भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर पूर्व की भांति इस वर्ष भी जन कल्याण को ध्येय रखकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान सोनेलाल मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर इमरान नाक कान गला रोग, डॉक्टर सौरभ सिंह फिजीशियन, डॉक्टर विमल सिंह हड्डी रोग, हड्डी रोग डॉक्टर भी 280 से अधिक शुगर मरीज की जांच किया।

# सपा के पोस्टर से हुए बाबा साहब के अपमान पर भाजपा का विरोध प्रदर्शन

**हरदोई, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** समाजवादी पार्टी द्वारा जारी किए डॉ भीमराव अंबेडकर और अखिलेश यादव के पोस्टर पर देश भर में भाजपा ने प्रतिकार कर आंबेडकर के अपमान का आरोप लगाया है।

नगर के अंबेडकर पार्क पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव को भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की बराबरी में दिखाने पर इसे अपमान करार देते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने सर्वप्रथम बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सपा ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के चित्र से आधा चेहरा काटकर उसमें अखिलेश यादव का आधा चेहरा जोड़कर उनका अपमान किया है। भाजपा का एक भी कार्यकर्ता बाबा साहेब का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

कहा, समाजवादी पार्टी कार्यालय पर भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के आधे चित्र के साथ अखिलेश यादव का चित्र लगाकर उन्हें बाबा साहब जैसे महान




व्यक्तित्व के बराबर दिखाया गया है। समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव ने हमेशा बाबा साहेब का अपमान किया है। कहा कि कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम डॉ भीमराव आंबेडकर मेडिकल कॉलेज था। अखिलेश यादव को बाबा साहेब से इतनी नफरत है कि मुख्यमंत्री बनते ही बाबा साहेब का नाम हटा दिया। दलित और शोषित समाज के प्रति उनका प्यार सिर्फ वोट पाने तक सीमित है।

कहा कि अखिलेश यादव के बाबा साहब अंबेडकर के प्रति प्रेम के बहुत किस्से हैं। जिसे जनता को जानना चाहिए। समाजवादी पार्टी ने जो पीडीए बनाया है वह सिर्फ दलित और पिछड़े समाज को धोखा देने के लिए है कहा कि भीमनगर का नाम बदलकर जिला संभल कर दिया। अखिलेश यादव ने वही किया जैसे मुगल बादशाह करते थे मंदिर तोड़कर, वहाँ मस्जिद बना देना। कहा कि दलितों से इतनी नफरत कि मुख्यमंत्री बनते ही अखिलेश यादव ने एक लाख से अधिक दलित अधिकारियों को अपमानित करके उन्हें पदावनत कर दिया था। केवल उन दलित कर्मियों को ही नहीं अखिलेश यादव ने पूरे दलित समाज को अपमानित किया था।

प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष विद्याराम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा जिला उपाध्यक्ष एसपी मौर्य प्रीतेश दीक्षित संदीप सिंह संजय सिंह जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा ओम वर्मा सत्येंद्र राजपूत जिला मंत्री अविनाश पांडे अजय शुक्ल मंगतराम मीना वर्मा नीतू चंद्रा कोषाध्यक्ष डॉ अनुज गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी गंगेश पाठक प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी सह मीडिया प्रभारी परेश लोहिया सत्यम शुक्ला आईटी प्रमुख सौरभ सिंह सोशल मीडिया प्रमुख प्रद्युम्न आनंद मिश्र माधवगंज नगर पंचायत अध्यक्ष अनुराग मिश्रा गोपामऊ वर्मा जी मोहम्मद अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष महिपाल गौतम युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आकाश सिंह महिला मोर्चा अलका गुप्ता किसान मोर्चा विश्वराज महामंत्री नीरज तिवारी नगर अध्यक्ष मुदित बाजपेयी पू. नगर अध्यक्ष अजीत उपाध्याय, नगर उपाध्यक्ष निधि सिंह, अंकित पांडेय,मुनि मिश्र,गोपाल अग्रवाल, योगेंद्रपाल सिंह, मंत्री बॉबी गुप्ता, शिक्षक प्रकोष्ठ संयोजक अनुराग मिश्र,नीरज अवस्थी,पारिशा तिवारी,शोभना सिंह, सुहाना जैन, आरिफ खान शानू ,ऋषभ त्रिपाठी,सनी दीक्षित, आदेश आदि मौजूद रहे।

# एसपी के निर्देश के बाद भी भू-माफिया पर कार्रवाई नहीं

**कलान/शाहजहांपुर, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** नगर पंचायत के मोहल्ला गंगानगर निवासी अरुणवेदगुप्ता एवं नगर पंचायत के विनोद गुप्ता सत्यदेव मिश्रा , रामचंद्र शाक्य राम मूर्ति कश्यप राजेश राठौर जीतू मिश्रा रामनिवास गुप्ता शिवाकांत गुप्ता आकाश गुप्ता वीरेश सक्सेना लालू यादव उमेश भदौरिया एडवोकेट जितेन शर्मा अजय वर्मा गौरव महाजन शाक्य मनीष सक्सेना मालिक राम शर्मा मनोज गुप्ता हिमांशु सचिन कुमार सक्सेना समेत दर्जन लोगों ने हस्तलिखित एक शिकायत कलान निवासी बबलू कश्यप ध्यानपाल कश्यप के विरुद्ध विधान परिषद सदस्य डॉ सुधीर गुप्ता को थीकि उक्त व्यक्ति अपने को समाजवादी पार्टी का जिला सचिव बताने के बाद कलान समेत कई जगह मकान एवं भूमि पर कब्जा कर चुका है और साधन सहकारी समितिकलान की जगह पर कब्जा कर मकान बना लिया है इस भूमाफिया से क्षेत्रीय लोग बेहद परेशान है।

यहां तक आरोपी पर जमीन कब्जा करने समेत अपहरण जैसी अपराधिक आधा दर्जन से अधिक मामले भी दर्ज हैं डॉ सुधीर गुप्ता विधान परिषद सदस्य ने जब इस प्रकरण को पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के संज्ञान में डाला तो उन्होंने एसपी ग्रामीण को पुलिस टीम से मामले की जांच कराई और संबंधित लोगों से बयान लिए लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई जिस कारण इस भूमाफिया के विरुद्ध 28 अप्रैल को जिला अधिकारी धर्मेंद प्रताप सिंह से तीन दर्जन लोगों ने हस्तलिखित शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाए हैं कि पुलिस द्वारा बयान दर्ज करने के बाद भी भूमाफिया के विरुद्ध अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है कार्रवाई न होने से उसके हौसले और बुलंद हो गए हैं आरोपी द्वारा फेसबुक पर आपत्ति की है प्रतिलिपि भी संलग्न की है इसके बावजूद भी कार्रवाई न होना गले नहीं उतर रहा है आरोपी गुंडे द दबंगई पर उतारू है अगर प्रार्थना पत्र देने वालों का किसी तरीके से नुकसान होता है तो उसके जिम्मेदार आरोपी होगा।

## सड़कों पर आवश्यकतानुसार ब्रेकर बनायें व मोड़ पर संकेतक लगाए जाएं- सिंह

**हरदोई, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि बिलग्राम-माधोगंज-मल्लावां मार्ग के चौड़ीकरण व डिवाइडर का डीपीआर तैयार किया जाये।

सेवा लाइफ संस्था की ऑडिट रिपोर्ट पर कार्रवाई की जाये। ब्लैक स्पॉट को पुनः चिन्हित किया जाये। सड़कों पर आवश्यकतानुसार ब्रेकर बनाये जाएं। मोड़ पर संकेतक लगाए जाएं। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा कि लोगों को हेलमेट के लिए जागरूक किया जाये।

प्रवर्तन की प्रभावी कार्रवाई की जाये। इस अवसर पर एआरटीओ संजीव सिंह, अधिशाषी अभियंता लोकनिर्माण खण्ड 2 अरविन्द कुमार मौर्या व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एक राष्ट्र एक चुनाव पर जेके पब्लिक स्कूल में हुआ महिला समागम

**हरदोई, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** नगर के जेके पब्लिक स्कूल में एक राष्ट्र एक चुनाव पर महिला समागम श्रीमती अनुराधा मिश्रा के संयोजकत्व में संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व सांसद एवं प्रदेश महामंत्री श्रीमती प्रियंका रावत ने शिरकत की ,वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेविका, चिंतक, विचारक श्रीमती कीर्ति सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती प्रेमावती पीके वर्मा ,भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, जिला महिला मोर्चा अध्यक्षा श्रीमती अलका गुप्ता मौजूद रहीं। सम्मेलन में श्रीमती निरमा देवी, विजयलक्ष्मी सिंह, हरप्रीत कौर ,सुजाता ने मंच साझा किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती निधि सिंह भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष ने किया।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि ,विशिष्ट अतिथि और अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। वंदे मातरम के सामूहिक गान के बाद मंचस्थ सम्मानित जनों का प्रियंका सिंह,सत्येंद्र राजपूत, श्रीमती गौरी गुप्ता,समता अवस्थी, शोभना सिंह,मधुबाला गुप्ता, श्रीमती मीना वर्मा, पूजा गुप्ता और श्रीमती आरती गुप्ता ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।




कार्यक्रम की शुरूआत में कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती अनुराधा मिश्रा ने एक राष्ट्र एक चुनाव पर कहा कि इसका विरोध वही लोग कर रहे हैं जो हमेशा से हर एक सामाजिक परिवर्तन में विरोध करते रहते हैं एक चुनाव से संसाधनों और समय की बचत होगी ,जब एक देश, एक संविधान है तो एक चुनाव क्यों नहीं होना चाहिए संत विवेकानंद एकेडमी की अध्यक्षा श्रीमती सुजाता ने कहा कि एक चुनाव होने से सरकार को नीतिगत निर्णय लेने में देरी नहीं होगी। आर्थिक बोझ कम पड़ेगा समय की बचत होगी।

जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती प्रेमावती पी के वर्मा ने कहा कि देश में वर्षभर कोई ना कोई चुनाव चलते रहते हैं इससे विकास कार्यों में अवरोध होता है आर्थिक संसाधनों का दोहन और समय की बचत के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव आवश्यक है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने जो विचार आपके सामने लाए हैं उसका जनमत बनाकर समर्थन करना है।

प्रदेश महामंत्री श्रीमती प्रियंका रावत ने कहा कि देश की आजादी में मातृ शक्ति का कितना योगदान रहा है उनके योगदान को कोई भुला नहीं सकता है। मातृशक्ति को ऐसे वक्त पर इस चिंतन की आवश्यकता है कि हम हिंदुस्तानी हैं हमारी देश के विकास में क्या भूमिका हो सकती है जहां मातृशक्ति हर एक विधा में अपना महत्वपूर्ण प्रदर्शन कर रही हैं, पारिवारिक निर्वहन के बाद वे इस चर्चा को गुणित अनुपात में अपने लोगों के बीच रखकर क्यों जरूरी है इस बात पर चिंतन करने के लिए समझाना चाहिए। हमारा देश विकसित बने ,सशक्त बने ,इसमें प्रधानमंत्री जी के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे को शाश्वत करते हुए इसमें लग जाना चाहिए। मातृ शक्तियां राष्ट्र की प्रगति में सहायक सिद्ध हों,आंतरिक और वाह्य सुरक्षा की चिंता प्रधानमंत्री जी को है लेकिन हम सब मातृ शक्तियों को अपने पारिवारिक निर्वाहन का पालन करते हुए इस ओर एक चुनाव कराने की आवश्यकता और अनिवार्यता को समझाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही श्रीमती कीर्ति सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव हमारी सम सामयिक आवश्यकता है। पहलगाम की घटना ने हमारी बहनों का सिंदूर मिटा दिया ,ऐसे अलगाववादी आतंकी लोगों को का बहिष्कार करना चाहिए ।समय संसाधन और विकासशील प्रक्रिया को गति देने में एक राष्ट्र एक चुनाव का सभी समर्थन करते हैं केवल वही विरोध करते हैं जिन्हें विरोध करने की आदत सी बन गई है उन्होंने मात्र शक्तियों से एक राष्ट्र एक चुनाव को जन-जन में चर्चा का विषय बनाने,इसकी अनिवार्यता पर चर्चा करने का आह्वान किया।

अंत में आए हुए सम्मानित जनों महिलाओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के संयोजक अविनाश मिश्रा, जिला महामंत्री सत्येंद्र राजपूत, इंजीनियर ओम वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी गंगेश पाठक,जिला मंत्री अविनाश पांडे, नीतू चंद्रा, राजीव मोहन अवस्थी, श्रीमती समता अवस्थी, श्रीमती शोभना सिंह, सुहाना जैन, परीशा तिवारी ,प्रियंका सिंह ,मधुबाला गुप्ता समेत कई मातृ शक्तियां उपस्थिति रही।

## संक्षिप्त समाचार

### 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

**शाहजहांपुर, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** शासन एवं आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के अनुपालन में प्रदेश भर में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध सघन प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में संयुक्त आबकारी आयुक्त, मेरठ जोन एवं उप आबकारी आयुक्त, बरेली प्रभार के निदेर्शानुसार आज जिला आबकारी अधिकारी, शाहजहांपुर के निर्देशन में आबकारी टीम तिलहर एवं पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम बिरसिंहपुर, डंडियां, बिरैचा, बुढ़ानपुर एवं सरेली में संदिग्ध स्थानों व घरों पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान की गई कार्रवाई में 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा इस संबंध में एक अभियोग पंजीकृत किया गया है। इस प्रवर्तन कार्रवाई में बालक राम, सनक सिंह, वीरेन्द्र कुमार, गायत्री आदि की सक्रिय सहभागिता रही। जिला आबकारी अधिकारी ने कहा कि जनपद स्तर पर अवैध शराब के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### गंगा किनारे मिला वृद्ध किसान का शव

**बिलग्राम/हरदोई, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** माधोगंज थाना क्षेत्र के बघीयारी गांव से 27 अप्रैल को लापता हुए 60 वर्षीय पन्नालाल का शव राजघाट पर गंगा किनारे मिला है। मृतक के पुत्र राम लखन ने बताया कि उनके पिता कुछ महीनों से मानसिक रूप से परेशान रहते थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक पन्नालाल पिछले सोमवार से अपने घर से गायब थे। परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। मंगलवार की देर रात उनका शव बिलग्राम कटरी छिबरामऊ राजघाट पर गंगा किनारे मिला।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक ने दो शादियाँ की थी पहली पत्नी से एक पुत्र एक पुत्री है वही दूसरी पत्नी से चार पुत्र व एक पुत्री की जानकारी मिली है, कुल सात संतानों में से तीन दिल्ली में रहते हैं। घटना की सूत्रों की जानकारी से पता चला है कि वृद्ध की घर में एक बेटे से कहासुनी हुई थी पुत्र ने पिता को गाली-गलौज किया था जिससे नाराज वृद्ध घर छोड़ कर घला गया था जिसके बाद उनका शव गंगा किनारे पाया गया है।

### बाल विवाह : आओ मिलकर इसे जड़ से मिटाएँ

**शाहजहांपुर, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर बाल विवाह जैसी कुप्रथा के विरुद्ध जनजागरूकता हेतु विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित किया गया। इस अवसर पर मदरसा नुरुल हुदा में जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने, शिक्षित होने एवं अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया।

# परशुराम जन्मोत्सव : एक मण्डप तले यज्ञ वेदियों पर 111 ब्राह्मण वटुकों का हुआ सामूहिक यज्ञोपवीत

**हरदोई, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था संयुक्त ब्राह्मण महासभा, हरदोई के तत्वावधान में घण्टाघर परिसर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर एक मण्डप तले बनीं यज्ञ वेदियों पर 111 ब्राह्मण वटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार हुआ। माँ बहनों के मंगलगीतों के बीच जनपद सहित काशी और नैमिष क्षेत्र के आचार्यों ने वेदमंत्रों से वटुकों का संस्कार कराया। जिसमें हरदोई जनपद सहित लखनऊ, फरुखाबाद, शाहजहांपुर आदि आसपास के वटुक शामिल रहे। साधु संतों के साथ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डा. अशोक बाजपेयी एवं विशिष्ट अतिथि न्यायाधीश अविनाश पाण्डेय ने ब्रह्मचारियों को परमार्थ पथ प्रशस्त करने की सीख दी। मुख्य यजमान विचारक श्रीकृष्ण शास्त्री पूर्व जिला अध्यक्ष-भारतीय जनता पार्टी ने लग्न मण्डप का पूजन करते हुए संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉ. अशोक बाजपेयी ने कहा संस्कारों से रची बसी सनातन संस्कृति लोककल्याण और मानवोत्थान से जुड़ी है। जिसकी शिक्षा और प्रेरणा जन्म से लेकर जीवन पर्यन्त संस्कारों से मिलती है। पूर्व सांसद डॉ. अशोक बाजपेयी ने 20 वर्षों से सामूहिक संस्कार कराने की निरंतरता बनाये रखने के लिए संस्था के योगदान को रेखांकित किया। कहा सामूहिक संस्कार के आयोजन धन के अपव्यय की रोकथाम और सामाजिक समरसता बढ़ाने में सहायक हैं। साथ ही एकता का आधार भी हैं।

कहा इसलिए बड़े पैमाने पर ऐसे सामूहिक आयोजन आवश्यक हैं।

विशिष्ट अतिथि न्यायाधीश अविनाश पाण्डेय, स्पेशल जज, सीबीआई पटना ने संस्कारों को सुख-शान्ति और समृद्धता का आधार बताया। कहा संस्कार मनुष्य को नैतिक जीवन जीने की शिक्षा देते हैं। कहा सामूहिकता वैचारिक समन्वय और समरसता का आधार तैयार करती है। न्यायाधीश अविनाश पाण्डेय ने कहा कि ऐसे सामाजिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक कार्यों से जुड़ी संस्थाओं से जुड़ना व सहयोग करना पुनीत कर्म है।

मुख्य यजमान श्रीकृष्ण शास्त्री ने संस्कारों की महत्ता पर प्रकाश डाला। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विक्रम पाण्डेय ने समाजहित के ऐसे रचनात्मक कार्यों को और विस्तार देने पर जोर दिया।संरक्षक अरुणेश वाजपेयी, संस्थाध्यक्ष वैद्य बाल शास्त्री, कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. ब्रह्मस्वरुप पाण्डेय सहित वक्ताओं ने विचार रखे। संचालन महेश मिश्र ने किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई उद्योग बंधु की बैठक

**हरदोई, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक हुई। बैठक में राजा नरपत सिंह स्मारक समिति द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी के हालिया दौरे के सफल आयोजन हेतु जिलाधिकारी व अन्य सम्बंधित अधिकारियों को सम्मानित किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया।

अग्निशमन विभाग द्वारा औद्योगिक संस्थानों में आग लगने की घटनाओं से बचने के उपाय बताये गए। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी। पर्यटन विभाग के अधिकारियों द्वारा लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से




पर्यटन नीति के सम्बन्ध में बताया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र बिजली की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। संडीला औद्योगिक क्षेत्र में नाली निर्माण कराया जाये। सूखेता नाला पर रपटा पुल को उच्चीकृत करने का कार्य किया जाये। पिहानी रोड पर रेलवे ओवरब्रिज पर प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त कराया जाये। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह, समस्त सम्बंधित अधिकारी व उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट परिसर में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कार्यालय को मिला नया भवन

**रामपुर, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को कलेक्ट्रेट परिसर में नया कार्यालय मिल गया है।

जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने नवीन कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ किया। जिले में आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ मुहैया कराने के दृष्टिकोण इस कार्यालय की काफी अहम भूमिका है।अब तक कलेक्ट्रेट परिसर में ही यह कार्यालय संचालित हो रहा था।कार्यालय में पर्याप्त जगह न होने के कारण कार्यालय के अनेक कार्यों को संपादित करने के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा



था। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कार्यालय की उपयोगिता एवं अधिकारियों को हो रही समस्या को ध्यान में रखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में ही अन्य खाली पड़े भवन का जीर्णोद्धार कराया और उसे खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कार्यालय संचालित करने के लिए आवंटित कर दिया। सहायक आयुक्त खाद्य सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि नवीन कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के बैठने और अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए पर्याप्त प्रबंध है साथ ही विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों के संग्रहित किए जाने वाले सैंपल आदि को सुरक्षित रखने के लिए भी बेहतर व्यवस्था कराई गई है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान,नगर मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा एवं व्यापार मंडल के शैलेंद्र शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती प्रक्रिया में 18 लेखपाल निलंबित

**हरदोई, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती प्रक्रिया में फर्जी प्रमाण पत्रों का मामला सामने आया है। जांच में सामने आया कि कई अभ्यर्थियों ने झूठे आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र के आधार पर चयन प्राप्त किया था। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने गंभीरता दिखाते हुए 18 लेखपालों को निलंबित कर दिया है, जिन्होंने बिना सत्यापन गलत आख्या दी थी।

जांच में 21 प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए, जिन्हें डीएम ने तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया। इन प्रमाण पत्रों के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को चयन सूची से हटा दिया गया है। यह कार्रवाई प्रशासन की पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया को बनाए रखने की दिशा में एक सख्त कदम मानी जा रही है।


## कार्यालय : नगर पंचायत सौंख, जनपद-मथुरा

पत्रांकः- 43/न.प.सौंख /2025-26 दिनांकः- 30/04/2025

**ई-निविदा प्रेस सूचना**

नगर पंचायत सौंख में उत्तर प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों (नगर पालिका परिषदों / नगर पंचायतों) में नगरीय सेवायें और अवस्थापना विकास परियोजनायें (मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना CM-VNY) योजना के अन्तर्गत प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति संख्या 815/नौ-6-2025-ई-1911776 नगर विकास अनुभाग -6 लखनऊ दिनांक 28 मार्च 2025 के द्वारा स्वीकृत धनराशि 142.8746 लाख से विहित प्रावधानों के अंतर्गत अर्ह ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सौंख मथुरा में नगरीय सेवायें और अवस्थापना विकास परियोजनायें (मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना CM-VNY) योजना अन्तर्गत स्टडी सेंटर निर्माण कार्य कराना चाहती है। जिसके लिये अर्ह ठेकेदारों / फर्मों से ई-निविदाएं ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

**Tender Reference Number - 03/CM-VNY/2025-26**

| Sr. No | Description | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Document Downloding Start Date | 02-05-2025 | 11.00 A.M. |
| 2 | Document Downloding End Date | 22-05-2025 | 06.00 P.M. |
| 3 | Online Bid Submission Start Date | 02-05-2025 | 11.00 A.M. |
| 4 | Online Bid Submission Closing Date | 16-05-2025 | 06.00 P.M. |
| 5 | Technical bid opening date | 17-05-2025 | 11.00 A.M. |
| 6 | Pre-bid Meeting | | |
| 7 | Financial bid opening After Evalution of Technical Bids. | | |

ई- निविदा हेतु उल्लेखित कार्यों का विवरण, उनकी आगणन लागत, निविदा की धरोहर राशि, निविदा मूल्य, तथा अवधि का विवरण, शर्तों व प्रतिबन्ध पोर्टल www.http//etender.up.nic.in पर दिनांक 02.05.2025 को पूर्वाहः 11:00 बजे से देखा जा सकता. है। ई-निविदा पोर्टल पर प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा आमंत्रित की गयी हैं। निविदा खोलने की तिथि को अवकाश होने की दशा में अग्रिम कार्य दिवस पर निविदाएं खोलीं जायेगी । अन्य कोई भी जानकारी कार्यालय कार्यदिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज 9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

नोट - धरोहर राशि की एफ०डी०आर० अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सौंख के नाम बन्धक होनी चाहिये या नगर पंचायत सौंख के खाते में आर०टी०जी०एस० भी कर सकते हैं। परन्तु निविदा का मूल्य भारतीय स्टैट बैंक सौंख मथुरा के बैंक खाता A/C- 40019797788 IFSC CODE-SBIN00011593 में ट्रॉसफर करें।

**लिपिक/लेखा लिपिक/टेण्डर कमेटी**
**नगर पंचायत सौंख**
**मथुरा**

**सदस्य अवर अभियन्ता**
**नगर पंचायत सौंख**
**मथुरा**

**अधिशासी अधिकारी/**
**टेण्डर कमेटी अध्यक्ष**
**नगर पंचायत सौंख, मथुरा**


# श्रीकृष्ण जन्म सेवा दल ने आयोजित किया हनुमान मंगल पाठ

## मंगलपाठ से पूर्व पहलगाम में शहीद हुए हिंदू भाइयों के लिए रखा गया दो मिनट का मौन

**हरदोई, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** श्री हरि के प्रिय भक्त प्रहलाद की जन्म व कर्म पावन भूमि हरदोई में मंगल पाठ के अवसर अपने निरंतर एक सौ तीन वे मंगलपाठ के क्रम में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई के कई मंदिरो में एक साथ धार्मिक आयोजन कर माहौल को भक्ति मय कर दिया। आज श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री बैजनाथ धाम, श्री शिव श्याम परिवार मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री हनुमान मंदिर कमालगंज, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ, श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में हनुमान चालीसा, अष्टक व आरती कर माहौल को भक्ति पूर्ण बना दिया।

महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में श्री बैजनाथ धाम सरायथोक में बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, सुंदर कांड व आरती के साथ हनुमान जी के भजनो का गुणगान किया। इस अवसर पर जिला महिला प्रभारी विनीता पांडेय ने कहा कि पहलगाम में हिंदू परिवारों पर हमला पूरे हिंदुस्तान के हिंदुओं को चुनौती है अब भी वक्त है हमे सोई हुई अलसाई नींद से जागना होगा।इस अवसर पर शहीद हुए हिंदू भाइयो की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया

इस मौके पर महिला संगठन की संयोजक अनीता मिश्रा,पुष्पा मिश्रा,बॉबी ओमर,अलका गुप्ता, अमृता सिंह,नीलम गुप्ता, बीना त्रिपाठी, रंजना मिश्रा,अर्चना दुबे, सोनिका गुप्ता,शशि गुप्ता, रामवती देवी,सोनू गुप्ता मिंटू गुप्ता,अमृता सिंह, संगीता गुप्ता, सुमन गुप्ता, अनुराधा गुप्ता, चन्दा पांडेय, आर्या गुप्ता, मोनिका गुप्ता, विद्या पांडेय, आरती गुप्ता, राधा गुप्ता, आरती मिश्रा, रानी शुक्ला आदि बहनों समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

कांशीराम कालोनी में श्री शिव श्याम मंदिर में युवा प्रभारी संध्या श्रीवास्तव के नेतृत्व में काफी संख्या में लोगो ने मंगल पाठ में भाग किया।

महिला प्रभारी मंजू गुप्ता के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवे गंज में गायक पंकज गुप्ता एव अपूर्व गुप्ता ने सभी को हनुमान चालीसा, हनुमान अष्टक का पाठ करवाया।मंदिर पंडित रवि मिश्रा व अनिरुद्ध तिवारी ने पूजा अर्चन कराया। इस अवसर पर भजन गायक वेद प्रकाश गुप्ता राजू ने एक से बढ़कर एक भजन राम भी आना हनुमत भी आना, हनुमत संग पधारो श्री राम हमारे कीर्तन में, पकड़ लो हाथ बनवारी नहीं तो डूब जायेगे, दीननाथ मेरी बात, जब जब संकट कोई गहरा होता है आदि भजन सुना लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया इस मौके पर विजय अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, बहादुर बेटियाँ फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष रेशमा गुप्ता, नीलम जिंदल,अंशिका अग्रवाल,मुस्कान अग्रवाल,अवध राज,अक्षत गुप्ता, सचिन शुक्ला,आदित्य सिंह, मोहित शुक्ल,संदीप श्रीवास्तव, गौरव गुप्ता,शोभित गुप्ता,आस्था श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

ग्राम काईमाऊ में युवा प्रभारी सुमित तिवारी के नेतृत्व में मंगल पाठ हुआ।मल्लावां में आकाश गुप्ता व वंश कटियार के नेतृत्व में काफी संख्या में मौजूद लोगो ने सामूहिक मंगल पाठ किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
गुरूवार, 1 मई 2025
विक्रम संवत्- 2082, बैसाख शुक्ल पक्ष- चतुर्थी

# जातीय जनगणना!

केंद्र सरकार ने आम जनगणना के साथ-साथ जातिगत जनगणना कराने का निर्णय कर विपक्ष को चौका दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीपीए) की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले केंद्र सरकार की ओर से खेला गया यह बड़ा दांव हो सकता है। राहुल गांधी जातिगत जनगणना को लेकर जिस तरह लगातार आक्रामक रुख अपनाते आ रहे थे, 2029 के आम चुनाव में यह बड़ा मुद्दा बन सकता था। लेकिन केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का वादा कर कांग्रेस के हाथ से यह मुद्दा छीन लिया है। जातिगत जनगणना के मुद्दे पर सबसे अधिक मुखर रुख कांग्रेस ने ही अपनाया था। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भी पूरे देश में जातिगत जनगणना कराने की बात कही थी। बिहार में जाने के बाद भी उन्होंने अपनी इस बात को दुहराया था। कांग्रेस कर्नाटक में सत्ता में आई तो उसने वहां भी जातिगत सर्वे कराया। इस पर उसके अपने नेताओं में कुछ मतभेद अवश्य हैं, लेकिन कांग्रेस यह संदेश देने में सफल रही कि वह इस मुद्दे पर गंभीर है। वहीं, कांग्रेस की तेलंगाना सरकार ने ओबीसी समुदाय के आरक्षण में भी बढ़ोतरी कर दी है। इससे भी कांग्रेस यह संदेश देने में सफल रही है कि यदि वह केंद्र में सत्ता में आती है तो वह पूरे देश में जातिगत जनगणना कराएगी। वह जातिगत आरक्षण पर भी दबाव बनाने में सफल रही है। कांग्रेस का यह वादा तेलंगाना और कर्नाटक राज्य सरकारों के द्वारा उठाए गए कदमों के कारण जनता के बीच ज्यादा विश्वसनीयता प्राप्त कर सकता था। यदि विपक्ष इसको बड़ा मुद्दा बनाने में सफल रहता तो बिहार चुनाव के साथ-साथ आगामी आम चुनावों में इससे भाजपा को नुकसान हो सकता था। संभवतः यही कारण है कि केंद्र सरकार ने समय को भांपते हुए पहले ही जातिगत जनगणना कराने का निर्णय ले लिया। उत्तर प्रदेश को भाजपा ने गुजरात और मध्य प्रदेश के बाद अपना तीसरा सबसे मजबूत गढ़ मान लिया था। लेकिन पिछले आम चुनाव में अखिलेश यादव ने जैसे ही पीडीए के न्याय की बात की, भाजपा का किला ढह गया। कभी यूपी की 80 में 73 सीटों पर जीत हासिल करने वाली भाजपा इस चुनाव में केवल 36 सीटों पर सिमट कर रह गई। अखिलेश यादव अभी भी पीडीए के मुद्दे को पूरी मजबूती के साथ पकड़े हुए हैं। वे अभी भी इसी मुद्दे के सहारे भाजपा को यूपी के अगले विधानसभा चुनाव में पछाड़ने की रणनीति बना रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि यूपी में अपनी राजनीतिक पकड़ बनाए रखने के लिए भी भाजपा को इस मुद्दे पर आना पड़ा। भाजपा ने राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के मुद्दे से पूरे देश में जिस तरह अपनी पकड़ मजबूत किया है, विपक्ष के पास कोई दूसरा ऐसा मुद्दा नहीं दिखाई दे रहा था जिससे वह भाजपा के इस तिलिस्म को चुनौती दे सके। यही कारण है कि भाजपा लगभग अजेय होने की स्थिति में आ गई है, जबकि विपक्ष के पैर चुनाव दर चुनाव उखड़ते जा रहे थे। यही कारण है कि नब्बे के दशक का अनुभव लेते हुए कांग्रेस और विपक्ष ने जातिगत राजनीति को अपनी मुख्य रणनीति में शामिल कर लिया। भाजपा पहले ही इस बात के लिए सक्रिय हो गई है कि इस निर्णय का लाभ कांग्रेस या विपक्ष का कोई दूसरा दल न ले सके। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि विपक्ष के दल जातिगत जनगणना के मुद्दे पर केवल राजनीति करते रहे हैं। जातिगत सर्वे से सही आंकड़े नहीं मिलते हैं। भाजपा नेता ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराने से समाज की असलियत सामने आएगी और सभी वर्गों का विकास करने के लिए उचित नीतियां बनाने में मदद मिलेगी। कहा जा सकता है कि भाजपा अपनी रणनीति के साथ तैयार है और वह इसका लाभ विपक्ष को नहीं लेने देगी। लेकिन ओबीसी-एससी-एसटी जातियों का आरक्षण बढ़ाने का मुद्दा अभी भी केंद्र सरकार को परेशान कर सकता है। क्योंकि यदि वह आरक्षण सीमा को बढ़ाने की बात करती है तो इससे उसका पारंपरिक समर्थक उच्च वर्ग उससे दूर जा सकता है। ऐसे में इस मोर्चे पर निपटना केंद्र के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। भाजपा जातिगत जनगणना के पक्ष में कभी नहीं रही है। उसके नेता हमेशा उच्च जातियों की राजनीति करते रहे हैं। देखना होगा कि जातीय जनगणना देश के लिसे कितना फायदे मंद साबित होगी।

## मिली खुली छूट!

दिया फ्री हैंड ।
मिली खुली छूट ।।
कहर बन कर पाक पर ।
जाओ जल्द टूट ।।

पूर्ण हुई तैयारी ।
अब ऐक्शन की बारी ।।
क्या कुछ होने वाला ?
बढ़ी बेकरारी ।।

धीरे धीरे बेड़े अब ।
भरने लगे उड़ान ।।
होगी भारी कीमत ।
हमें भी लेनी जान ।।

है रचना इतिहास ।
दुश्मन में हड़कंप ।।
बदलेगा भूगोल ।
तय आखिर भूकंप ।।



कृष्णेन्द्र राय

## सूडोकु नवताल- 7417

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7416 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

# मजदूरों के महत्व को दर्शाता मजदूर दिवस



रमेश सर्राफ धमोरा

**मजदूर दिवस मजदूरों के महत्व को दर्शाने का एक महत्वपूर्ण उत्सव है। भारत सहित दुनिया के बहुत से देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य उस दिन मजदूरों की भलाई के लिए काम करने व मजदूरों में उनके अधिकारों के प्रति जागृति लाना होता है। मगर ऐसा हो नहीं पाया है।**

भारत में 90 फीसदी मजदूर असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं जिनको सभी सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं प्राप्त नहीं हैं। देश में श्रमिक वर्ग की संख्या संगठित व असंगठित क्षेत्र में 50 करोड़ से ज्यादा है। भारत में एक मई का दिवस सबसे पहले चेन्नई में एक मई 1923 को मद्रास दिवस के तौर पर मनाना शुरू किया गया था। इस की शुरूआत भारती मजदूर किसान पार्टी के नेता कामरेड सिंगरावेलू चेट्यार ने शुरू की थी। भारत में मद्रास के हाईकोर्ट सामने एक बड़ा प्रदर्शन किया और एक संकल्प के पास करके यह सहमति बनाई गई कि इस दिवस को भारत में भी कामगार दिवस के तौर पर मनाया जाये और इस दिन छुट्टी का ऐलान किया जाये। वर्तमान में भारत समेत लगभग 80 देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है।

मजदूर दिवस दुनिया के सभी कामगारों, श्रमिकों को समर्पित होता है। इस बार की अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 2025 में वर्ल्ड डे फॉर सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क की थीम है। स्वास्थ्य और सुरक्षा में क्रांति, कार्यस्थल पर एआई और डिजिटलाइजेशन की भूमिका। इसका मतलब है कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, वर्चुअल रियलिटी और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी नई तकनीकों का इस्तेमाल कार्यस्थल को और ज्यादा सुरक्षित और सेहतमंद बनाने में किया जाएगा। स्मार्ट हेलमेट्स, सेफ्टी सेंसर, ऑटोमेटेड मॉनिटरिंग सिस्टम ये सब भविष्य की सुरक्षा के अहम हिस्से बनेंगे। यह थीम हमें इस बात के लिए तैयार करती है कि हम तकनीक का सही इस्तेमाल करते हुए कर्मचारियों की भलाई सुनिश्चित कर सकें।

किसी भी राष्ट्र की प्रगति करने का प्रमुख भार मजदूर वर्ग के कंधों पर ही होता है। मजदूर वर्ग की कड़ी मेहनत के बल पर ही राष्ट्र तरक्की करता है। लेकिन भारत का श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। मजदूर दिवस को लेकर श्रमिक तबके में अब कोई खास उत्साह नहीं रह गया है। बढ़ती महंगाई और पारिवारिक जिम्मेदारियों ने भी मजदूरों के उत्साह का कम कर दिया है। अब मजदूर दिवस इनके लिए सिर्फ कागजी रस्म बनकर रह गया है। महात्मा गांधी ने कहा था कि किसी देश की तरक्की उस देश के कामगारों और किसानों पर निर्भर करती है। उद्योगपति खुद को मालिक समझने की बजाय अपने-आप को ट्रस्टी समझे। मगर ऐसा होता नहीं है। मालिक आज भी मालिक बने हुये हैं। मजदूर सिर्फ मजबूर होकर रह गया है।

इसी कारण भारत में मजदूरों की स्थिति बेहतर नहीं है। गुरु नानक देव जी ने भी अपने समय में किसानों, मजदूरों और कामगारों के हक में आवाज उठाई थी। गुरु नानक देव जी ने ह्यकाम करना, नाम जपना, बांट छकना और दसवंध निकालना का संदेश दिया था। गरीब मजदूर और कामगार का विनम्रता का राज स्थापित करने के लिए मनमुख से गुरमुख तक की यात्रा करने का संदेश दिया था। मजदूर एक ऐसा शब्द है जिसके बोलने में ही मजबूरी झलकती है। सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज भी सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है।

दुनिया में एक भी ऐसा देश नहीं है जहां मजदूरों की स्थिति में सुधार हो पाया है। दुनिया के सभी देशों की सरकार मजदूरों के हित के लिए बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी करती हैं मगर जब उनकी भलाई के लिए कुछ करने का समय आता है तो सभी पीछे हट जाती है। इसीलिए मजदूरों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाता है। हमारे देश के मजदूरों को न तो मालिकों द्वारा किए गए कार्य की पूरी मजदूरी दी जाती है और ना ही अन्य वांछित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है। गांव में खेती के प्रति लोगों का रुझान कम हो रहा है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने के लिए शहरों की तरफ पलायन कर जाते हैं। जहां ना उनके रहने की कोई सही व्यवस्था होती है ही उनको कोई ढ़ग का काम मिल पाता है। मगर आर्थिक कमजोरी के चलते शहरों में रहने वाले मजदूर वर्ग जैसे तैसे कर वहां अपना गुजर-बसर करते हैं।

बड़े शहरों में झोंपड़ पट्टी बस्तियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। जहां रहने वाले लोगों को कैसी विषम परिस्थितियों का सामना करता है। इसको देखने की न तो सरकार को फुर्सत है ना हीं किसी राजनीतिक दलों के नेताओं को। झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले मजदूरों को शौचालय जाने के लिए भी घंटों लाइनों में खड़ा रहना पड़ता है। झोपड़ पट्टी बस्तियों में ना रोशनी की सुविधा रहती है। ना पीने को साफ पानी मिलता है और ना ही स्वच्छ वातावरण। शहर के किसी गंदे नाले के आसपास बसने वाली झोपड़ पट्टियों में रहने वाले गरीब तबके के मजदूर कैसा नारकीय जीवन गुजारते हैं। उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है।

मगर इसको अपनी नियति मान कर पूरी मेहनत से अपने मालिकों के यहां काम करने वाले मजदूरों के प्रति मालिकों के मन में जरा भी सहानुभूति के भाव नहीं रहते हैं। उनसे 12-12 घंटे लगातार काम करवाया जाता है। घंटो धूप में खडे रहकर बड़ी बड़ी कोठियां बनाने वाले मजदूरों को एक छप्पर तक नसीब नही हो पाता है।

देश के कारखानो में काम करने वाले मजदूरो पर हर वक्त इस बात की तलवार लटकती रहती है कि ना जाने कब मालिक उनकी छटनी कर काम से हटा दे। कारखानो में कार्यरत मजदूरों से निर्धारित समय से अधिक काम लिया जाता है। विरोध करने पर काम से हटाने की धमकी दी जाती है। मजबूरी में मजदूर कारखाने के मालिक की शर्तों पर काम करने को मजबूर होता है। कारखानो में श्रम विभाग के मापदण्डो के अनुसार किसी भी तरह की कोई सुविधायें नहीं दी जाती है। कई कारखानों में तो मजदूरों से खतरनाक काम करवाया जाता है जिस कारण उनको कई प्रकार की बिमारियां लग जाती है। कारखानों में मजदूरो को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा, पीने का साफ पानी, विश्राम की सुविधा तक उपलब्ध नहीं करवायी जाती है। मालिको द्वारा निरंतर मजदूरों का शोषण किया जाता है। मगर मजदूरों के हितों की रक्षा के लिये बनी मजदूर यूनियनो को मजदूरो की बजाय मालिको की ज्यादा चिंता रहती है। हालांकि कुछ मजदूर यूनियने अपना फर्ज भी निभाती है मगर उनकी संख्या कम है।

हर बार मजदूर दिवस के अवसर पर सरकारे मजदूरो के हित की योजनाओं के बड़े-बड़े विज्ञापन जारी करती है। जिनमें मजदूरों के हितों की बहुत सी बाते लिखी होती हैं। किन्तु उनमें से अमल किसी बात पर नहीं हो पाता है। देश में सभी राजनीतिक दलों ने अपने यहां मजदूर संगठन बना रखे हैं। सभी दल दावा करते हैं कि उनका दल मजदूरो के भले के लिये काम करता है। मगर ये सिर्फ कहने सुनने में ही अच्छा लगता है हकीकत इससे कहीं उलटी हैं। मजदूर दिवस सिर्फ एक अवकाश का दिन न होकर श्रमिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके अधिकारों की रक्षा करने का दिन है।

हमारे देश का मजदूर दिन प्रतिदिन और अधिक गरीब होता जा रहा है। दिन रात रोजी-रोटी के जुगाड़ में जद्दोजहद करने वाले मजदूर को तो दो जून की रोटी मिल जाए तो मानों सब कुछ मिल गया। आजादी के इतने सालो में भले ही देश में बहुत कुछ बदल गया होगा। लेकिन मजदूरों के हालात तो आज भी नहीं बदले हैं तो फिर श्रमिक वर्ग किस लिये मजदूर दिवस मनायेगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# कमजोर हो गई मजदूर और कमेरों की लड़ाई



बाल मुकुन्द ओझा

एक मई को दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता है। यह दिन श्रमिकों, कामगारों और दिहाड़ी मजदूरों के अधिकारों और उनके योगदान को सम्मान देने के लिए समर्पित है। इस दिन देश और दुनिया में बड़ी बड़ी रैलियों के जरिये मेहनतकश लोगों के अधिकारों और उनके योगदान को याद किया जाता था तथा भविष्य के संघर्ष की रूपरेखा तैयार की जाती थी। इस दिन देश और दुनिया का यातायात ठप्प हो जाता था। जगह जगह मजदूर हाथ में अपनी यूनियन का झंडा लिए नारे लगाते दिखाई देते थे। हजारों मजदूर अपने साथ रोटी बांधकर लाते थे। जो कहीं छाँव मिलते ही खाने बैठ जाते थे। उनके नेताओं के पास बड़ी बड़ी गाड़ियां नहीं होती थी। वे साईकिल या रिक्शे पर बैठकर आते थे। कई कई किलोमीटर पैदल चलकर रैली को सम्बोधित करते थे।

भारत में आज मई दिवस पर मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ने वाले लोगों की याद बड़ी शिद्धत से आ रही है। एम एन जोशीए श्री पाद अमृत डांगेए एस एम बनर्जी, पीटर अलवारिस, भूपेश गुप्तए दता सामंत, शंकर गुहा नियोगी, जॉर्ज फर्नांडिस, दंतोपंत ठेंगड़ी सरीखे मजदूर नेताओं ने श्रमिकों की खुशहाली के लिए जीवनपर्यन्त अपना खून पसीना बहाया। आज के दिन इन सभी नेताओं को देश अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है। वह भी समय था जब इन नेताओं के एक आह्वान पर कारखानों और मिलों में ताले लग जाते। रेल के चक्के जाम हो जाते। टैक्सियों के पहिये रुक जाते। भारत बंद हो जाता।

दुनिया के मजदूरों एक होए इंकलाब जिंदाबादए जो हमसे टकराएगा मिट्टी में मिल जायेगा, चाहे जो मजबूरी हो, यह आजादी झूठी है देश की जनता भूखी है, हर जोर-जुल्म की टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है, आवाज दो हम एक हैं, जो सरकार निक्कमी है वो सरकार बदलनी है, हमारी मांगे पूरी हों जैसे आसमान को गूंजा देने वाले क्रन्तिकारी नारे अब कम ही सुनाई देते है। आज इंटक, एटकए सीटूए भारतीय मजदूर संघ और हिन्द मजदूर सभा जैसे मजदूर संगठनों का अस्तित्व बयानों तक सीमित होकर रह गया है। वह भी एक दिन था जब देश और दुनिया में मजदूरों के हक हकूकों के लिए लम्बी लड़ाई लड़ी जाती थी। दुनिया के मजदूरों एक हो के नारे से समस्त संसार गूँज उठता था। मगर मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई आज मुठी भर संगठनों के प्रदर्शनों में दबकर रह गई है। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस को श्रमिक दिवस भी कहा जाता है। यह हर साल 1 मई को दुनिया भर में मजदूरों और कामगारों के योगदान और उनके अधिकारों के सम्मान में मनाया जाता है। श्रमिक हमारे समाज का महत्वपूर्ण अंग है। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 2024 की थीम सामाजिक न्याय और सभी के लिए सभ्य कार्य रखी गई है। इसके अलावा भी कई बिंदुओं को रखा गया है। इस थीम का उद्देश है मजदूरों की गरिमा का ख्याल रखना और उन्हें शांतिपूर्ण कामकाजी वातावरण प्रदान करना। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पूरे विश्व में 1 मई को मनाया जाता है। मजदूर हमारे समाज का वह तबका है जिस पर समस्त आर्थिक उन्नति टिकी होती है। वह मानवीय श्रम का सबसे आदर्श उदाहरण है। आज के मशीनी युग में भी उसकी महत्ता कम नहीं हुई है।

उद्योग, व्यापार, कृषि, भवन निर्माण, पुल एवं सड़कों का निर्माण आदि समस्त क्रियाकलापों में मजदूरों के श्रम का योगदान महत्त्वपूर्ण होता है। मजदूर अपना श्रम बेचता है। बदले में वह न्यूनतम मजदूरी प्राप्त करता है। उसका जीवन-यापन दैनिक मजदूरी के आधार पर होता है। जब तक वह काम कर पाने में सक्षम होता है तब तक उसका गुजारा होता रहता है। जिस दिन वह अशक्त होकर काम छोड़ देता है, उस दिन से वह दूसरों पर निर्भर हो जाता है। भारत में कम से कम असंगिठत क्षेत्र के मजदूरों की तो यही स्थिति है। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की न केवल मजदूरी कम होती हैए अपितु उन्हें किसी भी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा भी प्राप्त नहीं होती।

महात्मा गांधी ने कहा था कि किसी देश की तरक्की उस देश के कामगारों और किसानों पर निर्भर करती है। उद्योगपति स्वय को मालिक या प्रबंधक समझने की बजाय अपने-आप को ट्रस्टी समझे।

आजादी के बाद देश ने विज्ञान, कृषि, उद्योग, सूचना प्राद्योगिकीए तकनीक सहित अनेक क्षेत्रो में तरक्की की लेकिन इस तरक्की से कौसो दूर रहे मजदूर वर्ग को जीवन यापन के लिए आज भी कड़ी मशक्क्त से गुजरना पड़ता है। देश के विकास में मजदूर वर्ग का एक बड़ा योगदान होने के बावजूद भी मजदूर वर्ग की निजी जिंदगियाँ विकास से अछूती रही हैं। दुनियां के मजदूरों एक हो का नारा हमने बुलंद किया। अनेक श्रम कानून बनाकर मजदूर वर्ग के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। संगठित क्षेत्रों में मजदूरों को इसका लाभ भी मिला मगर असंगठित क्षेत्र के मजदूर आज भी रोटी कपडा और मकान के लिए तरस रहे है। आजादी के 76 वर्षों के बाद भी हम कामगारों को न्याय नहीं दिला पाए है। मगर असंगठित क्षेत्र के मजदूर आज भी अपने हकों से मरहूम है। आज उनके लिए फर्नांडीज एगोपालन या ठेंगड़ी जैसा नेता नहीं है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# बयानों से बचें, राजनीतिक सहमति कायम रखें



ललित गर्ग

पहलगाम की बर्बर आतंकी घटना ने भारत की आत्मा पर सीधा हमला किया है, इसमें पाकिस्तान की स्पष्ट भूमिका को देखते हुए देश की एक सौ चालीस करोड जनता चाहती है कि अब पाकिस्तान को सबक सीखाना जरूरी हो गया है, नरेन्द्र मोदी सरकार ने भी इसे गंभीरता से लिया और पाकिस्तान के खिलाफ कठोर एक्शन लेते हुए सिंधु जल को रोकने जैसे पांच कदम उठाये।

दोनों ही देशों के बीच युद्ध की स्थिति बनी है, यह पहली बार देखने को मिला है कि इस घटना को लेकर कश्मीर सहित समूचा देश एक दिखाई दे रहा है। ऐसे क्रूर, आतंकी एवं अमानवीय हमले के वक्त में पूरा देश दुख और गुस्से की मनःस्थिति से गुजर रहा है, जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने शांति और सांप्रदायिक सद्भाव का एक सशक्त संदेश दिया है।

सभी राजनीतिक दल, जाति, वर्ग, धर्म के लोग पाकिस्तान को करारा जबाव देने के लिये मोदी सरकार के हर निर्णय में सहयोगी होने का संकल्प व्यक्त किया है, बावजूद इसके कुछ नेताओं के ओछे, बेतुके एवं अराष्ट्रीय बयान भी सामने आए हैं, जिनको सुनकर इन नेताओं के मानसिक दिवालियेपन, औछेपन एवं विध्वंसक राजनीतिक सोच पर क्रोध भी आता है एवं तरस भी आता है। निश्चित ही ये बयान जहां अंधविरोध की घोर नकारात्मक एवं संकीर्ण राजनीति को दर्शाते है, वहीं कुछ वोट बैंक की सस्ती राजनीति को उजागर करते हैं। भाजपा नेताओं को भी यह ध्यान रखना होगा कि उनकी ओर से ऐसा कुछ न कहा-किया जाए, जिससे यह लगे कि वे पहलगाम की घटना का राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। जब राष्ट्र संकट एवं जटिल दौर में हो, किसी का राजनीतिक हित देशहित से बड़ा नहीं हो सकता।

अनर्गल, बेतुके एवं राष्ट्र-विरोधी बयानों ने एक बार फिर कुछ नेताओं एवं दलों की घटिया सोच को बेनकाब किया है। जबकि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने पहलगाम की बर्बर आतंकी घटना पर अपने नेताओं के बेतुके बयानों का संज्ञान लिया और यह निर्देश दिया कि वे इस हमले पर पार्टी लाइन के हिसाब से ही बोलें। ऐसे निर्देश देना इसलिए आवश्यक हो गया था, क्योंकि उसके कई बड़े नेता और यहां तक कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री भी बेलगाम होकर यह कह गए कि हम युद्ध के पक्ष में नहीं।

वहीं के एक मंत्री एवं नेता ने तो कहा कि आतंकियों के पास इतना समय कहां होता है कि वह किसी को मारने से पहले उसका धर्म पूछें। इसी तरह का बयान महाराष्ट्र के कांग्रेस विधायक ने भी दिया। हद तो यह हो गई कि जब यह भी बोला गया कि जो महिला कह रही है कि उसके पति को मारने से पहले उनसे उनका धर्म पूछा गया, उसने अपना होशोहवास खो दिया होगा। एक अन्य कांग्रेस नेता ने यह बेतुकी बात कही कि पाकिस्तान भाजपा और आरएसएस का दुश्मन होगा, कांग्रेस का नहीं? ऐसे बयान केवल संवेदनहीन और पहलगाम हमले से क्षुब्ध देशवासियों का खून खौलाने वाले ही नहीं, आतंक को खाद-पानी देने वालों के मन की मुराद पूरी करने वाले भी हैं।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने अपने विवादित बयान में कहा कि इस घटना से किसे फायदा हो रहा है और कौन हिंदू-मुस्लिम कर रहा है इसका जवाब हमला करने वाले के पास ही है। टिकैत ने जोर देकर कहा कि असली चोर पाकिस्तान में नहीं बल्कि भारत में ही मौजूद है। टिकैत अपने औछे, घटिया एवं उच्छृंखल बयान के साथ यह उदाहरण भी दिया कि जब गांव में किसी की हत्या होती है, तो पुलिस सबसे पहले उसे पकड़ती है, जिसे जमीन मिलने जैसा फायदा होता है। पाकिस्तान के लिये पानी रोकने के निर्णय पर उनका यह कहना कि पानी पर सभी जीव-जंतुओं का अधिकार है, यह सबको मिलना चाहिए। ऐसा कहकर उन्होंने भारत-विरोधी विचार ही दिया है। बिजनसमैन एवं गांधी परिवार के जवाई रॉबर्ट वाड्रा के पहलगाम हमले पर विचार भले ही चौतरफा आलोचना के बाद बदल गए हैं। लेकिन उन्होंने भी इस आतंकवादी हमले के लिए मोदी सरकार और हिंदुत्व को जिम्मेदार ठहराया था। राष्ट्रीय हितों पर चोट करने और देश की एकजुटता को प्रभावित करने वाले ये बयान यही नहीं बताते कि राजनीतिक कटुता के चलते नेतागण संवेदनशील मामलों में भी बोलते समय अपने विवेक का परित्याग कर देते हैं, बल्कि यह भी इंगित करते हैं कि उन्हें राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर भी पार्टी लाइन की कोई परवाह नहीं रहती। उनके लिये पार्टी देश से ज्यादा महत्वपूर्ण है। इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है, जिन भी दलों के नेता पहलगाम की घटना पर अनर्गल बयान दे रहे हैं और जिसके चलते सर्वदलीय बैठक में बनी सहमति आहत हो रही है, उन पर लगाम लगे। पहलगाम आतंकी हमला पहला मौका है, जब विपक्ष 'किसी भी जवाबी कार्रवाई' के लिए मोदी सरकार के साथ खड़ा दिख रहा है। उड़ी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा हमले के बाद एयर स्ट्राइक के सुबूत मांगने वाले विपक्ष के रुख में यह बड़ा बदलाव है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## मजदूर (मजूर) दिवस..


हाल क्या कहे मजूर , विचारिए मेरे हुजूर ;
विकास जिसके दम पे है, विकास से वो मीलों दूर ।

समाज काम सब करे,
शीत वर्षा धूप सहे ;
परिवार तब भी भूखा हो,
निज वेदना को का कहे ?

अहम हिस्सा समाज के, विकास धुरी समाज के ;
कार्य ये अधिक करे, ना पाये मान समाज से ।

कृषि उद्योग निर्माण हो,
या कोई क्षेत्र समाज हो ;
सुरक्षा है कहीं नहीं,
समय अधिक 'पे' है 'लो' ।

मजदूर दिवस मना रहे, या फर्ज.सिर्फ निभा रहे ;
दशा जो उसकी ना बनी, 'बेचारा' वो बना रहे ।



एडवोकेट सुनील श्रीवास्तव 'बेचारा'

## आज का राशिफल

**मेष** - अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**वृष** - नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा।

**मिथुन** - दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे।

**कर्क** - कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**सिंह** - प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कन्या** - स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है।

**तुला** - नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें।

**वृश्चिक** - जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**धनु** - कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मकर** - बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कुम्भ** - सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**मीन** - धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। इच्छित कार्य सफल होंगे।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# सड़कों पर ना दिखाई दें निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों में करें संरक्षित : डीएम

- एक्शन में आए नए डीएम बोले, जमीनी स्तर पर दिखाई दे मुख्यमंत्री की मंशा
- गो आश्रय स्थलों में गर्मी, धूप से बचाव की हो पूरी व्यवस्था, हरा चारा, पानी भी रहे पर्याप्त उपलब्ध

**बरेली, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में शुमार गोवंश संरक्षण को लेकर डीएम अविनाश सिंह ने बुधवार को कड़े निर्देश जारी किए।

कहा की निराश्रित गोवंश सड़कों पर दिखाई ना दें। हर हाल में जनपद के शत-प्रतिशत निराश्रित गोवंशीय पशुओं को आश्रय स्थलों में संरक्षित कर दिया जाए। नगर निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत और ब्लॉक स्तर पर तत्काल टीम बनाकर निराश्रित गोवंशों को पड़कर गौशालाओं में संरक्षित किया जाए।

चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कहीं भी निराश्रित गोवंश घूमते दिखाई दिए या किसी गोवंश से दुर्घटना को लेकर जानकारी मिली तो जिम्मेदार अफसर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद के विभिन्न इलाकों से आ रही शिकायतों को ध्यान में रखते हुए यह निर्देश जारी किए जा रहे हैं। दरअसल, कुछ किसानों ने अपनी फसलों के नुकसान और सड़क पर हादसों को लेकर शिकायत की है।

डीएम ने किसानो की समस्याओं के समाधान को सड़कों से निराश्रित गोवंश पकड़कर गौशालाओं में भेजने के निर्देश दिए। साथ ही डीएम ने गौशालाओं में गोवंशों के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं रखने को भी कहा है। गर्मी और धूप को देखते हुए गौशालाओं में बेहतर व्यवस्थाएं बनाए रखने के साथ ही पानी और हरे चारे की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

## ईओ शेरगढ़ से स्पष्टीकरण तलब

नगर पंचायत शेरगढ़ में सड़क पर घूम रहे निराश्रित गोवंश से हुए हादसे में किसान की मौत की जानकारी पर डीएम अविनाश सिंह ने एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह को अधिशासी अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए हैं। साथ ही भविष्य में दोबारा ऐसी घटना होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। जनपद में कहीं भी इस तरह की घटना होने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी जारी की गई है।



## सेवानिवृत्त होने पर एडीजी जोन ने किया सम्मानित

**बरेली, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** बुधवार को अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन रमित शर्मा द्वारा जोन कार्यालय में कार्यरत श्री रामपाल अर्दली एवं जनपद बदायूं में कार्यरत सूरज (माली) के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित विदाई समारोह में पुष्प माला पहनाकर एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। रामपाल उत्तर प्रदेश पुलिस में वर्ष 1995 में अर्दली के पद पर जनपद बरेली में भर्ती हुये थे। रामपाल वर्ष 2012 तक परिक्षेत्र कार्यालय, बरेली में कार्यरत रहे जिसके उपरान्त बरेली जोन कार्यालय में कार्यरत रहे। रामपाल जनपद बरेली के ग्राम शहवाजपुर, थाना भुता के मूल निवासी है ।

# जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनी जनसमस्याएं

## समस्याओं का ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के दिए निर्देश

**बरेली, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बुधवार को प्रत्येक दिन की तरह कलेक्ट्रेट कार्यालय में आम आदमी की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। जन समस्याओं को समस्त सम्बंधित अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं को सुनकर शत प्रतिशत उनका निराकरण किया जाए। जनसुनवाई के दौरान कहा कि जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर निस्तारण कराएं।



उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान जो भी शिकायतें आ रही है उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं और शिकायतकर्ता निस्तारण से संतुष्ट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी आम आदमी को शिकायत लेकर डोर टू डोर भटकना न पड़े। निर्देश दिए कि सभी अफसर 10 से 12 बजे तक अपने-अपने कार्यालय में जनसुनवाई करेंगे।

# सीआईएससीई दसवीं का परिणाम देखकर बच्चों के खिले चेहरे

**पीलीभीत , 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** आज काउंसिल आफ इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन सी. आई. एस. सी. ई. बोर्ड की 10वीं एवं 12वीं परीक्षा का परिणाम आया सुबह से छात्रों के दिलों की धड़कनें बड़ी हुई थी सभी विद्यार्थी बहुत नर्वस थे विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के चेहरे पर चिंता के बादल छाए हुए थे गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल का यह पहला आई एस सी ई बोर्ड परीक्षा का परिणाम हैं। गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल की आई एस सी ई बोर्ड परीक्षा के लिये 38 छात्र-छात्राओं का पंजीकरण किया गया था जिसमें सभी 38 छात्र छात्राएं उत्तीर्ण है विद्यालय का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं की का रिजल्ट 74 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं की छात्रा



वैशाली शर्मा जिले में पहला व मंडल में 6वाँ स्थान 96.2% के अंकों के साथ प्राप्त किया।

आर्यन जैसवाल ने 88.8% के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दिया राजपूत 88% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। अरीवा बी ने 86.8% के साथ चौथे स्थान पर रही। सिद्धी सिंह देशवार 86% के साथ पांचवी स्थान पर रही। प्रातःकाल सुबह सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने ईश्वर से शत- प्रतिशत परिणाम आने की प्रार्थना की। सुबह 11:00 बजे जैसे ही परीक्षा का परिणाम आया सभी विद्यार्थी खुशी से झूम उठे। सभी छात्र एवं छात्राएं अपने परीक्षा परिणाम को देखकर अत्यधिक हर्षित हुए। सभी ने एक- दूसरे को बधाई दी ,सभी के चेहरे पर एक अलग सी चमक थी कुछ तो खुशी के मारे रोने लगे। इस खुशी के मौके पर विद्यालय की संरक्षिका डॉ. सोनिया गोस्वामी ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि आपका परीक्षाओं का परिणाम वास्तव में आपका परिश्रम का परिणाम होता है आप सभी अपने जीवन की प्रत्येक परीक्षा में सफल हो । विद्यालय के प्रबंधक निशांत गोस्वामी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करें और जैसे आपने इस परीक्षा को अच्छे अंकों से पास किया है ऐसे ही जीवन की प्रत्येक परीक्षा को सफलता को प्राप्त करें जीवन भी एक परीक्षा है परीक्षाओं से घबराना नहीं चाहिए ।परीक्षा का परिणाम वह आईना है जिसमें हमारा परिश्रम दिखता है परिश्रम के बल से हम बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त कर सकते हैं ।

# जिलाधिकारी ने ग्राम पूरनपुर में शौचालय का किया निरीक्षण



**बिजनौर , 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा औचक रूप से ब्लॉक हल्दौर के ग्राम पूरनपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय, पंचायत भवन तथा सामुदायिक शौचालय का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नायब तहसीलदार मोहम्मद फैसल, सदर एडीओ पंचायत राकेश कुमार, पंचायत सेक्रेटरी नईम अहमद सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

श्रीमती कौर ने सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय का मुआयना किया गया, निरीक्षण से पूर्व बच्चों की छुट्टी हो गई थी जबकि स्टाफ मौजूद मिला। विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा बताया गया की स्कूल का शौचालय जर्जर अवस्था में है जिस पर जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने मौके पर उपस्थित एडीओ पंचायत राकेश कुमार को निर्देश दिए कि स्कूल में शौचालय का निर्माण करवाना सुनिश्चित करें।

पंचायत घर का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने परिवार रजिस्टर, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र रजिस्टर तथा परिवार रजिस्टर का बारीकी से अवलोकन किया तथा जाति एवं आय प्रमाण पत्र जारी कराने की प्रक्रिया के बारे में पंचायत सहायिका से जानकारी प्राप्त की। जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र रजिस्टर अपडेट न पाए जाने पर उन्होंने निर्देश दिए कि तत्काल इसको निर्धारित मानकों के अनुसार पूरा करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि जैसे ही बच्चा पैदा हो अस्पताल से उपलब्ध कराए गए सर्टिफिकेट के आधार पर निर्धारित रजिस्टर में उसका अंकन करते हुए जन्म प्रमाण पत्र जारी करें। उन्होंने पंचायत सेक्रेटरी को निर्देशित किया कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र रजिस्टर को अपडेट कराने में पंचायत सहायक हरप्रीत कौर की सहायता करें।

पंचायत घर के बराबर में स्थित सामुदायिक शौचालय का भी निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था सही पाई गई परंतु दिव्यांग शौचालय में रैम्प और हैंडल न पाए जाने पर उन्होंने एडीओ पंचायत को निर्देशित किया कि तत्काल सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा महिला शौचालय में डस्टबिन भी अनिवार्य रूप से रखवाएं।

## बाबा साहब-अखिलेश के पोस्टर पर घिरी सपा, भाजपा का प्रदर्शन



**बरेली, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** बाबा साहब की आधी तस्वीर और अखिलेश यादव की आधी तस्वीर को लगाकर समाजवादी पार्टी ने पोस्टर जारी किया था। पोस्टर को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने सपा को घेरना शुरू कर दिया है। बुधवार को अंबेडकर पार्क में भाजपा ने समाजवादी पार्टी के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। बाबा साहब के साथ अखिलेश यादव की तस्वीर को दलितों का अपमान बताया। क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा कि बाबा साहब की आधी तस्वीर के साथ सपा मुखिया अखिलेश यादव की तस्वीर को जोड़ना घोर पाप है। भारतीय जनता पार्टी इसको किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। शाक्य ने कहा सपा सरकार में बार-बार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया गया। जबकि भाजपा बाबा साहब को सबसे अधिक सम्मान देने वाली पार्टी है। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, एससी- एसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया, गुलशन आनंद, बंटी ठाकुर, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## नि:शुल्क दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित

**बिजनौर , 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** रेड क्रॉस सोसाइटी दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जनपद बिजनौर द्वारा दिनांक 8 मई को इंदिरा बाल भवन में दिव्यांगों की सहायतार्थ एक सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है शिविर में एडिप के माध्यम से दिव्यांगजनों सहायक उपकरण जैसे कृत्रिम पैर, कृत्रिम हाथ, सुनने की मशीन, ट्राई साइकिल आदि हेतु चयन उपरांत वितरित किये जायेंगे। यह जानकारी देते हुए रेडक्रास सोसायटी के मिडिया प्रभारी योगेन्द्र पाल सिंह योगी ने बताया यह कैम्प प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक रहेगा। कैम्प का उद्घाटन जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा किया जायेगा।अधिक जानकारी एवं पंजीकरण हेतु मो नम्बर 8445615005 पर सम्पर्क करें।

## पांच साल की मासूम बच्ची से दरिंदगी, हालत गंभीर

**पीलीभीत, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** न्यूरिया थाना क्षेत्र में एक पांच वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना के बाद बच्ची की हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सक उसका उपचार कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। लेकिन घटना के बाद आरोपी फरार है। न्यूरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में कल मंगलवार की शाम 5 साल की एक मासूम बच्ची पास की ही किराने की दुकान पर कुछ सामान लेने गई थी। आरोप है कि गांव के ही रहने वाले 20 वर्षीय वीरपाल उर्फ कलुआ ने मासूम बच्ची को वापस आते समय रास्ते से उठा लिया और उसे सुनसान पुलिया में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद खून से लहूलुहान बच्ची रोते हुए अपने घर पहुंची और बदहवास अवस्था में परिजनों को पूरे मामले की जानकारी दी। घटना के बाद परिजन मासूम बच्ची को थाने लेकर पहुंचे। जहां बच्ची को गंभीर देखते हुए उसे इलाज व मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की जानकारी मिलने का बाद पुलिस के कई अधिकारी बच्ची के परिजनों से बातचीत करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। आरोपी की दरिंदगी का शिकार हुई मासूम बच्ची का उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

## पानी की टंकी निर्माण कार्य करते समय श्रमिक की मौत

**फिरोजाबाद, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** थाना रामगढ़ क्षेत्र के नेपई मैं पानी की टंकी निर्माण करते समय एक श्रमिक बीमार हो गया जिसे उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आये जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया शव को पोस्टमार्टम ग्रह में रखवा दिया बिहार राज्य के मुजफ्फरपुर निवासी 51 वर्षीय विमल महतो पुत्र जगदीश महतो मिर्धा बिजनेस कंपनी में कार्यकर्ता था। मिर्धा बिजनेस कंपनी पानी की टंकी बनाने का कार्य करती है।

## बृद्धावस्था पेंशन के सत्यापन में तेजी लाये सभी अधिकारी-डीएम

**फिरोजाबाद, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने सभी उप जिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों सहित अधिशासी अधिकारियों को सख्त शब्दों में निर्देशित किया है कि वृद्धावस्था पेंशन की सत्यापन में तेजी लाएं

उन्होंने कहा अभी तक जिलें में केवल 41.96 प्रतिशत ही सत्यापन हुआ है, शासन के निर्देश है, कि ग्रामीण क्षेत्रों के लाभार्थियों हेतु संबंधित खंड विकास अधिकारी एवं शहरी क्षेत्र के लाभार्थियों हेतु जिलाधिकारी द्वारा नामित संबंधित उप जिलाधिकारी या अधिशासी अधिकारी सत्यापन का कार्य करेंगे, जैसा कि विदित है, कि वृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के ऐसे समस्त वृद्धजन जिनकी आय सीमा ग्रामीण क्षेत्र में रुपए 46080 एवं शहरी क्षेत्र में रुपए 56460 तक होती है।

पेंशन योजना अंतर्गत पात्र होंगे, इस योजना अंतर्गत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजनों को रुपए 1000 प्रतिमाह चार त्रैमासिक किस्तों में पेंशन की धनराशि प्रदान किए जाने की व्यवस्था की गई है।

# मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित छात्राओं के आंखों से छलके खुशी के आंसू

**रिठौरा-बरेली, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** नगर के दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज में बुधवार को यूपी बोर्ड की परीक्षा में विद्यालय टाप करने वाली हाईस्कूल की छात्रा जैनव जहां 88.83 प्रतिशत, अंक लाकर कालेज टाप किया है। वहीं पल्लवी ने 82.67? प्रतिशत अंक पाकर दूसरा स्थान पाया है।

मरियम ने 81 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान पाया है। वहीं बारहवीं कक्षा में विज्ञान वर्ग की कुमारी निधि ने 80.6प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान पाया है। निधि ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री माता रानी राठौर पिता राजा राम एवं शिक्षकों को दिया है। कृषि वर्ग में बारहवीं के छात्र रजत गंगवार ने 81.10 प्रतिशत पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं अवनीश यादव ने 80.9प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। कला वर्ग में अनिल कुमार ने 78.6 प्रतिशत अंक पाकर अपने परिजनों एवं कालेज का मान बढ़ाया है। सभी मेधावियों को प्रबंधक सुबोध कुमार, प्रधानाचार्य आशीष कुमार सिंह ने ग्यारह -ग्यारह सौ रुपए की धनराशि के चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इस दौरान डॉ हरमीत सिंह, शिक्षक राजपाल, कुसुम गंगवार, रघुवीर सरन, डॉ राजेश कुमार गंगवार, लोकेश कुमार, रमेश कुमार, राघवेंद्र कुमार, अतुल मौर्या, राजेश गंगवार पीटीआई, राजेश द्विवेदी, गिरिजेश बाला, सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।



## उर्स-ए-ताजुश्शरिया : नीट व इंजीनियरिंग के होनहार छात्रों को मुफ्त कोचिंग

**बरेली, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** सातवें दो रोजा उर्स-ए-ताजुश्शरिया के मौके पर जहां एक तरफ विभिन्न मजहबी कार्यक्रम परचम कुशाई, तकरीर उलेमा-ए-इकराम, कॉन्फ्रेंस व कुल शरीफ काजी ए हिंदुस्तान जानशीन ए हुजूर ताजुशरिया असजद रजा खान (असजद मिया) की सरपरस्ती में रस्म अदा होगी। वहीं दूसरी तरफ सामाजिक कार्य भी किए जायेंगे। जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव व आला हजरत ताजुश्शरिया सोसाइटी के संस्थापक फरमान हसन खान (फरमान मियां) ने बताया कि रजा नगरी बरेली की पहचान पूरी दुनिया में इल्म की बुनियाद पर है। आला हजरत,मुफ्ती ए आजम और ताजुश्शरिया के अलावा खानदान के बुजुर्गों ने दुनिया भर में इल्म की शमा को रौशन किया। इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए हर साल की तरह इस साल भी दरगाह की ओर से ऐसे होनहार छात्र जो अपने परिवार की आर्थिक स्थिति की वजह से कोचिंग क्लास नहीं ले पाते है उनके लिए जमात रजा ए मुस्तफा व आला हजरत ताजुशरीह सोसाइटी द्वारा मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था की गई है। फरमान मियां ने कहा कि हमारा मिशन है कि बच्चे पढ़-लिख कर समाज की मुख्यधारा से जुड़े। मुफ्ती, आलिम, हाफि ज के साथ-साथ इंजिनियर और डॉक्टर बनकर अपने परिवार का नाम रौशन करे उन्होंने कहा रजा नगरी की पहचान दुनिया भर में ज्ञान और इल्म की रोशनी से है नीट व इंजीनियरिंग की कोचिंग के साथ साथ कक्षा 6 से 12 तक के यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आइसीएससी बोर्ड के हिंदी व अंग्रेजी माध्यम के होनहार और जरूरतमंद छात्रों के लिए राजेंद्र नगर जनकपुरी की डेल्टा क्लासेज कोचिंग में व्यवस्था की गई है 01 मई से 08 मई तक इच्छुक छात्र राजेंद्र नगर की डेल्टा क्लासेज में सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक रजिस्ट्रेशन करा ले। बता दे इससे पहले भी बड़ी संख्या में नीट व इंजीनियरिंग के छात्र छत्राओ को कोचिंग करायी जाती रही है, जिसमे अधिक संख्या में विद्यार्थी सेलेक्ट हुए सरकारी मेडिकल कॉलेजों मे चयनित हो चुके है। कोचिंग क्लास के लिए 7060100361 पर संपर्क कर सकते है। इस मौके पर मुख्य रूप से मोईन खान शमीम अहमद, हाफिज इकराम, जफर बेग आदि लोग मौजूद रहे ।

# डीएम ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना को गति देने के मकसद से की बैठक

## गरीब लोगों को रोजगार शुरू करने को आर्थिक मदद प्रदान करने की यह सरकार की महत्वपूर्ण योजना, बैंक लें रुझान

**बरेली, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना को गति देने के संबंध में बैंकर्स के साथ कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में जनपद का लक्ष्य 2700 का है, जिसके सापेक्ष 595 पत्रावलियां डिस्बर्स होने के लिए तैयार हैं। 1502 पत्रावलियां विभिन्न बैंकों में प्रक्रिया में है। बताया कि जनपद की समस्त तहसीलों में कैंप लगाया गया था और लोगों को मोटिवेट कर आवेदन कराए गए थे। कैम्पों के माध्यम से प्राप्त 360 आवेदनों के सापेक्ष मात्र 120 लाभार्थियों को ही ऋण वितरण हुआ है जबकि 15 दिन का समय व्यतीत हो चुका है। जिस पर जिलाधिकारी ने उक्त प्राप्त आवेदनों को तीन दिन में निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मेगा ऋण वितरण मेला आयोजित कर स्वीकृत ऋणों का वितरण कराया जाये, इसके लिए एक तिथि निर्धारित कर ली जाए। बैठक में बैंकवार ऋण स्वीकृति हेतु आवेदन व ऋण वितरण हेतु आवेदनों की संख्या बताते हुए अति शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने बैंकर्स से उनके समक्ष आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली। बैंकर्स ने बताया कि अभिलेख पूर्ण नहीं होते हैं, जिस कारण दिक्कत आती है। कोटेशन आदि की समस्या रहती है। बैठक में अवगत कराया गया कि एक्सीस बैंक द्वारा एक भी फाइल स्वीकृति नहीं की गयी है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह गरीब लोगों को रोजगार शुरू करने के लिये सरकार की ओर से एक छोटी आर्थिक मद्द है यह सामाजिक हित का कार्य है।




जबकि बैंक को सरकार सीधे ब्याज दे रही है ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में रिजेक्शन होना उचित नहीं है। कस्टमर आपसे एप्रोच करें यह अपेक्षा ना करें आप स्वयं उनसे सम्पर्क करें। बैठक में अग्रणी बैंक प्रबन्धक द्वारा जानकारी दी गयी कि यदि किसी को बिजनेस बढ़ाने के लिए भी लोन की आवश्यकता है तो स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। तहसील बहेड़ी का ऋण बरेली में और बरेली में बहेड़ी का ऋण स्वीकृति किया जा सकता है, इसमें कोई समस्या नहीं है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, उपायुक्त उद्योग, अग्रणी बैंक प्रबन्धक सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भाजपा का सपा के खिलाफ बाबा साहब की मूर्ति पर प्रदर्शन




हापुड़, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)। भारतीय जनता पार्टी जिला हापुड़ ने आज जिलाध्यक्ष नरेश तोमर के नेतृत्व में उस फोटो के खिलाफ बाबा साहब की प्रतिमा पर जाकर प्रदर्शन किया जिस फोटो में समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को बाबा साहब के समान बताया गया है।

जिलाध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि बाबा साहब जैसी महान हस्ती का इस प्रकार मजाक उड़ाना यह भारतीय जनता पार्टी व देश की जनता को कतई बर्दाश्त नहीं है समाजवादी पार्टी ने अपने मुखिया अखिलेश यादव की तुलना बाबा साहब से सीधे तौर पर कर दी है जबकि इस संसार में बाबा साहब के बराबरी कोई व्यक्ति नहीं कर सकता है समाजवादी पार्टी के मुखिया को इस कृत्य के लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए और जीवन में कभी ऐसा कार्य नहीं करेंगे इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नरेश तोमर जिला महामंत्री राजीव सिरोही, मोहन सिंह, पुनीत गोयल, सतीश सिंघल, हेमंत त्यागी, प्रवीण कुमार, सुनील वर्मा, अशोक शर्मा, भूपेंद्र सिंह, मनोज गौतम, सुभाष प्रधान, अलका निम, जय भगवान शर्मा, सोनू गर्ग, पंकज सक्सेना, कैलाश वर्मा व जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ समिति अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मंत्री की बेटी के शादी समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

सहारनपुर, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)। औद्योगिक विकास सांसद कार्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी की बेटी आकृति आर्य की आज सहारनपुर में शादी थी यह समारोह अंबाला रोड स्थित केडी रिजॉर्ट सरसावा में आयोजित किया गया था। समारोह में आज जहां हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आकर वर वधु को अपना आशीर्वाद प्रदान किया , वहीं उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना समेत अनेक वीवीआईपी व वीआईपी लोगो ने समारोह में पहुंचकर वर वधु को अपना आशीर्वाद प्रदान किया । इस दौरान पूरे जनपद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही चारों ओर से वीआईपी आगमन को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा की गई थी।

# बाल विवाह रोकथाम को जागरूकता गोष्ठी आयोजित

मैनपुरी, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)। बाल-विवाह रोकथाम हेतु आयोजित जागरूकता गोष्ठी में जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बाल-विवाह रोकथाम संबंधी शपथ दिलाने के उपरांत कहा कि शिक्षा ही वह हथियार है, जिससे समाज की अधिकांश कुरीतियों को दूर किया जा सकता है, इसलिए समाज में फैली बाल-विवाह जैसी कुःप्रथा को रोकने के लिए बेटियों का शिक्षित होना बेहद आवश्यक है।

उन्होने कहा कि विकास, शिक्षा एक दूसरे के पूरक हैं, शहरी क्षेत्र में बालिकाओं की शिक्षा के साथ समाज में फैली कुरीतियां लगभग समाप्त हो चुकी हैं, अभी ग्रामीण अंचलों में जहां शिक्षा, विकास का प्रसार कम है, वहां सजगता, जागरूकता की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि जैसे-जैसे




बालिकाएं शिक्षित हो रही हैं, वैसे-वैसे वह स्वाभलम्बिता की ओर अग्रसर हो रही है, इसका भी स्वाभाविक परिणाम है कि स्वतः ही न्यूनतम आयु बढ़ती जा रही है। उन्होने कहा कि यदि इस कुरीति पर प्रहार करना है तो सबसे पहले हमें शिक्षा का दामन पकड़ना होगा, हमें विशेषकर महिलाओं की शिक्षा पर कार्य करने की आवश्यकता है, यदि बालिका शिक्षित होगी, उसके अंदर ज्ञान का प्रसार होगा, उसको समाज, विभिन्न स्थानों की जानकारी होगी तो वह स्वयं बाल विवाह की कुःप्रथा का विरोध करेगी यदि उसकी माता शिक्षित होगी तो ऐसा होने नहीं देगी। उन्होने कहा कि केन्द्र-प्रदेश सरकार महिलाओं, बालिकाओं के उत्थान के लिए तमाम योजनाएं संचालित की हैं, आज बेटियां परिवार पर बोझ नहीं, शिक्षा, सुरक्षा से लेकर बेटी के हाथ पीले करने तक की जिम्मेदारी सरकार ने अपने ऊपर ली है।

सदस्य महिला आयोग मीना कुमारी ने कहा कि अभी भी समाज में कुछ कुरीतियां बाकी हैं, जिसमें से बाल विवाह भी चुनौती के रूप में हम सबके सामने है, बाल विवाह की समस्या शहरी क्षेत्र से लगभग समाप्त हो चुकी है लेकिन अभी शिक्षा के आभाव में ग्रामीण क्षेत्र में बाल विवाह की कुछ घटनाएं सामने आती हैं, जिसे रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास, पुलिस विभाग निरतंर प्रयासरत हैं। उन्होने गोष्ठी में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का आव्हान करते हुये कहा कि आप ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे बच्चों के साथ गर्भवती, धात्री महिलाओं, किशोरियों की बेहतर देखभाल कर रही हैं, आप सब बाल विवाह जैसी कुःप्रथा को रोकने में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें।

# महिला आयोग सदस्य मनीषा अहलावत ने हापुड़ में की जनसुनवाई

हापुड़, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)। आज उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के सदस्य मनीषा अहलावत की अध्यक्षता में मेरठ रोड स्थित सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस सभागार में महिला जनसुनवाई का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनपद में हिंसा से पीड़ित 15



महिलाओं की जनसुनवाई की गई। शिकायतों में पारिवारिक विवाद, दहेज उत्पीड़न, मारपीट संबंधित, महिलाओं के केस आए जिनका राज्य महिला आयोग सदस्य महोदया द्वारा संबंधित अधिकारी व थानों के प्रभारी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई के दौरान उपजिलाधिकारी सदर ईला प्रकाश, डिप्टी सी0एम0ओ, जिला सूचना अधिकारी, क्षेत्राधिकारी नगर, महिला थाना प्रभारी, पंचायती राज विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रोवेशन अधिकारी हापुड़ के साथ जिला प्रोवेशन कार्यालय से पंकज यादव कनिष्ठ सहायक, अमित कुमार संरक्षण अधिकारी, हुमा चौधरी सामाजिक कार्यकर्ता, रोहित सिंह आउटरीच कार्यकर्ता, रविता चौहान परामर्शदाता वन स्टॉप सेंटर के साथ अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकली

एटा, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)। भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को अलीगंज से जैथरा तक भव्य और ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा की शुरूआत अलीगंज स्थित डीएवी इंटर कॉलेज के मैदान से सुबह लगभग 11 बजे हुई। यात्रा में भारी संख्या में ब्राह्मण समाज के श्रद्धालु, युवक-युवतियां और समाजसेवी शामिल हुए। शोभायात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ी, मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूल वर्षाकर स्वागत किया। अलीगंज से लेकर जैथरा तक कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भंडारे का आयोजन कर यात्रियों को जलपान और प्रसाद वितरित किया। इस धार्मिक आयोजन में बाइक सवार श्रद्धालुओं का जोश देखते ही बन रहा था। पूरी यात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# नमामि गंगे योजना के अंतर्गत नदी संरक्षण अभियान

थानाभवन, शामली, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)। नगर पंचायत सफाई कर्मियों के द्वारा अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा के द्वारा दिए निर्देशों के अनुपालन मे मंगलवार को गंगा नदी एवं अन्य नदियों के संरक्षण के लिए निरन्तर चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत थानाभवन वार्ड नम्बर 02 नबीपुरा मे वार्ड निवासी इलियास पुत्र निजामुद्दीन के यहाँ सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे अपने आस पास की सड़क, नाली-नालो, तालाब एवं कस्बे से लग कर निकलने वाली कृष्णा नदी की सफाई पर विशेष ध्यान आकर्षित किया गया। साथ ही वार्ड में नोजल रोड पर चंपा नाई वाला नाला जो मदीना मस्जिद से होकर शमशान वाले रास्ते से कृष्णा नदी में गिरता है नाले की सफाई कराई गई। वार्ड की गलियों व नाले से लगने वाली सभी छोटी बड़ी नालियों की सफाई कराई गई तथा वार्ड में सामूहिक सफाई अभियान भी चलवाया गया।



● गंगा नदी सहित अन्य नदियों से निकलने वाले नालो की सफाई

# दो युवती समेत तीन ने फांसी लगा की आत्महत्या

फतेहपुर, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत मंगलवार की देर शाम संदिग्ध अवस्था में दो युवती समेत तीन लोगों ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र लिलरा गांव निवासी केशनपाल की 23 वर्षीय पत्नी कविता देवी ने मंगलवार की देर शाम संदिग्ध अवस्था में घर के अन्दर उस वक्त फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब घर के सभी लोग अपने-अपने कामो में व्यस्त थे। परिजनों की नजर जैसे ही कमरे में फांसी पर लटकी कविता पर पडी तो घर में कोहराम मच गया। इसी प्रकार बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के ठिठौरा गांव निवासी शिवकुमार का 25 वर्षीय पुत्र शुभम ने देर शाम कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। इसी प्रकार किशनपुर थाना क्षेत्र के अहमदगंज तिहार गांव निवासी इन्द्रराज निषाद की 32 वर्षीय पत्नी पुष्पा देवी ने गांव के बाहर जंगल में पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। वहीं पोस्टमार्टम आये मृतक शुभम के ममेरे भाई अवधेश कुमार भाई द्वारा आत्महत्या किये जाने का कारण नहीं बता पाये।

## युवती ने जहर खाकर की आत्महत्या

फतेहपुर, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम भदबा/मोहन खेडा में मंगलवार की देर शाम संदिग्ध अवस्था में 24 वर्षीय महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की शादी मात्र दो माह पूर्व हुयी थी। वहीं मृतका के परिजनो ने भाभी से अवैध सम्बन्ध व दहेज की मांग को लेकर जहर देकर मार डालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के मुताबिक ससुर व पति को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार मलवां थाने के भबदा/मोहनखेडा गांव निवासी प्रयाग साहू की पत्नी सालू साहू ने मंगलवार की शाम जहर खाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के मामा मोती लाल साहू एवं भाई सुभाष साहू ने बताया कि उसने अपनी बहन की शादी 22 फरवरी 2025 में किया था। शादी एक महीना भी नही बीता था। ससुराली जन बाइक वाशिंग मशीन व डेढ लाख रुपए की मांग लेकर प्रताडित करते थे। भाई ने बताया कि उसके जीजा का अपनी ही भाभी अवैध सम्बन्ध है। जिसको लेकर आये दिन घर में झगडा होता था। मृतका के भाई ने बताया कि उसके जीजा शराब पीने के आदी थे। पुलिस के अनुसार पोस्ट मार्टम रिर्पोट के बाद ही घटना की हकीकत सामने आयेगी। पीडित परिजनो की तहरीर पर पुलिस ने अपनी तहकीका करते हुये पति व ससुर को हिरासत में ले लिया है।

## विधायक ने ज्वैलर्स शाप का किया उद्घाटन

फतेहपुर, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर खागा विधायक कृष्णा पासवान एवं उनके पुत्र हसवा ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान ने शहर के चैक हनुमान मंदिर के बगल वाली गली स्थित महाकाल ज्वैलर्स का फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया। ज्वैलर्स शाप के प्रोपराइटर उमेश कुमार दीक्षित ने बताया कि उनके यहां सोने एवं चांदी के जेवरात बनाए जाएंगे। साथ ही आर्डर देने पर भी उपलब्ध हैं। उन्होने कहा कि शुद्धता का पूरा ख्याल रखा जाएगा। साथ ही ग्राहकों को विशेष छूट भी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विवेक पासवान, धनंजय पाल, तेजस्वी दीक्षित, यशस्वी दीक्षित, कीर्तिमान दीक्षित, बादल सोनी, अभिषेक यादव, उत्सव कच्छवाहा, चुन्नू गौतम, असगर अली, हर्षित, यश, विवेक ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सपा के खिलाफ सड़क पर उतर आए भाजपाई

मथुरा, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)। सपा भाजपा के बीच घमासान जारी है। अब भाजपा ने सपा पर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया है। बुधवार को भाजपाइयों ने सड़क पर उतर कर सपा का पुरजोर विरोध किया। अम्बेडकर की प्रतिमा के नीचे प्रदर्शन करने के बाद होलीगेट पर पुतला दहन किया।



भाजपाईयों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां और एक पोस्टर थामे हुआ था। पोस्टर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर के साथ अपना आधा चेहरा जोड़कर छापा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी ने इसे अत्यंत आपत्तिजनक और बाबा साहब का अपमान बताया है। इस कृत्य के विरोध में भाजपा मथुरा जिला महानगर द्वारा डीग गेट चौराहा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अगुवाई भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने की। इस अवसर पर मथुरा के लोकप्रिय विधायक और पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा मथुरा के महापौर विनोद अग्रवाल विधायक ठा. मेघ श्याम सिंह विधायक पूरन प्रकाश सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि बाबा साहब केवल संविधान निमार्ता नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक हैं। अखिलेश यादव द्वारा उनके चित्र के साथ इस प्रकार की छेड़छाड़ करना न केवल अनादर है, बल्कि समाज को भ्रमित करने की कोशिश है। भाजपा इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगी। समाजवादी पार्टी को तुरंत माफी मांगनी चाहिए। यह केवल राजनीतिक स्टंट नहीं, बल्कि एक गहरी मानसिकता को दशार्ता है जो बाबा साहब के योगदान को कम आंकती है। इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर, पूर्व ब्लाक प्रमुख पन्नालाल गौतम, संजय शर्मा, कुंज बिहारी चतुर्वेदी, अंकुर अग्रवाल, हरिओम शर्मा, विनीत शर्मा, लोकेश तायल, दीपक गोला, नितिन चतुर्वेदी, यतेंद्र फौजदार, योगेश आवा, कुलदीप शर्मा, कमला प्रसाद, सत्यपाल चौधरी, हेमन्त खंडोली, नरेन्द्र गौतम, चंद्रपाल कुंतल, पार्षद अंकुर गुर्जर, पार्षद हनुमान गुर्जर, पार्षद तरुण सैनी, अर्जुन सोनी, बृजेश अहेरिया, मंडल अध्यक्ष अजय राजावत, सुनील तरकर, जितेंद्र वार्ष्णेय आदि मौजूद थे।


# कार्यालय : खण्ड विकास अधिकारी फरीदपुर, बरेली

पत्रांक 1263 / लेखा० / निविदा / 2025-26 दिनांक 30/04/2005

## निविदा सूचना

विकास खण्ड फरीदपुर में पंजीकृत ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड फरीदपुर को प्राप्त क्षेत्र पंचायत के अंतर्गत 15वां वित्त आयोग / पंचम राज्य वित्त आयोग की धनराशि से निम्नांकित कार्यो के निर्माण हेतु ( आइटम रेट ) सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदायें दिनांक 13.01.2025 को मध्यान्ह 12.00 बजे तक विकास खण्ड मुख्यालय, फरीदपुर पर रखे वाक्स में नियत तिथि एवं समय पर डाली जा सकती है जो उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे निविदा दाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष सार्वजनिक रुप से खोली जायेगी ।

| क्र० सं० | कार्य का नाम ( 15वां वित्त आयोग / पंचम राज्य वित्त आयोग से) | प्राक्कलन के अनुसार स्वीकृति राशि ( लाख में) | निविदा शुल्क व जी०एस०टी० अति० | धरोहर राशि | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम देवरनियां में पप्पू के मकान से श्री कृष्ण के मकान तक व मुकेश के मकान से धनपाल प्रधान के घर तक ई०ला० व नाली निर्माण कार्य ( 109 मी0 ) | 7.432 | 1500 | 8000 | 37500 | 90 दिन |
| 2 | ग्रा0पं0 भीकमपुर में काले रोड से ओमपाल मौर्य के मकान की ओर ई०ला० एवं नाली निर्माण कार्य ( 87 मी० ) | 5.992 | 5.992 | 650 0 | 30000 | 90 दिन |
| 3 | ग्रा० दिथोका में देवीदास की चौपाल से श्री जगदीश के मकान की तरफ ई०ला० एवं नाली निर्माण कार्य ( 191 मी0 ) | 8.667 | 1500 | 9000 | 43500 | 90 दिन |
| 4 | ग्रा० मटैनियां में ढाकन के घर से जयराम के घर तक ई०लां० एवं नाली निर्माण कार्य ( 199मी0 ) | 9.979 | 1500 | 10500 | 50000 | 90 दिन |
| 5 | ग्राम करपियां खुर्द में अनोखे साहू के मकान से देवस्थान तक एवं छोटे साहू के मकान से गजेन्द्र के मकान की ओर ई०ला० एवं नाली निर्माण कार्य ( 175मी0 ) | 7.830 | 1500 | 8500 | 39500 | 90 दिन |
| 6 | ग्राम नगरियां कलां में राजाराम की दुकान से नत्थूलाल मौर्य के मकान तक ई०ला० एवं नाली निर्माण कार्य ( 96मी0 ) | 5.082 | 1100 | 5500 | 25500 | 90 दिन |
| 7 | ग्राम नवादावन में एन0एच030 से गुरुतेग बहादुर साहिब गुरूद्वारा के गेट तक ई०ला० कार्य ( 27मी0 ) | 5.765 | 1150 | 6500 | 29000 | 90 दिन |
| 8 | ग्राम नगरियां कलां में रजनीश श्रीवास्तव के मकान से रामपाल सिंह के मकान तक ई०ला० एवं नाली का निर्माण कार्य ( 86 मी0 ) | 5.968 | 1200 | 6500 | 30000 | 90 दिन |
| 9 | ग्राम औरंगाबाद में मेन रोड से दयाराम के मकान तक ई०ला० कार्य ( 169 मी0 ) | 9.984 | 1500 | 10500 | 50000 | 90 दिन |
| 10 | ग्राम शाहपुर बनियान में अडडे पर वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 3.292 | 700 | 4500 | 16500 | 90 दिन |
| 11 | ग्राम पंचायत लौंगपुर में अन्नापूर्णा राशन की दुकान पर वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 3.292 | 700 | 4500 | 16500 | 90 दिन |
| 12 | ग्राम पंचायत पढेरा के सतीश चन्द्र कालेज परिसर में वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 3.292 | 700 | 4500 | 16500 | 90 दिन |
| 13 | ग्राम लौंगपुर में लौंगपुर अडडे पर वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 3.292 | 700 | 4500 | 16500 | 90 दिन |
| 14 | ग्राम नगरिया कलां के मन्दिर में वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 3.292 | 700 | 4500 | 16500 | 90 दिन |
| 15 | ग्राम पंचायत झादा के मजरा उचसिया में विधा डिग्री कालेज के बाहर वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 3.292 | 700 | 4500 | 16500 | 90 दिन |
| 16 | ग्राम पचौमी में पचौमी अडडे पर वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 3.292 | 700 | 4500 | 16500 | 90 दिन |
| 17 | ग्राम देवरनियां में देवरनिया अडडे पर वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 3.292 | 700 | 4500 | 16500 | 90 दिन |
| 18 | ग्राम करनपुर कलां में करनपुर मंदिर पर वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 3.292 | 700 | 4500 | 16500 | 90 दिन |
| 19 | ग्राम पंचायत बिलपुर में स्टेशन के पास वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 3.292 | 700 | 4500 | 16500 | 90 दिन |
| 20 | ग्राम सिसईया मगनपुर में सिसईया मंदिर पर वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 3.292 | 700 | 4500 | 16500 | 90 दिन |
| 21 | ग्राम पंचायत शिवपुरी के अडडे पर वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 3.292 | 700 | 4500 | 16500 | 90 दिन |
| 22 | ग्राम पंचायत रजऊ परसपुर में जूनियर हाईस्कूल के सामने से श्री त्रिपुरारी लाल के घर तक तालाब की सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य । ( 50 मी0 ) | 8.758 | 1500 | 9000 | 44000 | 90 दिन |
| 23 | ग्राम पंचायत सैदपुर में आरेन्द्र प्रधान के मकान के सामने तालाब की सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य। ( 60 मी0 ) | 9.999 | 1500 | 10500 | 50000 | 90 दिन |
| 24 | ग्राम पंचायत पचौमी में हुकुम प्रजापती के मकान से बाजार तक ई०ला० व नाली निर्माण कार्य ( 190 मी0 ) | 9.991 | 1500 | 10500 | 50000 | 90 दिन |
| 25 | ग्राम पंचायत ओसढ़ में श्री अवतार सोनकर के मकान से रामपाल सिंह के मकान तक ई०ला० व नाली निर्माण कार्य ( 167 मी0 ) | 8.484 | 1500 | 9000 | 42500 | 90 दिन |
| 26 | ग्राम भगवानपुर फुलवा के मजरा सैदापुर में श्री राजन बाबू के मकान से श्री शेरपाल के मकान तक ई०ला० व नाली निर्माण कार्य ( 188 मी0 ) | 9.994 | 1500 | 10500 | 50000 | 90 दिन |
| 27 | प्रमुख जी के रूम का सौंदर्यीकरण का अवशेष कार्य ( 24 मी० ) | 2.998 | 600 | 4500 | 15000 | 90 दिन |
| 28 | ग्राम लौंगपुर में केलीपुर के होली चौराहे से स्टेडियम होते हुए पुलिया की ओर नाला निर्माण कार्य ( 214 मी० ) | 9.997 | 1500 | 10500 | 50000 | 90 दिन |
| 29 | ग्राम नवादावन में जूनियर हाई स्कूल से नवादावन सिसैया मार्ग तक नाला निर्माण कार्य ( 122 मी0 ) | 5.981 | 1200 | 6500 | 30000 | 90 दिन |
| 30 | ग्राम औरंगाबाद में शेर सिंह के मकान की ओर अवशेष ई०ला० कार्य ( 59 मी0 ) | 3.455 | 700 | 4500 | 17500 | 90 दिन |
| 31 | खण्ड विकास अधिकारी के शौचालय का मरम्मत कार्य। | 2.987 | 400 | 2500 | 10000 | 90 दिन |

1. निविदा प्रपत्र शुल्क जीएसटी सहित बैक डाफट / नकद जो खण्ड विकास अधिकारी, फरीदपुर को देय होगा ।
2. समस्त ठेकेदारो के पंजीयन प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाणपत्र, चरित्र प्रमाणपत्र, जीएसटी रजि० एवं पेन कार्ड की स्केन प्रति संलग्न करनी होगी।
3. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त स्वीकृत दरों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्दर कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नही होगा ।
4. निविदा के स्वीकार्य करनें अथवा निरस्त करनें का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा ।
5. प्रत्येक निविदा दाता द्वारा रुपये 100/- के स्टांप पेपर पर शपथपत्र निर्धारित प्रपत्र पर संलग्न कर निविदा में सलग्न करना होगा।
6. सार्वजनिक निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उप खनिजों पर रायल्टी का भुगतान सुनिश्चित किये जाने विषयक भूतत्व एवं खनिज कर्म अनुभाग के शासनादेश संख्या 3885 / 66-2015-292/2015 दिनांक 15.10.2015 का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा ।
7. पंजीकृत ठेकेदारों को ठेका दिये जाने के पश्चात कभी भी संज्ञान में आता है कि ठेकेदार सक्रिय रुप से माफिया गतिविधियों में असामाजिक कार्यो एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उसे प्रदान किया गया कार्य का ठेका नोटिस जारी कर सक्षम प्राधिकारी द्वारा ठेका निरस्त कर दिया जायेगा ।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय, बरेली ही मान्य होगा ।
9. उल्लेखनीय है कि कार्य धनराशि की उपलब्धता के आधार पर ही कराया जायेगा तथा शासनादेश संख्या 1639 / 33-3-2018-03/2015 पंचायती राज अनुभाग-3 दिनांक 19.06.2015 एवं समस-समय पर जारी शासनादेश एवं परिपत्रों का पालन किया जायेगा ।

(सोनम)
प्रमुख
क्षेत्र पंचायत फरीदपुर, बरेली

(रामशंकर सिंह)
खण्ड विकास अधिकारी
फरीदपुर, बरेली

# भारत-नेपाल सीमा पर चिन्हित अवैध कब्जों को हटाने की कार्यवाही में तेजी लायें: डीएम

बहराइच, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 10 कि.मी. तक सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराये जाने तथा अनाधिकृत रूप से संचालित मदरसों को बन्द कराये जाने के सम्बन्ध में संचालित अभियान की समीक्षा हेतु मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि तहसील नानपारा अन्तर्गत एस.एस.बी. 42वीं बटालियन क्षेत्रान्तर्गत कुल 227 अवैध अतिक्रमण चिन्हित किये गये हैं। जिसमें से 96 अतिक्रमण को हटा दिया है, शेष 131 प्रकरणों में अवैध अतिक्रमण हटवाये जाने की कार्यवाही गतिमान है तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के अन्तर्गत एस.एस.बी. 59वीं बटालियन क्षेत्रान्तर्गत कुल 157 अवैध अतिक्रमण चिन्हित किये गये हैं। जिसमें से 20 अतिक्रमण को हटा दिया है। प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट बी. शिव शंकर ने बताया कि कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग द्वारा 01 अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने की कार्यवाही की गई है। तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के अन्तर्गत कुल चिन्हित 157 अवैध अतिक्रमण के सापेक्ष 21 अतिक्रमण को हटा दिया है, शेष 136 अवैध अतिक्रमणों को हटवाये जाने की कार्यवाही गतिमान है। इस प्रकार जनपद में चिन्हित कुल 384 अवैध अतिक्रमण के सापेक्ष 117 अतिक्रमण को हटा दिया है, शेष 267 अवैध अतिक्रमणों को हटवाये जाने की कार्यवाही राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की जा रही है जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने बताया कि भारत नेपाल सीमा के 10 कि.मी. के अन्दर संचालित अनाधिकृत मदरसों की सघन जांच/सत्यापन के दौरान अब तक 05 मदरसों को सीज करने की कार्यवाही की गई। श्री मिश्र ने बताया कि जांच के दौरान 03 मान्यता प्राप्त परन्तु अपूर्ण अभिलेख मदरसों को भी पाया गया। डीएम ने अभियान से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनपद में चिन्हित किये गये सभी अवैध अतिक्रमणों को मुक्त कराया जाय। डीएम ने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें जहां की जमीन मुक्त हो रही है वहां दोबारा कब्जा न होने पाये। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच अजीत प्रताप सिंह, सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, प्रभारी निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक व लेखपाल मौजूद रहे।



# लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जन्म जयंती समारोह को लेकर बैठक का आयोजन

बहराइच, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सामाजिक समरसता गतिविधि के तत्वावधान में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का त्रि-शताब्दी जन्म जयंती समारोह के क्रम में आगामी 5 मई को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख श्रीमान स्वान्त रंजन जी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कार्यक्रम की व्यवस्था के लिए संघ कार्यालय पर बैठक आहूत हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के वरिष्ठ प्रचारक प्रांत सामाजिक समरसता संयोजक राज किशोर जी ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय एवं प्रेरणादाई है। उन्होंने अपने शासनकाल के दौरान सनातन धर्म के गौरव को पुनर्स्थापित करने का कार्य किया। त्रि-शताब्दी समारोह की व्यवस्था के लिए लोगों को जिम्मेदारी सौंप गई। बैठक को विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार जी, विभाग कार्यवाह अंबिका प्रसाद जी ने संबोधित किया। बैठक में केडीसी के प्रबंधक डॉ एसपी सिंह, विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़, विभाग संगठन मंत्री विद्यार्थी परिषद अंकुल जी, राजा यशवेंद्र विक्रम सिंह, सह जिला सामाजिक समरसता संयोजक अखिलेश अवस्थी, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष तरुण सिंह, सुरेंद्र सिंह, रंजीता वाल्मीकि, रीति सिंह, श्रुति श्रीवास्तव, चरणजीत कौर, सचिन श्रीवास्तव, नरेंद्र शंकर, अमित शर्मा, सतीश सिंह, सरदार जसवीर सिंह, गौरव शर्मा, मनोज मिर्ची, दीप नारायण धनगर, सहित तमाम स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



# जनपद के 35 टॉपर विद्यार्थियों को डीएम ने किया सम्मानित व प्रेरित

अंबेडकरनगर, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में जिला अधिकारी अनुपम शुक्ला ने उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा में जनपद की टॉप टेन सूची में जनपद व प्रदेश में स्थान बनाने वाले हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के 35 छात्र छात्राओं को माला पहनाकर, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित एवं प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि वर्ष 2025 में घोषित इस परीक्षा परिणाम में जिले स्तर पर हाई स्कूल की चित्र बहाल आदर्श बालिका इंटर कॉलेज पूरनपुर की छात्रा अदिति सिंह ने 96.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवां व जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में डॉ अशोक कुमार स्मारक इंटर कॉलेज अकबरपुर की छात्रा सक्षम तिवारी ने 95.00% अंक प्राप्त कर प्रदेश में दसवां व जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा जिले की टॉप टेन की मेरिट सूची में हाई स्कूल स्तर पर 22 तथा इंटरमीडिएट स्तर पर 11 कुल 33 बच्चों का चयन हुआ है। इस प्रकार कुल 35 छात्र छात्राओं का चयन जिले/प्रदेश की टॉप टेन मेरिट की सूची में हुआ है। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि हाई स्कूल में 35255 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में 33419 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें से 29617 विद्यार्थी (88.62 प्रतिशत) उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में कुल 36116 विद्यार्थी पंजीकृत थे जिसमें से 34379 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें से 28702 विद्यार्थी (83.49 प्रतिशत) उत्तीर्ण हुए। सम्मान समारोह में जिलाधिकारी ने सभी विद्यार्थियों को उनके स्वर्णिम एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए, उन्हें निरंतर कड़ी मेहनत कर लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि भारतवर्ष को विश्व गुरु बनाना है तो बड़ी सोच एवं कल्पना कर-के एवं निरंतर कड़ी मेहनत करके लक्ष्य को हासिल करना होगा। उन्होंने कहा कि मेहनत जीवन का अंग होना चाहिए।

पढ़ाई हो या नौकरी मेहनत एवं लगन सभी जगह जरूरी है। मेहनत ना करने से नकारात्मक भाव दिमाग में आएगा। उन्होंने कहा कि एक-एक मिनट जीवन के लिए महत्वपूर्ण है, उसका सदुपयोग करें। अनुशासन में रहे और अनुशासित जीवन जीएं।

# बाबूनंदन के प्रयास से गांव वालों को मिली लो वोल्टेज से निजात

महराजगंज, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। विकासखंड नौतनवा ग्राम पंचायत सेवतरी में विद्युत लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने हेतु दिनांक 16 जुलाई 20 24 को भाजपा मंडल अध्यक्ष बाबू नंदन शर्मा के द्वारा दिल्ली जाकर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी जी के आवास पर पत्रक देकर 100 केवीए के स्थान पर 250 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाने का आग्रह किया था। जिसपर विशेष ध्यान देते हुए माननीय मंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देशित किया, और उसी के क्रम में आज 250 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत व्यवस्था बहाल किया गया। जिससे ग्राम पंचायत सेवतरी में खुशी का माहौल व्याप्त है। आज ग्राम वासियों द्वारा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त किया गया और माननीय वित्त राज्य मंत्री जी के प्रति आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नेता जी, मैनेजर जी सहित दर्जनों ग्राम वासी उपस्थित रहे

# विरोध प्रदर्शन: सड़कों पर बनाये पाकिस्तान के झंडे व लिखे गए नारे



आजमगढ़, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। जनपद के मेहनगर थाना क्षेत्र में पहलगाम की घटना के विरोध में मंगलवार की रात कस्बे के रोडवेज, अंदर जाने वाले तिराहे के अलावा पुलिस बूथ के सामने व गौरी शंकर तिराहे एवं काली माता व गोला बाजार में पाकिस्तान के झंडे के साथ मुर्दाबाद के नारे लिख कर विरोध दर्ज कराया गया। वहीं कुछ जगहों पर पाकिस्तान के झंडे के चित्र पर चप्पल मारी गई तो कहीं उसके ऊपर साइकिल चढ़ाकर विरोध किया गया। इस बाबत मेहनगर थानाध्यक्ष से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध स्वरूप कस्बे वासियों द्वारा ऐसा किया गया है फिलहाल मौके में शांति बनी हुई है।

# संक्षिप्त समाचार

## नलकूप खण्ड 62 तालाबों व पोखरों में भरा पानी

बहराइच, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। अधि.अभि. नलकूप खण्ड बहराइच एवं नानपारा ने बताया कि गर्मी व हीटवेव के दौरान आमजन, पशु-पक्षियों एवं अन्य जीवों किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके दृष्टिगत प्रदेश मुख्यालय से खण्ड बहराइच एवं नानपारा को 31 मई 2025 तक 131 अदद तालाबों एवं पोखरों को भरने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अधि.अभि. नलकूप खण्ड बहराइच ने बताया कि वर्तमान समय तक 62 अदद तालाबों एवं पोखरों को भरा जा चुका है। शेष को भरे जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

## ब्लाक प्रमुख ने किया मेधावी छात्र को किया सम्मानित

कैसरगंज(बहराइच), 30 अप्रैल (तरुणमित्र)हाई स्कूल की परीक्षा में जनपद में छठवा स्थान प्राप्त करने वाले आशु सिंह को ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह विसेन ने प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।आशु सिंह सरदार पटेल इंटर कालेज कैसरगंज के छात्र हैं। ब्लाक प्रमुख श्री सिंह बुधवार को ग्राम बदरौली पहुंचकर उन्होंने हाई स्कूल की परीक्षा में बहराइच जनपद में छठवा स्थान प्राप्त करने वाले आशु सिंह व उनके पिता संजय कुमार सिंह को प्रतीक चिन्ह देकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आशु सिंह ने न सिर्फ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है बल्कि इस जनपद का नाम रोशन कर हम सभी को गौरवान्वित किया है इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। इस मौके पर मौलाना सिद्दीक, बृजेश पांडे, सुभाष सिंह, रोहित सिंह, रामसवारे बच्चू सिंह आज मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में अधेड़ की मौत मचा कोहराम

सैदनपुर/बाराबंकी, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। क्षेत्र में बुधवार की दोपहर एक सड़क हादसे में 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। चंदवारा थाना सफदरगंज के निवासी हंसराज अपने पुत्र जसवंत की मोटरसाइकिल पर पीछे बैठ कर गेहूं रखकर सफदरगंज बदोसराय मार्ग से घर लौट रहे थे तभी कस्बा सैदनपुर की अंग्रेजी शराब की दुकान के निकट बाइक की बाइक से टक्कर में हंसराज गम्भीर रूप से घायल हुआ जिसे उपचार के लिए एम्बुलेंस से संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर पहुंचाया गया जहां इमरजेंसी में मौजूद डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## अधिवर्षता आयु पूर्ण कर चुके उपनिरीक्षक को पुलिस अधीक्षक ने दी विदाई

बाराबंकी, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक की सस्म्मान विदाई की गयी।जनपद बाराबंकी में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए उ0नि0 ना0पु0 अर्जुन सिंह को पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा फूलमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर ससम्मान विदाई दी गयी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी फतेहपुर जगतराम कनौजिया मौजूद रहें।

## सीओ सिटी के नेतृत्व में चले चेकिंग अभियान में 50 से अधिक वाहनों का चालान

अम्बेडकरनगर, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। अकबरपुर तहसील तिराहे पर सीओ सिटी देवेंद्र मौर्य के नेतृत्व मे चला विशेष सघन चेकिंग अभियान, चालकों में रहा हड़कंप का माहौल, बताते चलें कि एसपी केशव कुमार के निर्देश पर बुधवार को अकबरपुर पुरानी तहसील तिराहे पर सीओ देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट व नाबालिक वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ अभियान चला इस दौरान 50 से अधिक वाहनों का चालान किया गया साथ ही लोगों को जागरुक भी किया गया। सीओ देवेंद्र मौर्य ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए लोगों से अपील किया कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें, यातायात प्रभारी जय बहादुर यादव ने बताया इस अभियान से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

## तिलहनी फसलों के अपनाने से प्रदेश के किसानों की आय में हो रही बढ़ोत्तरी

बहराइच, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश को खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी लगातार किसानों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। उसके लिए प्रदेश सरकार ने किसानों को तिलहन क्षेत्र का दायरा बढ़ाने, किसानों को अधिक उपज के बीज उपलब्ध कराने, समय से सिचाई करने एवं उर्वरक, कीटनाशक दवाओं के वितरण आदि की व्यवस्था की है। प्रदेश सरकार ने तिलहनी फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करने के लिए किसानों को 6.79 लाख तिलहन मिनीकिट निःशुल्क बीज भी वितरित किया है। तिलहनी फसलों की अधिक उपज के लिए किसानों को प्रशिक्षित भी किया गया है। खाद्य तेल एक ऐसा द्रव्य है जो गरीब की झोपड़ी से ले कर शहरों के बड़े अमीरों तक सब के रसोई का महत्वपूर्ण अंग है। बिना खाद्य तेलो के रसोई का व्यंजन अधूरा होता है। खाद्य तेलो में प्रमुखता मूगफली, सोयाबीन, तिल, अरण्डी, तोरिया, सरसों, सूरजमुखी, ताड़ नारियल, आदि हैं।सरसों का तेल उत्तर प्रदेश के निवासियों के रसोई का एक महत्वपूर्ण अंग है।

# बुजुर्ग को जिंदा जलाकर हत्या करने के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

आजमगढ़, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। जनपद के थाना देवगांव पुलिस ने हत्या के एक सनसनीखेज मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान जयप्रकाश उर्फ मुन्ना विश्वकर्मा और उनके पुत्र किशन के रूप में हुई है, दोनों ग्राम श्रीकान्तपुर (कसड़े), थाना देवगांव, आजमगढ़ के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, 29 अप्रैल को सुदामा देवी, पत्नी रामकरन विश्वकर्मा ने थाना देवगांव में एक प्रार्थना पत्र दाखिल किया। इसमें बताया गया कि रास्ते के पुराने विवाद के चलते अभियुक्तों ने उनके पति रामकरन विश्वकर्मा पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। गंभीर रूप से झुलसे रामकरन को पहले टिकरगढ़ लालगंज अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें सदर अस्पताल जौनपुर रेफर किया गया। जौनपुर में इलाज के दौरान रामकरन की मृत्यु हो गई। इस प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना देवगांव में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की विवेचना प्रभारी निरीक्षक विमल प्रकाश राय कर रहे हैं प्रभारी निरीक्षक विमल प्रकाश राय अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। मुखबिर की सूचना के आधार पर उन्होंने अभियुक्त जयप्रकाश उर्फ मुन्ना विश्वकर्मा और किशन को श्रीकान्तपुर गेट के पास से शाम 5:55 बजे हिरासत में लिया। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विमल प्रकाश राय और उनकी सहयोगी पुलिस टीम शामिल थी।

# प्रधानाचार्य परिषद ने प्रधानमंत्री अवार्ड मिलने पर किया डीएम का सम्मान

बहराइच, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद बहराइच के जिलाध्यक्ष घनश्याम वाजपेई की अगुवाई में जिले के प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी बहराइच श्रीमती मोनिका रानी को उनके उत्कृष्ट प्रशासनिक सेवाओं हेतु प्रधानमंत्री अवॉर्ड मिलने पर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष घनश्याम वाजपेई ने बताया कि संगठन के जिला व प्रदेश सहित हम सभी गौरवान्वित है।

डी एम महोदया से मिलकर संगठन की तरफ से उन्हें शुभकामनाएं दिया इस अवसर पर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के न्याय समिति के अध्यक्ष श्री श्रीनाथ शुक्ल,जनपदीय अध्यक्ष श्री घनश्याम बाजपेई, महामंत्री श्री अनुपम शुक्ल,वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद,उपाध्यक्ष श्री बृजेन्द्र कुमार शर्मा,श्रीमती मधु चौधरी, श्री संतोष कुमार शुक्ल,श्री अरविन्द कुमार वर्मा, सिद्धांत बाजपेई उपस्थित रहे।



## 35 कुंतल गेहूं 9.50 कुंतल चावल की नीलामी 9 माई को

हैदरगढ़/बाराबंकी, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। विकासखंड सिद्धौर क्षेत्र के भूनई रुद्र गांव में उचित दर विक्रेता उमेश सिंह की दुकान पर 9 मई 2025 को 35 कुंतल गेहूं 9.5 कुंतल चावल की नीलामी प्रक्रिया रखी गई है। इच्छुक व्यक्ति करें संपर्क। इस संबंध में सप्लाई इंस्पेक्टर प्रभास त्रिपाठी ने बताया कि न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट वाद संख्या 1890/2023 को लेकर सरकार बनाम सुभाष चंद्र में पारित आदेश हुआ है कि जो राशन जप्त किया गया है उसकी नीलामी की जाए उसी को लेकर टीम गठित की गई है 9 अप्रैल को नीलामी प्रक्रिया की जानी।

## जिलाधिकारी ने सीएचसी हैदरगढ़ का किया निरीक्षण

बाराबंकी, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हैदरगढ़ का निरीक्षण किया। डीएम ने अस्पताल में शौचालय सहित परिसर की साफ-सफाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल में भर्ती मरीज शिवांशी सहित कई मरीजों से बातचीत की और स्वास्थ्य सेवाओं सम्बन्धी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पंजीकरण कक्ष में रजिस्टर को देखा। जिलाधिकारी ने ओपीडी सहित चिकित्सक ड्यूटी सम्बन्धी रजिस्टर को भी देखा और सभी सम्बन्धित चिकित्सको से संवाद स्थापित करते हुए आने वाले मरीजो की हरसंभव मदद के निर्देश दिए।औषधि भंडार कक्ष का किया निरीक्षणजिलाधिकारी ने अस्पताल के औषधि भंडार कक्ष का निरीक्षण किया और दवाओं की उपलब्धता देखी और सभी जरूरी दवाएं रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यथासंभव सभी मरीजो को अस्पताल से ही दवा दी जाय।संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने के दिये निर्देशजिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने सीएचसी के निरीक्षण के दौरान अस्पताल में संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर जोर दिया जाए। हैदरगढ़ सहित सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# उच्च न्यायालय के आदेश पर 9 वर्ष बाद ट्रामा सेंटर शुरू

बहराइच, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। उच्च न्यायालय की लखनऊ खण्डपीठ में समाजसेवी अकरम आजाद द्वारा ट्रामा सेन्टर को लेकर दाखिल याचिका के बाद स्थानीय चिकित्सा विभाग में हड़कम्प मच गया है। आनन फानन में उच्च न्यायालय को आल इज वेल दिखाने के लिये जिम्मेदार तैयारियों में जुट गए हैं। इसी के बाद समाजवादी पार्टी भी इस मैदान में कूद पड़ी है। 2016 में तत्कालीन अखिलेश यादव सरकार ने पूर्व मंत्री यासर शाह के विनय पर बहराइच को ट्रामा सेन्टर की सौगात दी थी। लेकिन 9 वर्ष बीत जाने के बाद भी ट्रामा सेन्टर संचालित न होने के चलते समाजसेवी अकरम आजाद ने उच्च न्यायालय की लखनऊ खण्डपीठ में न्यायमूर्ति ए रहमान मसूदी व न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव की बेंच पर एक जनहित याचिका दायर की है। इस सम्बन्ध में बुधवार को सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने पार्टी कार्यालय पर प्रेस वार्ता की और भाजपा पर जनता की पांच मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी का आरोप मढ़ा।प्रेस वार्ता में सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने कहा कि 24 सितंबर 2016 को ढाई करोड़ की लागत से तत्कालीन अखिलेश यादव सरकार ने पूर्व मंत्री यासर शाह के विनय पर ट्रामा सेंटर का शिलान्यास किया था जिसका भवन वर्ष 2019 में निर्मित होकर स्वास्थ्य विभाग को हस्तगत हो गया था किन्तु 6 वर्ष बीतने के बाद भी ट्रामा सेंटर का संचालन नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका में मुख्य चिकित्सा अधिकारी की तरफ से दाखिल जवाब में यह कहा गया है।

# सीएमएस डॉक्टर नीलम को पुष्प गुच्छ देकर दी विदाई

सिरौलीगौसपुर/बाराबंकी, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर की सी एम एस डाक्टर नीलम गुप्ता के नौकरी के 60 वर्ष पूर्ण होने पर उन्होंने प्रशासनिक पदभार से मुक्त होकर नये सी एम एस डाक्टर ए के सिन्हा को पदभार ग्रहण कराया गया। बुधवार को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में सी एम एस डाक्टर नीलम गुप्ता की सेवा के 60 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें प्रशासनिक पदभार से मुक्त कर नये सी एम एस डाक्टर ए के सिन्हा को पूर्व सी एम एस डाक्टर नीलम गुप्ता ने सौंप दिया है इस मौके पर अस्पताल के डाक्टर, फार्मासिस्ट, नर्सिंग स्टाफ ने सी एम एस डाक्टर नीलम गुप्ता को पुष्प गुच्छ आदि भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर अधीक्षक डाक्टर इकबाल, डाक्टर अजीत सिंह, डाक्टर हसन सलीम डाक्टर गौरव नारायन डाक्टर तथीर फातिमा डाक्टर अविनाश कुमार उपाध्याय डाक्टर स्मृति आहूजा डाक्टर गौरव कृष्ण, डाक्टर ए के प्रियदर्शी, डाक्टर नमश्री, रुपेश गुप्ता,चीफ फार्मासिस्ट आदि ने सी एम एस डाक्टर नीलम गुप्ता के 60 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें बधाई दी है। पूर्व सी एम एस डाक्टर नीलम गुप्ता अब चिकित्सीय सेवा प्रदान करेंगी।सीएमएस का पदभार ग्रहण कर डाक्टर एके सिन्हा ने पत्रकारों से कहा है कि पूर्व सी एम एस के मार्ग दर्शन में संयुक्त चिकित्सालय की स्वास्थ्य सेवायें दिन प्रतिदिन बेहतर बनाने का पूरा प्रयास किया जायेगा।

क्षेत्र की आवाम को शहरों की भांति ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने हेतु हर सम्भव प्रयास करूंगा। इस मौके पर दीपक, शत्रोहन सहित संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



# गांव पहुंच हर घर जल योजना का डीएम ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

अंबेडकरनगर, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल योजना का गांव में घरझघर तक भौतिक निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी ने ग्राम असरफाबाद विकासखंड अकबरपुर का जिलाधिकारी ने किया भौतिक निरीक्षण-जल जीवन मिशन के साथ ही विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के आच्छादन की स्थिति का जायजा लिया।आज जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला के साथ ग्राम असरफाबाद विकासखंड अकबरपुर घर-घर पहुंचकर शासन द्वारा संचालित जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल योजना, आवास, शौचालय, गोल्डन कार्ड, केटल शेड आदि से लाभान्वित ग्राम वासियों के स्थिति का भौतिक निरीक्षण किया तथा ग्राम वासियों की समस्याओं से रूबरू हुए। निरीक्षण के दौरान पंप हाउस क्रियाशील पाया गया तथा टंकी से जलापूर्ति संचालित पाई गई।



जिलाधिकारी ने घर-घर जाकर पानी की सप्लाई, घर घर नल कनेक्शन तथा जल आपूर्ति की स्थिति एवं पानी की गुणवत्ता को चेक किया। साथ ही साथ उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निर्मित शौचालय की गुणवत्ता का भी जायजा लिया। लाभार्थीयों से परियोजना का फीडबैक प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन योजना की विशेषताओं, ग्राम वासियों को इस योजना से मिलने वाले लाभों, सुविधाओं, जलापूर्ति के समय सहित योजना से संबंधित समस्याओं के निदान हेतु सुविधा आदि बिंदुओं की वॉल पेंटिंग पंप हाउस एवं पंचायत भवन पर कराने की निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है की हर घर जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए जिसके क्रम में उन्होंने कार्यवाही संस्था को निर्देश देते हुए कहा कि इस परियोजना में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, तीव्र गति से कार्य पूर्ण कर प्रत्येक घर को जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल योजना से आच्छादित करना सुनिश्चित करें। कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायक को डोर टू डोर जाकर शासन की शीर्ष प्राथमिकता वाले योजना आयुष्मान भारत, शौचालय एवं आवास से छुटे प्रत्येक पात्र परिवार का सर्वे कर ऑनलाइन फीडिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सरकार द्वारा संचालित समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी पात्र ग्रामीण वंचित न रहे। गांव में भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी बच्चों से भी रूबरू हुए, इस दौरान उन्होंने बच्चों के अभिभावकों एवं बच्चों को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने गांव में युवाओं को विभिन्न योजनाओं एवं रोजगार से जोड़ने हेतु भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।ग्राम के भ्रमण के दौरान बनारसी दास की पुत्री गंभीर बीमारी से पीड़ित पाई गई जिस पर जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज से इलाज कराने हेतु संबंधित को निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायती राज अधिकारी, संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीमा क्षेत्र में चल रहे गैर मान्यता प्राप्त मदरसों पर हो रही कार्यवाही

बहराइच, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। भारत नेपाल सीमा के बफर जोन में संचालित अनाधिकृत मदरसों की सघन जांच कर कार्यवाही का सिलसिला आज तीसरे दिन भी जारी रहा। जनपद बहराइच में अब तक डेढ़ दर्जन से अधिक मदरसों की जांच की गई जिनमें से छः मदरसों को पूरी तरह सील कर दिया गया है जबकि एक दर्जन से अधिक मदरसों को बगैर मान्यता मदरसा संचालित न किये जाने की चेतावनी दी गयी है" जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने आज मोतीपुर थाना क्षेत्र के मदरसा मोहसिनुल उलूम कंजडवा की सघन जांच की तथा मदरसे के वैध दस्तावेज मांगे जिस पर मदरसा संचालक शेर अली मदरसे की भूमि तथा आय-व्यय, प्रवेश एवं छात्र उपस्थित रजिस्टर समेत कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके" मदरसा कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध निर्माण कर अनियमित तरीके से संचालित पाये जाने पर सील कर दिया गया है तथा मदरसे में पढने वाले बच्चों का नामांकन नजदीकी प्राथमिक विद्यालय में कराए जाने के लिये खंड शिक्षा अधिकारी मिहींपुरवा को निर्देशित भी किया" ग्राम पंचायत जोगिनिया में मदरसे की जांच किए जाने पर मदरसा बंजर भूमि पर संचालित मिला जिस पर कार्यवाही हेतु राजस्व विभाग को कहा गया है " जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने बताया कि जांच में पाया गया अधिकांश मदरसे निजी मकान में बिना किसी कागजात के, भवन, मानक के अनधिकृत रूप से संचालित है। ज्ञातव्य है कि भारत नेपाल सीमा ओपन बोर्डर है ,जहां से एक दूसरे देश में लोगों का बिना वीजा पासपोर्ट के आवागमन होता रहता है" ऐसे संवेदनशील बॉर्डर एरिया में बिना मान्यता और बिना नियम कानून, मानक के मदरसे संचालित हो रहे है ऐसे मदरसे सुरक्षा की दृष्टि से भी बहुत संवेदनशील हो जाते हैं" सीमा की संवेदनशीलता और सुरक्षा के महत्व को देखते हुए बफर जोन में संचालित उन अनधिकृत मदरसों को सीज करने की कार्यवाही की जा रही है जिसमें अब तक रूपईडीहा थाना क्षेत्र के मदरसा अल जामिअतुल गौसिया मिस्बाहुल उलूम बाबागंज, मदरसा अरबिया इस्लामिया बदरुल उलूम बाबागंज, मदरसा दारुल उलूम गुलशने सैयद महबूब अशरफ रंजीतबोझा, मदरसा इस्लामिया कासिमुल उलूम नई उलूम कंजडवा को सील किया गया है"

# समस्या का समाधान कराएंगे, घर जाने का किराया भी देंगे : मुख्यमंत्री

## 200 लोगों की समस्याएं सुनीं मुख्यमंत्री ने, त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश



**गोरखपुर, 30 अप्रैल(तरूणमित्र)।** चिंता मत करिए। आपकी समस्या का समाधान कराएंगे और यहां से वापस घर जाने का किराया भी देंगे। संवेदना के पुट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले इस आत्मीय संबल ने जमीनी विवाद की समस्या लेकर जनता दर्शन में आई महिला कृतज्ञता के भाव में करबद्ध हो गई। हुआ यूं कि गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। इसी दौरान एक महिला ने जमीनी विवाद से जुड़ी समस्या मुख्यमंत्री को बताई। इस पर सीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही का निर्देश देते हुए महिला को भरोसा दिया कि उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री का यह आश्वासन सुनते ही महिला ने भारी मन से एक और पीड़ा बता दी। कहा कि घर वापस जाने के लिए किराया नहीं है। महिला की यह बात सुन सीएम योगी ने कहा, परेशान मत होइए, घर जाने का किराया भी मिल जाएगा। इतना कहते ही उन्होंने मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों से महिला को किराए की रकम देने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के इस भावपूर्ण व्यवहार पर महिला करबद्ध होकर कृतज्ञता जताने लगी। बुधवार को आयोजित जनता दर्शन में सीएम योगी ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और सभी समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देशित किए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कानून सम्मत सख्त एक्शन लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देंगे और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। हर बार की भांति इस बार के जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। जनता दर्शन में कुछ लोगों के साथ उनके बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें दुलारकर आशीर्वाद और चॉकलेट दिया।

# भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर हवन पूजन तथा विचार गोष्ठी का आयोजन



**बस्ती , 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** ब्राह्मण महासभा परिसर स्थित निर्माणाधीन मंदिर में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर हवन पूजन तथा विचार गोष्ठी करके प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र ने अक्षय तृतीया तथा भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि भगवान परशुराम जी का जीवन आज के संदर्भ में प्रासंगिक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला ने कहा कि भगवान परशुराम जी का जीवन हमें सत्य के मार्ग पर चलने तथा गलत का पुरजोर विरोध करने की प्रेरणा देता है। संस्थापक राष्ट्रीय महामंत्री प0 शम्भू नाथ मिश्र ने कहा कि भगवान परशुराम ने जन कल्याण के लिए तमाम अत्याचारी, अनाचारी, दुर्व्यसनी राजाओं का वध करके पृथ्वी को पाप से मुक्त किया था। भगवान परशुराम ने पृथ्वी पर धर्म की स्थापना किया। भगवान परशुराम जी ने गुरुकुल के माध्यम से हजारों शिष्यों को शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा दी परन्तु आज हमारा दुर्भाग्य है कि वह गुरुकुल कालिन शिक्षा आज विलुप्त हो गयी है जिसे पुनः संचालित करने की आवश्यकता है। प्रदेश अध्यक्ष प्रशान्त पाण्डेय ने कहा कि भगवान परशुराम ने शस्त्र और शास्त्र दोनों को समान रूप से ज्ञानार्जन किया था अपने तप के बल पर ही तमाम अस्त्र-शस्त्र धनुष बाण अर्जित कर रखा था जो समय समय पर आततायियो के विनाश के लिए, राम, कृष्ण के साथ अन्य योग्य जनों को देते आयें हैं राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री डा0 वीरेन्द्र कुमार तथा विजय बिहारी तिवारी ने संयुक्त रूप से कहा कि भगवान जी जीवित ईश्वर के साक्षात प्रतिमूर्ति है।

# रूद्र महायज्ञ के निमित्त निकाली भव्य कलशयात्रा



**तमकुहीराज/कुशीनगर, 30 अप्रैल(तरूणमित्र)।** सेवरही विकास खंड के ग्राम पंचायत सिसवा बाजार के मकुनछपर में स्थित मां बंगाल भवानी शक्तिपीठ के दरबार में आयोजित रूद्र महायज्ञ के निमित्त आयोजित 11दिवसीय श्रीश्री 108श्री रूद्र महायज्ञ के लिए भव्य कलश यात्रा निकाला गया। यज्ञ का औपचारिक शुभारंभ किया गया इस दौरान सनातनी श्रद्धालुओं के जयकारे से चारों दिशाएं गुंजायमान रहीं जानकारी के मुताबिक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार के दिन पूर्वाह्न 10बजे मां बंगला भवानी शक्तिपीठ के परिसर से कलशयात्रा को मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक प्रत्याशी संजय गुप्ता ने झंडी दिखाकर रवाना किया। पीत वस्त्रधारी हजारों कन्याओं ने दो पहिया,चार पहिया वाहन व ध्वनि विस्तारक यंत्र, आतिशबाजी के साथ बडी संख्या मे शामिल श्रद्धालुओं ने सिसवा अव्वल, बाकखास,बघाचौर होते हुए अहिरौलीदान गांव के समीप नरायणी नदी के तट पर पहुंचे जहां यज्ञाचार्य पंडित विवेकानंद शास्त्री के नेतृत्व में पंडितों ने मंत्रोच्चार के बाद भाजपा नेता संजय गुप्ता के हाथों आधा दर्जन पुरोहितों ने कलश में जल भरा इसके बाद महिलाओं ने अपने अपने कलश में जल भरा सनद रहे की रूद्र महायज्ञ के निमित्त निकाली भव्य कलश यात्रा में चल रही महिलाओं को जगह जगह लोगों ने जलपान के साथ स्वागत किया। मालूम हो की पुजा समिति के अध्यक्ष केन यूनियन तरयासुजान के डायरेक्टर विरेंद्र तिवारी के अगुवाई में महिलाओं ने जल भरा उसके बाद ततपश्चात मां बंगला भवानी शक्तिपीठ के दरबार में पहुंचे इस दौरान राजकिशोर राय,बलिदास साधु,प्रधान संजय यादव, मिथिलेश उपाध्याय, प्रधान पशुराम सिंह,विजय मदनवाल आदि लोगों के साथ समस्त सनातनी भक्तगण मौजूद रहें।

# गैस सिलेण्डर चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

**बस्ती (पैकोलिया) , 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** थाना पैकोलिया पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर गैस सिलेण्डर चोरी करने वाले अभियुक्त (शत्रुघन उर्फ जिन्दाबाद दूबे पुत्र स्व0 राधिका प्रसाद दूबे निवासी ग्राम बसहा थाना पैकोलिया जनपद बस्ती उम्र करीब 27 वर्ष,सुनील कुमार उर्फ शनि पुत्र छविलाल सा0 चोरखरी (धुसवा) थाना पैकोलिया जनपद बस्ती उम्र करीब 25 वर्ष) को हड़ही बाजार से गिरफ्तार कर उनके निशानदेही पर ग्राम पकड़ीजप्ती मैभिया पुलिया के पास से चोरी का माल बरामद कर कब्जा पुलिस में लेकर आवश्यक कार्यवाही किया जा रहा है दिनांक 27.04.25 को थाना स्थानीय पर सूचना दिया गया कि दिनांक 25.04.2025 को करीब 19 बजे के आस पास हड़ही बाजार स्थित उनके सोने व बर्तन की दुकान के सामने से दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गैस सिलेण्डर चोरी कर लिया गया है। जिसका फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद है।

# दिल्ली स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में प्रथम टेस्ट सीरीज परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न

**बस्ती , 30 अप्रैल(तरूणमित्र)।** दिल्ली स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में प्रथम टेस्ट सीरीज परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिसमें विद्यालय के 9 से 12 के बच्चों ने हिस्सा लिया एवं अभिभावकों द्वारा इसकी खूब सराहना की गई। बताते चलें कि दिल्ली स्कूल आफ एक्सीलेंस में कक्षा 1 से 12 तक बच्चों को भारत की सबसे प्रसिद्ध कोचिंग संस्था एलन कोटा राजस्थान से कोलैबरेशन के तहत उन्हें एनसीईआरटी के साथ-साथ कंपटीशन की किताबें पढ़ाई जाती है। जिससे बच्चों का मानसिक और शैक्षिक दोनों विकास बहुत तेजी से हो रहा है। विद्यालय में मैथ, साइंस, एस एस टी,इंग्लिश के साथ-साथ रीजनिंग की बुक्स आती है जिसे बच्चे पढ़ कर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में बैठते हैं और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। इस श्रृंखला में पहले टेस्ट सीरीज कक्षा 9 से 12 के बच्चों की रिसर्च एंड डेवलपमेंट के हेड अनूप पांडे और उनकी टीम के देखरेख में संपन्न हुई । विद्यालय प्रबंधक जेपी सिंह ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी प्रधानाचार्य गोपाल त्रिपाठी एवं सभी इंचार्ज बच्चों के बीच में जाकर परीक्षा की सुचिता और इसकी कार्यवाही की लगातार देख-रेख करते रहे । बच्चों के घर पहुंचने के पहले आंसर शीट भेज दी गई एवं इसका रिजल्ट बच्चों के अभिभावक के नंबर पर दो दिन के बाद जारी कर दिया जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## नाबालिग से दुष्कर्म, अभियुक्त हिरासत में

**देवरिया, 30 अप्रैल(तरूणमित्र)।** जनपद के बरहज थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म का मामला संज्ञान में आया है। मामले में नाबालिग बच्ची की मां ने बताया कि हमारी बच्ची के साथ गांव के ही एक युवक ने दुष्कर्म किया है जिससे कि लड़की का गर्भ भी ठहर गया। इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया है । सूचना पर फॉरेन्सिक टीम के साथ मैने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया है ।अन्य साक्ष्य इकठ्ठा किए जा रहे हैं। मुख्य अभियुक्त पुलिस की हिरासत में है उससे पूछताछ की जा रही है । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## माकपा के पूर्व जिला सचिव कॉमरेड अब्दुल गनी का निधन, वामपंथी आंदोलन के लिए अपूर्णीय क्षति

**गोंडा , 30 अप्रैल(तरूणमित्र)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी गोंडा बलरामपुर के पूर्व जिला मंत्री कॉमरेड अब्दुल गनी (92) का निधन रात 2 बजे हो गया । उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सीपीआईएम के जिला कमेटी सचिव कॉमरेड कौशलेंद्र पांडेय ने बताया कि कॉमरेड अब्दुल गनी सीपीआईएम जिला कमेटी गोण्डा बलरामपुर के जिला सचिव 1997 से 2013 तक रहे। उनका जीवन गरीबों किसानों और मजदूरों कर्मचारियों के संघर्षों को आगे बढ़ाने में लगा रहा। उन्होंने सिंचाई विभाग में ट्यूबल ऑपरेटर की नौकरी करते हुए राज्य कर्मचारियों के हितों के लिए बहुत संघर्ष किया तथा नौकरी से रिटायर होने के बाद सीपीआईएम की सदस्यता ली और पार्टी के जिला सचिव चुने गए। कॉमरेड अब्दुल गनी के नेतृत्व में 2012 में गोंडा लखनऊ मार्ग के बीच टूटे हुए बालपुर पुल के निर्माण के लिए 48 दिन तक चले अनवरत अनशन पार्टी द्वारा किया गया जिसमें तत्कालीन प्रदेश सरकार बाध्य होकर बालपुर पुल का निर्माण शुरू करना पड़ा।

## अक्षय तृतीया पर भव्य मंदिर का शिलान्यास

**मेहनवन(गोंडा) , 30 अप्रैल(तरूणमित्र)।** बुधवार को धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर दुबावल में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर ग्राम देवता के स्थान भव्य मंदिर निर्माण शिलान्यास की ईट रखी गई। इस दौरान मुख्य यजमान शिवपूजन द्विवेदी रहे व पूजन के आचार्य पंडित दिवाकर प्रसाद शास्त्री ने पूजन संपन्न कराया। इस मौके पर कमला प्रसाद द्विवेदी, गायत्री प्रसाद द्विवेदी, कौशल किशोर शास्त्री, गोविंद शरण द्विवेदी, शिवकांत द्विवेदी, अशोक कुमार द्विवेदी, संतोष शुक्ला प्रदीप शुक्ला दिनेश कुमार द्विवेदी, प्रमोद कुमार द्विवेदी, राम उग्गर द्विवेदी, हिमांशु द्विवेदी आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## 97 .6 अंक के साथ शशांक श्रीवास्तव को मिला जनपद में पहला स्थान, बढ़ाया जनपद का मान



**बस्ती , 30 अप्रैल(तरूणमित्र)।**आज आईसीएसई की 10ई बोर्डपरीक्षा मे शशांक श्रीवास्तव ने 97.6% अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया` इस सफलता का श्रेय शशांक श्रीवास्तव ने अपने गुरुजनों माता-पिता और परिवार के सभी लोगों को दियाे शशांक श्रीवास्तव जखनी के रहने वाले है उनके पिता देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव वर्तमान में गोविंद राम सक्सरिया इंटर कॉलेज बस्ती में गणित के प्रवक्ता है और माता सुषमा श्रीवास्तव ग्रहणी हैं भविष्य में सेंट बेसिल स्कूल के छात्र शशांक श्रीवास्तव इंटरमीडिएट में भी अच्छे अंक प्राप्त कर आईआईटी से बीटेक कर देश की सेवा करना चाहते हैं` शशांक श्रीवास्तव की इस सफलता में परिवार के सभी लोग तथा पारिवारिक सदस्य मित्रों तथा पास पड़ोस के लोगों ने मिठाई खिलाकर प्रसन्नता जाहिर किया`

## बीएसए से विद्यालय के मान्यता के जांच की मांग

**बस्ती , 30 अप्रैल(तरूणमित्र)।** मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के पटखौली निवासी भारतीय जनता पार्टी नेता अजय कुमार ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र देकर गांव में संचालित मार्डन पब्लिक स्कूल की मान्यता और मानको के जांच कराने की मांग किया ।बीएसए को दिये पत्र में कहा गया है कि पटखौली गांव में मार्डन पब्लिक स्कूल संचालित है। यहां के.जी. से कक्षा 10 तक की कक्षायें संचालित की जाती है। विद्यालय न तो मान्यता प्राप्त है न शिक्षा के लिये अनुकूल वातावरण हैं। फीस आदि के नाम पर बच्चों को आये दिन प्रताड़ित किया जाता है।

## जल संरक्षण में प्रतिबद्ध पूर्वोत्तर रेलवे

**गोरखपुर , 30 अप्रैल(तरूणमित्र)।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन अपने सम्मानित यात्रियों को संरक्षित, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही कोचों में पानी की त्वरित आपूर्ति हेतु विभिन्न प्रमुख स्टेशनों पर क्विक वाटरिंग सिस्टम स्थापित कर रहा है। जल संरक्षण हेतु प्रतिबद्ध पूर्वोत्तर रेलवे एक तरफ जहां स्टेशनों पर प्लेटफार्मों की साफ-सफाई मैकेनाइज्ड तरीके से किया जा रहा है वहीं कोचों के धुलाई, आधुनिक ऑटोमेटिक कोच वाशिंग प्लांट द्वारा किया जा रहा है, जिससे पानी की बचत हो रही है। अल्प समय में कोचों में पानी की आपूर्ति के लिए।

# डीएम ने किया गौशाला व गेहूं क्रय केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण,दिए निर्देश

**बस्ती , 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने विकास खण्ड कप्तानगंज के ग्राम सड़वलिया में स्थित गौशाला एवं सहकारी संघ कप्तानगंज गेहूं क्रय केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। ग्राम सड़वलिया में स्थित गौशाला के निरीक्षण में उन्होने पाया कि गौशाला पर दो कर्मचारी कार्यरत है, जिनको मार्च 2025 तक मानदेय मिला है। गौशाला केन्द्र पर 42 पशु है, जिनकी टैगिंग की गयी है। उन्होने दैनिक रजिस्टर को देखा, जो अद्यतन नहीं पाया गया।उन्होने पाया कि पानी पीने के लिए टंकी बनी हुई है एवं भूसा पर्याप्त है तथा बाउन्ड्रीवाल नहीं बनी है। इस परिसर से बाहर दो बीघा में हरा चारा बोया गया है। उन्होने पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि परिसर के बगल स्थित बंजर भूमि में चारे को उगाये एवं दैनिक रजिस्टर को प्रतिदिन अपडेट करें तथा खण्ड विकास अधिकारी बाउन्ड्रीवाल बनाने की कार्यवाही करें।सहकारी संघ कप्तानगंज गेहूं क्रय केन्द्र के निरीक्षण में उन्होने पाया कि केन्द्र पर गेहूँ का तौल नहीं किया जा रहा है। बताया गया कि कल 29 अप्रैल को 14 कुन्तल गेहूँ का तौल ग्राम में किया गया है, किन्तु लाया नहीं गया है। उन्होने देखा कि गेहूँ का क्रय बहुत कम किया गया है। इस स्थिति पर उन्होने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि ग्राम में जाकर कृषको से सम्पर्क कर अधिक से अधिक गेहूँ क्रय करवाया जाय। निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी विजय भान पाण्डेय एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# डीएम व पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का किया निरीक्षण



**देवरिया, 30 अप्रैल(तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने जिला कारागार का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था, कैदियों की देखभाल और उनकी सुविधाओं के बारे में जाना। उन्होंने कारागार में सुरक्षा तंत्र की समीक्षा की कैदियों की निगरानी मजबूत हो, जिससे किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कारागार में रहने वाले कैदियों की स्वास्थ्य सेवा और उनके भोजन व्यवस्था की जांच की। कहा कि कैदियों को अच्छी और सुरक्षित स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें, और उनका इलाज समय पर हो। इसके साथ ही भोजन की गुणवत्ता पर भी ध्यान देने के निर्देश दिया।पुलिस अधीक्षक ने कारागार की सुरक्षा को लेकर कहा कि सुरक्षा इंतजामों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कारागार में उउळश कैमरों का संचालन प्रभावी तरीके से किया जाना चाहिए और सघन गश्त की जानी चाहिए। उन्होंने कारागार के अधीक्षक और अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समय-समय पर निरीक्षण करें और सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखें।

## 5 अभियुक्तों के विरूद्ध की गयी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

**देवरिया, 30 अप्रैल(तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश व नियंत्रण लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जनपदीय पुलिस ने 5 अभियुक्तों के विरुद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। कार्यवाही के अंतर्गत बघौचघाट पुलिस ने अवधेश कुशवाहा पुत्र गंगा निवासी कोइलसवा खुर्द बईटोला व गंगा कुशवाहा पुत्र स्व. सूर्यबली निवासी कोइलसवा खुर्द बईटोला थाना बघौचघाट के विरुद्ध अन्तर्गत धारा ३ उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 के अंतर्गत कार्यवाही की है। कोतवाली पुलिस ने 3 अभियुक्तों आकाश गोड़ पुत्र विजय साकिन रूच्चापार थाना कोतवाली ,अजीत यादव पुत्र पट्टू उर्फ बद्रीनाथ भटवलिया व अमन चौहान पुत्र गुलाब मुड़ाडीह कोतवाली जनपद देवरिया के विरुद्ध अन्तर्गत धारा अंतर्गत कार्यवाही की है ।

# बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक आयोजित

**देवरिया , 30 अप्रैल।(तरूणमित्र)।**जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक विकास भवन स्थित गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में बाढ़ से निपटने के लिए सभी विभागों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूरी करने और किसी भी स्तर पर लापरवाही न होने का निर्देश दिया। उन्होंने नाव मालिकों, नाविकों और गोताखोरों की सूची तैयार करने को कहा। बाढ़ के दौरान पेयजल संकट से बचाव के लिए इंडिया मार्का हैंडपंपों को ऊंचे प्लेटफार्म पर स्थापित करने का निर्देश दिया। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग को पूर्व में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं और टीकाकरणरत बच्चों की सूची तैयार करने को कहा गया। पशुपालन विभाग को पशुओं के लिए टीकाकरण, दवा एवं चारे की समुचित व्यवस्था का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सभी प्रमुख नालों की सफाई जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा जल का निकास बाधित न हो। सीएमओ को एंटी स्नेक वेनम सहित सभी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता को निर्देश दिया। सभी विभागों को माइक्रो प्लान तैयार करने को कहा गया, ताकि संभावित समस्याओं से निपटने के लिए पहले से ही तैयारी की जा सके।अधिशासी अभियन्ता, बाढ़ कार्य खंड देवरिया ने समिति को पीपीटी के माध्यम से जिले की बाढ़ से संबंधित भौगोलिक स्थिति, तटबन्धों, नालों और तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। जनपद में राप्ती, घाघरा, गुर्रा और छोटी गण्डक सहित कुल चार नदियां तथा बथुआ, खनुआ और हाहा नामक तीन प्रमुख नाले हैं। इन पर कुल 40 तटबन्ध निर्मित हैं, जिनकी कुल लम्बाई 241.048 किमी है। इनमें से 7 तटबन्धों पर 8 संवेदनशील स्थल चिन्हित किए गए हैं। जनपद में कुल 22 तटबन्धों, ड्रेनों तथा नालों पर 61 रेगुलेटर कार्यरत हैं। गुर्रा नदी के पिड़राघाट तथा घाघरा नदी के पिण्डी पर वायरलेस स्टेशन स्थापित हैं, जो 24७७ कार्यरत रहते हैं।बाढ़ के दौरान त्वरित सहयोग के लिए समितियों का गठन किया गया है।

# चित्रांश क्लब की पहल पर नगर पालिका लगायेगी 10 नये वाटर कूलर

**बस्ती , 30 अप्रैल(तरूणमित्र)।** बुधवार को चित्रांश क्लब अध्यक्ष प्रकाश मोहन श्रीवास्तव के नेतृत्व में पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मण्डल ने नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा, भाजपा नेता अकुंर वर्मा से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट किया। मांग किया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुये शहर में पुराने वाटर कूलरों की मरम्मत कराकर नये वाटर कूलर स्थापित कराये जांय। इसके साथ ही जीवन दायिनी कुंआनों के अमहट घाट पर स्वच्छता और सौन्दर्यीकरण के लिये प्रभावी कदम उठाये जांय।नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने प्रतिनिधि मण्डल को आश्वासन दिया कि अति शीघ्र 10 नये वाटर कूलर लगवा दिये जायेंगे और अमहट घाट पर स्वच्छता के विशेष स्थायी व्यवस्था करायी जायेगी।प्रतिनिधि मण्डल में चित्रांश क्लब के संस्थापक राजेश चित्रगुप्त, अजय कुमार क्लब के अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

# पद्म विभूषण,पद्म भूषण,पद्म श्री पुरस्कार के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

**संतकबीरनगर, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** क्रीडाधिकारी दिलीप कुमार ने खेल निदेशालय, उ0प्र0 खेल भवन लखनऊ के निर्देश के क्रम में सर्वसाधारण को सूचनार्थ अवगत कराया है कि विगत वर्षों की भॉति आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 को पद्म विभूषण, पदम भूषण तथा पद्मश्री पुरस्कार ऐसे खिलाडियों, महानुभाव/महानुभाओं को प्रदान किया जायेगा जो ओलम्पिक/अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व किया हो और पदक जीते/प्रतिभाग किया हो, पर्वतारोहण तथा खेलों के क्षेत्र में विषेश योगदान दिया हो।उन्होंने बताया कि जनपद संतकबीरनगर के इच्छुक अर्ह एवं ऐसे खिलाडियों, महानुभाव/महानुभाओं जिन्होंने ओलम्पिक/अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उपलब्धि अर्जित की हो, पर्वतारोहण एवं खेल के क्षेत्र में विषेश योगदान दिया हो, अपना पूर्ण बायोडाटा, फोटो सहित निर्धारित प्रारूप पत्र पर व्यक्तित्व व कृतित्व (खेल से सम्बन्धित) के सम्बन्ध में ह्यसाइटेशनह्य (तीन प्रतियों में) प्राप्त कर दिनांक 20 मई 2025 तक इस कार्यालय को निश्चित रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें। उन्होंने बताया कि निर्धारित आवेदन प्रारूप पत्र कार्यालय दिवस में कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा दिनांक 20 मई 2025 के उपरान्त कोई भी आवेदन स्वीकार नही किये जायेगें।

# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित



**संतकबीरनगर, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।बैठक में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल राम प्रकाश मिश्र (अ0प्रा0) द्वारा सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी एवं उपस्थित अन्य समस्त अधिकारी/ पूर्व सैनिक एवं आश्रित/वीर नारियों का हार्दिक स्वागत, अभिनन्दन किया गया एवं दिनॉक 27 मार्च 2025 को सम्पन्न हुई सैनिक बन्धु की बैठक की समीक्षा/प्रगति पर विस्तार से चर्चा किया गया ।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सैनिक कल्याण का कार्यालय एवं अधिकारी आवास के प्रगति के बारे में बताते हुए कहा कि दिनॉंक 01 मई 2025 को कार्यदायी संस्था के साथ बैठक है जिसमें जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी प्रतिभाग करें और यूपीसिडको के प्रतिनिधि से इसके जल्द से जल्द कार्य पूर्ण को निर्देशित किया जायेगा। शहीद सिपाही सत्यवान सिंह, वीर चक (मरणोपरान्त) के मूर्ति स्थापना हेतु बन रहे बेस के बारे में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इसे भी जल्द से जल्द पूरा कराया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने पिछली बैठक के दौरान प्राप्त आवेदनों के समीक्षा/प्रगति पर चर्चा के बाद उपस्थित भूतपूर्व सैनिक एवं उनके आश्रितों के तरफ से आज की बैठक में कोई आवेदन है तो उसे प्रस्तुत करने को कहे जिस पर भूतपूर्व सैनिक मनोज राय पुत्र काशी नाथ राय ने एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिसमें उन्होने जनहित में रोड एवं नाली निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध जिक्र किया है, इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने तत्काल अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत बेलहर कला को निर्देशित किये कि समस्या का निराकरण जॉच कराके जल्द से जल्द निस्तारण करायें। हवलदार योगेन्द्र कुमार, सेना मेडल के तरफ से एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें उन्होने ग्राम -घोरांग कालीमाता मन्दिर से ग्राम-कोड़ी तक खडन्जा या इन्टरलाकिंग लगवाने का जिक्र किया है जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा यह समस्या क्षेत्र पंचायत का जब भी क्षेत्र पंचायत की बैठक होगी तब इस प्रकरण पर विचार विमर्श करते हुए सुलझाया जायेगा ।

अन्त में मुख्य विकास अधिकारी ने अपने सम्बोधन में पी.एम. सूर्यघर योजना, एम.एस.एम.ई. के अन्तर्गत ऋण योजना इत्यादि पर विस्तार से चर्चा किया। अन्त में किसी की तरफ से कोई प्रार्थना पत्र या बिन्दु न होने पर भूतपूर्व सूबेदार यदुनन्दन मिश्रा द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव पारित करते हुए बैठक का समापन किया गया ।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामानुज कनौजिया, पुलिस क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान, जिला सेवायोजन अधिकारी सैनिक एवं सैनिक आश्रित/विधवाएं आदि उपस्थित रहे।

# आईसीएसई रिजल्ट में इंद्रा इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों की शानदार सफलता

**गोंडा , 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिले में इंद्रा इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (आईसीएसई) बोर्ड की कक्षा 10वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। सभी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं और कई विद्यार्थियों ने विषयगत उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य एच. मोलाय ने परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता बच्चों के सतत परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता विद्यालय की गुणवत्ता और अनुशासन का प्रमाण है। मोलाय ने सभी सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इंद्रा इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक इंजीनियर मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने विशेष रूप से उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इनका अनुकरण अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगा। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों की सराहना की और परीक्षा की इस सफलता को समर्पित प्रयासों का परिणाम बताया। विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वालों में सिद्धार्थ सिंह ने प्रथम स्थान (96%) हासिल किया। शौर्य प्रताप सिंह 94% अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि अमोघ श्रीवास्तव ने 93.6% अंकों के साथ तृतीय और श्रेया श्रीवास्तवा 93% अंकों के साथ चतुर्थ स्थान पर रहीं। विषयगत प्रदर्शन की बात करें तो अंग्रेजी में शौर्य प्रताप सिंह (92%) और सिद्धार्थ सिंह (91%) ने श्रेष्ठ अंक प्राप्त किए। हिंदी में सिद्धार्थ सिंह (99%), तूलिका सोनी (98%) और अमोघ श्रीवास्तव (98%) अव्वल रहे। सामाजिक विज्ञान में सिद्धार्थ सिंह (97%), अमोघ श्रीवास्तव, शौर्य प्रताप सिंह और श्रेया श्रीवास्तवा (93% प्रत्येक) ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। गणित में सिद्धार्थ सिंह ने 95% अंक प्राप्त किए जबकि विज्ञान में उन्होंने 94%, शौर्य प्रताप सिंह ने 93% और श्रेया श्रीवास्तवा ने 92% अंक प्राप्त किए। कंप्यूटर विषय में अमोघ श्रीवास्तव ने 99%, सिद्धार्थ सिंह ने 98% और शौर्य प्रताप सिंह ने 97% अंक अर्जित किए।इसके अलावा अनन्या श्रीवास्तव, आदर्श सिंह, पृथ्वी राज चौहान, जावेद आदि ने भी शानदार सफलता हासिल किया है।

# डीएम व एसएसपी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

झांसी, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने बैरक में निरुद्ध महिला कैदियों से बात की एवं उन्हें प्राप्त हो रही सुविधाओं की जानकारी ली।

उन्होंने उनसे स्वास्थ्य के बारे में पूछा गया एवं बीमार होने पर प्रॉपर ईलाज मिलने के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरुद्ध महिला बंदियों द्वारा बताया गया कि बीमार होने पर डॉक्टर द्वारा उनका ईलाज किया जाता है। इस अवसर पर उन्होंने महिला बंदियों के बच्चों को गुब्बारे, चॉकलेट एवं स्नैक्स वितरित कर उनके साथ प्यार दुलार किया।



जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान कारागार में बनी सब्जी एवं दाल को देखा एवं उसकी गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। पाकशाला का निरीक्षण करते हुए उन्होंने साफ सफाई के पुख्ता इंतजामात करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के समय वरिष्ठ कारागार अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सेना को निर्णय लेने की मिली छूट : आशीष

झांसी, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। अपना दल सोनेलाल के कार्यकारी अध्यक्ष और प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष सिंह पटेल ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही सेना को भी निर्णय लेने की छूट दी गई है। उन्होंने भारत पाक युद्ध को लेकर कहा कि ये दो राष्ट्र के बीच का सवाल है, इसमें मेरा टिप्पड़ी करना उचित नहीं है। हालांकि उन्होंने अधिकांश सवालों के सीधे जवाब न देते हुए अपनी पार्टी की विचारधारा जाहिर की। बुधवार को योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट तकनीकी शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण, बाट एवं माप मंत्री और उत्तर प्रदेश की विधान परिषद में सदस्य आशीष सिंह पटेल झांसी के सर्किट हाउस पहुंचे। यहां गार्ड ऑफ ऑनर के बाद उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ता और मऊरानीपुर से अपना दल की विधायक डॉ. रश्मि आर्य से बात की। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से मुलाकात करते हुए उनके सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना अमानवीय कृत्य है, इस पर हर भारतीय कड़ी निंदा कर रहा है। वहीं, सिंधु जल समझौता निरस्त करने के बाद पाकिस्तान पर हमले के सवाल पर उन्होंने कहा कि देखिए ये दो राष्ट्रों के बीच की बात है, इस पर मेरा टिप्पणी करना उचित नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसको लेकर कल की बैठक में सेना को निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र किया है।

# एलपीजीसीएल ने किया ई-सिक जागरूकता एवं नि: शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

ललितपुर, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। ललितपुर पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड में ई-सिक जागरूकता सत्र एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 150 कामगारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ईएसआईसी अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को ई-सिक की विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का तत्काल समाधान भी किया। जागरूकता सत्र के उपरांत सभी उपस्थित लोगों का निःशुल्क चिकित्सा परीक्षण किया गया तथा लगभग 150 कामगारों एवं कर्मचारियों को निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। जिससे कार्यस्थल पर




एक सकारात्मक एवं सहयोगी वातावरण का संचार हुआ।

इस दौरान ईएसआईसी की ओर से मेडिकल ऑफिसर/प्रभारी डा. रचना पिपरी, डा. पुष्पेन्द्र कुमार, राजेन्द्र सिंह राठौर, सुनीता कुमारी, अशोक कुमार, संतोष कुमार, सोना देवी, ज्वाला देवी, एलपीजीसीएल से अध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव, मानव संसाधन एवं प्रशासन उपाध्यक्ष अखिलेश खुरसवार, प्रदीप कुमार सिंह, डा. बी. के. सिंह, सुजीत सिंह, शंभूनाथ मिश्रा, त्रिभुवन नारायण तिवारी आदि मौजूद रहे।

## फूल बंगला में विराजे कुंजबिहारी सरकार, चरण दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

झांसी, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। अक्षय तृतीया एवं परशुराम जयंती के पर सिविल लाइन ग्वालियर रोड स्थित कुंजबिहारी मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के चरण दर्शन एवं उनकी प्राण प्रियतमा राज राजेश्वरी राधिका सर्वेश्वरी जू की मनोहारी छवि की एक झलक पाने को हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंदिर में भगवान श्री कुंजबिहारी सरकार के चरण दर्शन का सिलसिला प्रातः 7 बजे से ही शुरू हो गया जो देर रात्रि तक चलता रहा। प्रातःकाल मंदिर में विराजमान सभी विग्रह मूर्तियों का पावन अभिषेक उपरांत श्रृंगार कर झांकी सजायी गयी तथा भगवान श्रीकुंजबिहारी एवं राधिका जू के पावन चरणों में दिव्य एवं भव्य फूल बंगला सजाकर अर्पित किया गया साथ भगवान के गर्भगृह के



सामने बने चौक को जल से लबालब भरा गया ताकि सरकार को मौसम की तपिस न लगे और हर समय सुखद ठंडक का अहसास होता रहे। फूल बंगला श्रृंगार सेवा गुरु पूर्णिमा तक नित्य जारी रहेगी।

प्रत्येक मंगलवार को पूरे मंदिर परिसर में फूलबंगला सजाया जायेगा। प्रातः एवं सायंकाल शास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन किया गया जिसमें बुन्देलखण्ड के ख्याति प्राप्त कलाकारों ने पद गायन किये तथा वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर बुन्देलखण्ड धमार्चार्य महंत राधामोहन दास महाराज ने बताया कि आज ही के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने माता यशोदा सहित सभी ब्रजवासियों को भगवान बद्रीनारायण के चरण दर्शन कराये थे,इसीलिये आज का महत्व और भी बढ़ जाता है। संगीत गायन एवं दर्शनों का सिलसिला देर रात्रि तक चलता रहा।

राधामोहन दास ने फूलों से ही भगवान की आरती कर पुष्प सेज पर शयन कराया। मंदिर में आये सभी श्रद्धालुओं को सत्तू गुड़ का प्रसाद वितरित किया गया। पुजारी मदनमोहन दास, पुजारी बालकदास एवं व्यवस्थापक परमानंददास ने सभी व्यवस्थायें संभाली।

# स्वर्णकार भारती सेवा संस्थान की राष्ट्रीय बैठक संपन्न

## ○ कृष्णकान्त सोनी बने पत्रकार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष ○ समाजजनों का किया गया सम्मान

ललितपुर, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। स्वर्णकार भारती सेवा संस्थान की महत्वपूर्ण बैठक झांसी में संपन्न हुई। बैठक में संस्था के संयोजक योगेंद्र वर्मा मेरठ ने संस्थान की यात्रा में बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपनी ताकत पहचानी चाहिए और एकजुट होकर समाज के कल्याण और समाज की अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति का किस प्रकार उत्थान हो सके, इसके लिए हम सभी को सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए।

प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सोनी जीतू ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में कुछ ऐसे लोग भी है जो समाज से संगठन के नाम पर आकर जनहित कार्यो के नाम पर चंदा उगाही का काम करते है लेकिन कोई काम न



कर सिर्फ चंदे से जुटाई हुई राशि को बर्बाद करने का काम करते है ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनका विरोध किया जाना चाहिए।राष्ट्रीय संयोजक योगेंद्र वर्मा ने कृष्णकांत सोनी को पत्रकार प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया और मनोनयन पत्र, शील्ड एवं मैडल दिया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद सोनी, ललितपुर नगर अध्यक्ष पंकज सोनी, जिला उपाध्यक्ष राजेश सोनी सहित

अन्य जनपदों से आए स्वर्णकार बंधुओं एवं समाज के वरिष्ठ जनों को भी सम्मानित किया गया। संचालन जितेंद्र सोनी जीतू एवं आभार राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा शंकर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर संरक्षक मोहन सोनी, विजय सोनी, दिनेश सोनी दिन्नू, वीरेंद्र वर्षाइया, डॉ प्रमोद सोनी, रमाकांत सोनी, प्रमोद सोनी, दीपू महोबिया, प्रभात सोनी, जितेंद्र मीनाकर, कुलदीप सोनी, अतुल सोनी, शिवम सोनी, मथुरा प्रसाद सोनी, पंकज सोनी आदि सभी स्वर्णकार बंधु जन उपस्थित रहे।

# मिर्चवारा कोटेदार पर राशन के चावल की कालाबाजारी का आरोप

## पूर्ति निरीक्षक चन्द्रशेखर सहाय ने थाना बार में दी तहरीर

ललितपुर, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। अप्रैल में आवश्यक वस्तुओं का वितरण प्रतिशत कम होने पर पूर्ति निरीक्षक चन्द्रशेखर सहाय द्वारा ब्लाक बार के ग्राम मिर्चवारा का औचक निरीक्षण में दुकान बंद मिली। मौके पर विक्रेता भी उपस्थित नहीं मिले। इसके बाद मौके पर मौजूद टीम ने दुकान को सील कर नमूना ले लिया। टीम ने गांव में घूम-घूम कर राशन कार्ड धारकों से खाद्यान्न वितरण की जानकारी ली। टीम ने मौके पर एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों के मौखिक बयान दर्ज कराये, जिसमें व्यापक पैमाने पर अनियमितताएं प्रकाश में आयीं। पूरे मामले की जानकारी



जिलाधिकारी को दी गयी।

डीएम के आदेश पर तैनात किये गये उप जिला मजिस्ट्रेट निशांत तिवारी को उक्त उचित दर विक्रेता की दुकान की सील खोलने के लिए नामित किया गया। बताया कि 28 अप्रैल को उप जिला मजिस्ट्रेट निशांत तिवारी की उपस्थिति में कोटेदार बृजेन्द्र सिंह की दुकान का अवलोकन किया गया, जहां सील यथावत मिली। तदोपरांत विक्रेता के पुत्र हरेन्द्र सिंह की मौजूदगी में दुकान में रखे गेंहू को बाहर निकालवाकर गिनवाया गया, तो दुकान में 165 बोरियां गेंहू की पायी गयी, जिनमें प्रत्येक क्षमता 50 किग्रा की थी। जबकि दुकान में चावल की बोरियां नहीं मिली। हरेन्द्र ने बताया कि वह अपने पिता बृजेन्द्र सिंह के साथ दुकान का संचालन करता है। मौके पर अभिलेखों का मिलान किया गया तो गेंहू की चार बोरियों में 2 कुन्तल अधिक गेंहू पाया गया, जबकि चावल की 103.742 किग्रा यानी 207 बोरियां चावल की कम पायी गयी। इस पर पूर्ति निरीक्षक ने थाना बार पुलिस को तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

## सपा पोस्टर के विरोध में भाजपा ने किया प्रदर्शन

बांदा, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। बुधवार को जिले में उस वक्त सियासी माहौल गर्मा गया जब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा लगाए गए एक पोस्टर में डाक्टर भीमराव अंबेडकर की आधी तस्वीर के साथ अपना चेहरा जोड़े जाने का मामला सामने आया। इस पर आपत्ति जताते हुए भारतीय जनता पार्टी ने डाक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और अखिलेश यादव मुर्दाबाद के नारे लगाए। भाजपा जिलाध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी, नगर व ग्रामीण इकाइयों के कार्यकर्ता प्रदर्शन में मौजूद रहे।बीजेपी नेताओं ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी ने बाबा साहब की छवि के साथ छेड़छाड़ कर न केवल दलित समाज का अपमान किया है, बल्कि उनकी विचारधारा को भी धूमिल करने का प्रयास किया है।

# भगवान परशुराम के जीवन से लें प्रेरणा - राममूर्ति

## सपा कार्यालय में भगवान परशुराम जयंती मनाई

ललितपुर, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। भगवान परशुराम का जन्मोत्सव समाजवादी पार्टी कार्यालय में मनाया गया। अध्यक्षता राममूर्ति तिवारी ने की, वहीं मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव रहे। संचालन प्रमोद इमलिया ने किया।

इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी राममूर्ति तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम जयंती का सनातन धर्म में अत्यधिक महत्व है। भगवान परशुराम, भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं और भगवान शिव के महान भक्त माने जाते हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष



नेपाल सिंह यादव, करने पटेल, नरेंद्र सिंह राजपूत, हरिसिंह यादव अरशद मंसूरी, ओमप्रकाश कुशवाहा, शैलेन्द्र यादव, विक्की रजक सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अंत में नेपाल सिंह यादव ने आभार व्यक्त किया।

## बाल विवाह रोकथाम को लेकर समिति ने चलाया जागरूकता अभियान

चित्रकूट, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति ने बाल विवाहों की रोकथाम के लिए धर्मगुरुओं के साथ जागरूकता अभियान चलाया।

जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति सचिव शंकर दयाल ने कहा, धर्मगुरुओं से मिला सहयोग व समर्थन अभिभूत करने वाला, इस अक्षय तृतीया जिले में नहीं होगा एक भी बाल विवाह बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली है और सभी धर्मगुरुओं ने इसकी सराहना करते हुए समर्थन का हाथ बढ़ाया है। बाल विवाह किसी पंडित, मौलवी या पादरी जैसे पुरोहित के बिना संपन्न नहीं हो सकता, हमने उन्हें बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ने का फैसला किया। अभी भी देश में बाल विवाह के खिलाफ जरूरी जागरूकता की कमी है।

# बाल विवाह कुरीति को दूर करना जरूरी-कुमार

चित्रकूट, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। अक्षय तृतीया पर बाल विवाह जैसी कुरीति को रोकने को लेकर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मानिकपुर क्षेत्र के ग्राम केकरामार, ऊंचाडीह में बाल विवाह की रोकथाम के लिये जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष बाल कल्याण समिति राकेश माथुर, यूनिसेफ सदस्य राजेश कुमार सैनी, टीम बाल कल्याण अधिकारी एवं थाना मानिकपुर पुलिस टीम द्वारा ग्राम केकरामार ऊंचाडीह में ग्रामवासियों को बताया कि बाल विवाह जैसी कुरीति को रोकना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल कानूनन अपराध है,



बल्कि बच्चों के भविष्य और उनके अधिकारों का हनन है अपने आसपास के लोगों को बताएं, अपने परिवार, पड़ोसियों और मित्रों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करें।

उन्हें बताएं कि यह बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य और मानसिक विकास पर कितना बुरा प्रभाव डालता है। सभी से अपील की गयी कि यदि आपको अपने आसपास कहीं भी बाल विवाह की आशंका हो, तो तुरंत स्थानीय पुलिस या हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 112, 1098, 181, 1090, 1076 पर सूचना दे।

## दो उपनिरीक्षक हुए सेवानिवृत्त एसपी ने दी विदाई

चित्रकूट, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस विभाग में अपनी सेवा देने वाले व उपनिरीक्षक सुखलाल, महिला उपनिरीक्षक गुड्डी देवी का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट ने सेवानिवृत्त हो रहे उपनिरीक्षक सुखलाल को माला पहनाकर एवं उपनिरीक्षक गुड्डी देवी को पुष्प गुच्छ देकर व प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई।

## अक्षय तृतीया पर विभिन्न कार्यक्रम संपन्न

झांसी, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। भगवान महावीर निर्वाण महामहोत्सव समिति द्वारा रानी लक्ष्मीबाई पार्क के सामने स्थित श्री चंद्रप्रभु जिनालय में अक्षय तृतीया पर्व प्रदीप जैन आदित्य के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। आरंभ में भगवान आदिनाथ की प्रतिमा का अभिषेक शांति धारा की गई। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष सुभाष जैन सत्यराज ने बताया कि जैनधर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) के 400 दिन के उपवास के बाद राजा श्रेयांश ने आज ही के दिन ( इक्षु रस ) गन्ने का रस पिलाकर (पाडना) आहार दान दिया था जिस कारण जैन समाज आज का दिन आहार दान के रूप में मनाता है। इस अवसर पर सत्यराज परिवार द्वारा जिनालय के सामने स्टॉल लगाकर गन्ने के रस का वितरित किया गया। इस अवसर पर शैलेन्द्र जैन, अशोक जैन, एंजी सतीश चंद, बी के मोदी, आर के जैन, प्रदीप छत्रपुर, आर के जैन, राजीव अहिंसा, प्रभात जैन, सी ए दीपक जैन, डा प्रदीप जैन, विक्रम जैन, विष्णु जैन, संकेत जैन, सौरभ जैन बिजली, अमित जैन, श्रीमती रीता आदित्य, साधना जैन, मंजुला जैन, डा नीलम, निधि जैन, प्रतिभा जैन सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे। संचालन संजय जैन कर्नल व आभार अरुण जैन ने किया।

## पाठा के आदिवासी बस्ती में भजनाश्रम ट्रस्ट ने बांटी खाद्य सामग्री



चित्रकूट, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। तहसील मानिकपुर क्षेत्र के काली घाटी स्थित टाठा कोलान आदिवासी बस्ती में दो सौ गरीब लोगों को भगवान भजनाश्रम सेवा ट्रस्ट वृंदावन शाखा के तत्वावधान में उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम ने खाद्य सामग्री व रोजमर्रा की जरूरी चीजें बांटी गई।

भगवान परशुराम जयंती तथा अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर ट्रस्ट कोषाध्यक्ष बिहारी लाल सर्राफ तथा अध्यक्ष सेठ नवल कनौडिया की सहायता से उप जिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम ने संस्था द्वारा की गई इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मानवता की सेवा से बढ़कर और कोई सेवा नहीं है ऐसे लोग और ऐसी संस्थाएं जो निराश्रित जरूरतमंद लोगों को समय-समय पर खाद्य सामग्री वहां जरूरी सामान वितरित करते है। पाठा के घाटा कोलान बस्ती के गरीबों को भगवान भजनाश्रम संस्था द्वारा बहुत अधिक मात्रा में खाद्य सामग्री व अन्य जरूरी सामान वितरित किया गया। भागवत भूषण बृजेंद्र शास्त्री ने कहा कि यह संस्था विगत कई वर्षों से गरीबों जरूरतमंदों साधु संतों की सेवा करने में जुटी है।

# पहलगाम आतंकी हमले को लेकर गौ रक्षा समिति ने किया विरोध प्रदर्शन

बांदा, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के जिला मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के पदाधिकारियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया साथ ही इस हमले में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। यह विरोध प्रदर्शन तथा कैंडल मार्च समिति के जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति के नेतृत्व में नगर क्षेत्र के लोहिया पुल के पास स्थित कान्हा कुंज से प्रारंभ होकर चमरौडी चौराहा में जाकर समाप्त हुआ। इस मौके पर विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के पदाधिकारियों ने



पाकिस्तान मुर्दाबाद तथा पाकिस्तान होश में आओ के नारे लगाए, साथ ही इस जघन्य हत्याकांड में दोषी लोगों पर जल्द से जल्द कार्यवाही की जाने की मांग की है। पदाधिकारियों ने कहा कि यह घटना बहुत ही दुखद है और इस अपराध के लिए दोषियों को क्षमा नहीं किया जाना चाहिए। आज पूरा देश इस घटना की निंदा कर रहा है और इसमें कई मासूम लोगों की जान गई है जोकि अत्यंत ही कष्टदाई है।

इस विरोध प्रदर्शन एवं कैंडल मार्च में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया साथ ही इस घटना के प्रति अपनी नाराजगी एवं घटना में दिवंगत हुए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस दौरान पदाधिकारी वरिष्ठ भाजपा नेता आयुष त्रिपाठी मातृशक्ति जिला अध्यक्ष श्रद्धा पार्वती गुप्ता जिला संयोजक श्रद्धा गुप्ता सुकीर्ति गुप्ता विनीता कौशल पुष्पा देवी सुनीता विश्वकर्मा प्रीति साहू जिला संयोजक गौ रक्षा समिति महेश तिवारी जिला प्रभारी सुरेश कान्हा जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी जिला सह प्रभारी आलोक कुमार निगम जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र द्विवेदी जिला उपाध्यक्ष आलोक प्रजापति तहसील अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता नगर अध्यक्ष बृज किशोर द्विवेदी नगर उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता विनोद कुमार वर्मा नगर उपाध्यक्ष रामकरण पाल संदीप पाल प्रद्युम सिंह चंदेल युवा नगर अध्यक्ष उदय प्रताप डेविड पैलानी तहसील अध्यक्ष पवन कुमार द्विवेदी एवं समाजसेवी लोग मौजूद रहे।

## भगवान परशुराम का धूमधाम से मनाया गया जन्मोत्सव

बांदा, 30 अप्रैल (तरुणमित्र)। भगवान परशुराम महासभा के तत्वाधान में सीएमओ आवास के सामने स्थित दनादन हाउस में महासभा के मंडल अध्यक्ष संकटा प्रसाद त्रिपाठी की अध्यक्षता में भगवान परशुराम का जन्म उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अपने विचार प्रकट करते हुए डाक्टर संजय द्विवेदी दनादन मंडल महासचिव ने कहा कि भगवान परशुराम अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने का राष्ट्र को एक संदेश दिया आज आवश्यकता है राष्ट्र निर्माण में एक एकजुट होकर काम करने की कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित जी ने कहा कि ब्राह्मण समाज का धर्मशाला होना चाहिए कामदगिरि परिक्रमा में धर्मशाला बनवाने पर जोर दिया गया वहीं निवर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे जी ने कहा कि प्रत्येक माह संगठन की मीटिंग करना चाहिए जिससे संगठन बलवती हो इस बात का समर्थन प्रबुद्ध जनों द्वारा किया गया महासभा के मंडल अध्यक्ष संकटा प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि चित्रकूट मंडल के सभी जिलों में कमेटियों का गठन कर मंडल स्तरीय सम्मेलन आहूत किया जाएगा।

# व्यापारियों ने आतंकवाद व पाकिस्तान के विरोध में नारेबाजी कर फूंका पुतला

## श्रद्धांजलि सभा में व्यापारियों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का दिया संदेश

**जालौन/उरई, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 निर्दोष भारतीयों की नृशंस हत्या से नगरवासियों में शोक और आक्रोश का माहौल है। इस हृदयविदारक घटना के विरोध में गल्ला व्यापार कल्याण समिति के आवाहन पर गल्ला मंडी में व्यापार ठप रहा। गल्ला व्यापारियों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन राधा कृष्ण मंदिर के पास किया। इसके बाद व्यापारी मंदिर परिसर से आतंकवाद विरोधी पुतला लेकर गल्ला मंडी गेट पर पहुंचे। जहां आतंकवाद व पाकिस्तान के विरोध में नारेबाजी की गई और पुतला फूंका गया।




गल्ला व्यापार कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा की शुरूआत दो मिनट के मौन व्रत के साथ हुई, जिसमें उपस्थित गल्ला व्यापारियों ने गहरी संवेदना प्रकट की। राधा कृष्ण मंदिर परिसर के पास आयोजित श्रद्धांजलि सभा में व्यापारियों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया। सभा में समिति अध्यक्ष प्रेमदास गुप्ता ने मौजूद इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए केंद्र सरकार से मांग की कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए प्रभावी रणनीति तैयार की जाए। पुष्पेंद्र सेंगर ने कहा, कि पहलगाम में जो अमानवीय कृत्य हुआ, वह सम्पूर्ण देश की आत्मा को झकझोर देने वाला है। यह सिर्फ उन 28 परिवारों की नहीं, बल्कि पूरे भारतवर्ष की क्षति है। हमे आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ता से खड़े होना होगा और इसका समूल नाश करना होगा। मोहन कुशवाहा ने कहा कि आतंकवाद की इस बर्बरता के आगे हम सब एकजुट होकर खड़े हैं। ऐसे क्षणों में समाज का प्रत्येक वर्ग पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा होना चाहिए। हम सभी की प्रार्थनाएं और संवेदनाएं उनके साथ हैं। अंत मे मंदिर परिसर से आतंकवाद के खिलाफ पुतला निकाला गया।

पुतले को हाथ मे लेकर व्यापारी पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। गल्ला मंडी गेट पर पुतले का दहन किया गया। बता दें, आतंकवाद के खिलाफ गल्ला व्यापारियों ने एकजुटता दिखाते हुए बुधवार को अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। इस दौरान मंडी में फसल की खरीद फरोख्त बंद रही। इस मौके पर भूरे मामा, पुष्पेंद्र सेंगर, नरेश अग्रवाल, शिवशंकर सिंह, नरेश गुप्त, शाहिद मंसूरी, मुनेद्र गुर्जर, रामू गुप्ता, अशोक गुप्ता, आत्माराम पांडेय, मोहन कुशवाहा, विशाल राठौर, अंशुल सक्सेना, गौरव गुर्जर, लालू गुप्ता, महेंद्र द्विवेदी, राजू राठौर, सौरभ अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## मेधावी छात्रा सम्मान समारोह हुआ सम्पन्न

**कोंच/उरई, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** गल्ला मंडी स्थित शैक्षणिक संस्था सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मे मेधावी छात्रा सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मूलचंद निरंजन, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सतेंद्र निरंजन शीलू, पड़री विद्यालय के अध्यक्ष आर. बी. मिश्र, उपाध्यक्ष डॉ दिलीप अग्रवाल, प्रबंधक नरसिंह गहरवार, एडवोकेट सह प्रबंधक मधु गुप्ता, कोषाध्यक्ष शिवप्रसाद निरंजन, बृजमोहन तिवारी, सदस्य विनोद गुप्ता, डॉ नीता रेजा, ओ.डी. गुप्ता, आनंद समरया सहित विद्यालय की प्रधानाचार्या आभा तिवारी मंचस्थ रही।

कार्यक्रम मे सभी अतिथिओ ने माँ सरस्वती का पूजन कर वंदना की एवं कक्षा 12 बोर्ड पतीक्षा मे नगर टॉप करने वाली छात्रा राशि तिवारी कक्षा 10 मे, विद्यालय टॉप करने वाली छात्रा मान्या द्विवेदी के साथ कक्षा दशम एवं द्वादश की टॉप 10 छात्राओ मे सत्या साध्वी पटेल, कोशिकी सोनी, निशा कुशवाहा, अंजलि देवी, साजुल, आशी तिवारी, अनुष्का कुशवाहा, प्राची, अनुष्का पटेल, अंशिका राठौर, रिया कुशवाहा, ऋषिका वर्मा, भाव्या पुरोहित, वेदिका अवस्थी, सृष्टि दीक्षित, कामनी देवी, दिव्यांशी पाठक, शिवि द्विवेदी, हर्षिता झा, तपस्या गुप्ता, गरिमा पटेल, राखी गुप्ता को मंच द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक मूलचंद निरंजन एवं विशिष्ट अतिथि प्रदीप गुप्ता ने सभी छात्राओ को शुभाशीष दिया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्या, शिक्षक, शिक्षिकाओ, घोष वाली छात्राओ का भी सम्मान मंच द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### नाला पर अवैध कब्जा करने का लगाया आरोप

**कोंच/उरई, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम जुझारपुरा निवासी शैलेन्द्र सिंह पुत्र राम किशोर ने दिन बुधवार को उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मेरे ग्राम में गाटा संख्या 133 जो नाला के लिए चिन्हित है नाला के बाद आराजी नम्बर 176 रकवा 8.984 हे. है जो सीता देवी पत्नी रामकिंकर व रामकिंकर पुत्र कौशल किशोर गूजर की आराजी है जबकि मेरे ग्राम से 133 नम्बर लगा हुआ है। जिसमें बरसात का पानी चला जाता है उपरोक्त रामकिंकर ने जबरन ताकत के बल पर उक्त नाला को अपने खेत मे मिला लिया है। जिस कारण मेरे खेत का पानी खेत मे भरा रहा जाता है। जिससे मेरा खेत डला रह जाता है बुबाई नहीं हो पाती है शैलेन्द्र सिंह ने एसडीएम से उक्त नाला खुदवाए जाने की मांग की है।

### गाली, गलौज कर की मारपीट

**कोंच/उरई, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भेंड़ निवासिनी संगीता पत्नी भगवानदास वर्मा उर्फ राजेश कुमार ने दिन बुधवार को कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि घटना दिनांक 30 अप्रैल 2025 समय करीब 03 बजे सुबह की है। जब मेरे पति भगवानदास वर्मा उर्फ राजेश कुमार पुत्र प्रभु दयाल जिसका मेरी भावी से अवैध सम्बन्ध हैं। इसी बात को लेकर उक्त ने मुझको गन्दी-गन्दी गालियां दी मेरे मना करने पर उसने मुझको लोहे के सरिया से मारा पीटा। जिससे मेरे सिर व हाँथ पैर में काफी चोटे आयीं है और मुझे व मेरे मायके बालों को जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता ने पुलिस से उक्त के खिलाफ समुचित कार्यवाही किये जाने की मांग की है। जिस पर पुलिस मामले का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच में जुट गई है।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**मौदहा हमीरपुर, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** सिसोलर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मौदहा सिसोलर मार्ग पर सिसोलर तिराहे से लगभग चार सौ मीटर दूर कनेरा डेरा कैथी निवासी अमर सिंह को देशी शराब जिसमें मस्तीह, झूम,ब्लू आदि छाप की थी के साथ गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### छः लोगों के खिलाफ हुई कार्यवाही

**जालौन/उरई, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** विभिन्न मामलो में सूचना मिलने पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दहगुवा में सुरेश कुमार ने रविकांत के साथ शराब के नशे में मारपीट कर दी। जालौन निवासी बलराम शराब पीकर मोहल्ले में उत्पात मचा रहा था। अममरगढ़ में रोहित ने अपने ताऊ रामलला के साथ पारिवारिक कारणों के चलते मारपीट कर दी। आकाश निवासी मुहल्ला फर्दनवीस व योगेंद्र निवासी ग्राम वासोप थाना कोंच फर्डनवीस मोहल्ले में मारपीट कर रहे थे। पीड़ितों व मोहल्लेवासियों की सूचना पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### नगर में धूमधाम से मनाई परशुराम जयंती

**मौदहा हमीरपुर, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** भगवान परशुराम जयंती का कार्यक्रम कस्बे मे बड़े ही उत्साह साथ मनाया गया। अबूझ मुहूर्त में क्षेत्र वासियों ने अपने नए-नए कार्यों की शुरूआत की। भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जयंती पूरे देश में बड़े ही श्रद्धा के साथ मनाई गयी। इसी प्रकार कस्बे के सरस्वती शिशु मंदिर में कस्बा वासियों ने धूमधाम से जयंती का उत्सव मनाया। यह शुभ मुहूर्त हमें वीरता सत्य धार्मिकता एवं अनुशासन जैसे गुणों को याद करते हुए भगवान परशुराम के पद चिन्हों पर चलने की प्रेरणा प्राप्त की। इस अवसर पर नेशनल इंटर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता संतोष त्रिपाठी ने परशुराम जी के वीरता अनुशासन धार्मिकता के बारे में विस्तार से चर्चा किया।

# डीएम के निर्देशन में अवैध कब्जों पर चला बुलडोजर

**उन्नाव, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश के क्रम में सहायक अभिलेख अधिकारी प्रशांत कुमार नायक के नेतृत्व में कटरी पीपरखेड़ा की भूमि संख्या 1704 रकवा पांच बीघा, 1757 रकवा बीघा,1763 रकवा एक बीघा,1767 रकवा आधा बीघा, 1628 रकवा तीन बीघा,921 रकवा ढाई बीघा, 922 रकवा दो बीघा 925 रकवा डेढ़ बीघा कुल नौ गाटे लगभग 20 बीघा जमीन से अवैध कब्जा हटाए गए। इस जमीन पर कुछ लोगों द्वारा छोटी सी नींव भर कर और एक-एक फीट की बाउंड्री बनाकर अवैध कब्जा किया गया था। सहायक अभिलेख अधिकारी ने बताया कि इन लोगों को पूर्व में ही कई बार नोटिस दी गई है। परंतु अवैध कब्जेदारियों द्वारा ना ही अवैध कब्जा हटाया गया और ना ही अपने कब्जे के संबंध में कोई साक्ष्य प्रस्तुत किया गया।

अवैध कब्जों को जेसीबी के माध्यम से खाली करवाया गया जिसकी कुल बाजारू कीमत लगभग 40 करोड रुपए है। सभी जमीनों की पिलर लगाकर फेंसिंग की गई और सरकारी भूमि का बोर्ड लगाया गया और यह भी चेतावनी दी गई कि यदि दोबारा किसी के द्वारा अवैध कब्जा किया जाएगा तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करके भू माफिया के रूप में घोषित कर दिया जाएगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को ले पुलिस क्षेत्राधिकारी के साथ समन्वय बैठक सम्पन्न

**उरई, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 10 मई 2025 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव के निर्देशन में जिले के पुलिस क्षेत्राधिकारी के साथ समन्वय बैठक सम्पन्न हुयी।



प्रभारी सचिव जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अर्पित सिंह ने उपस्थित पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया कि आप अपने स्तर से सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को इस आशय का निर्देश निर्गत करें कि वे विभिन्न न्यायालयों से निर्गत सम्मन/नोटिसों का तामीला शत्प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें, क्यों कि यह तथ्य संज्ञान में आया है कि कतिपय थानों से सम्मन/नोटिसों का तामीला सही ढंग से नहीं कराया जाता है। इस सम्बन्ध में ढिलाई न बरती जाये। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त गाइड-लाइन्स के अनुपालन में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं/विधिक जागरूकता कार्यक्रमों में प्रशासन एवं अन्य विभागों का सहयोग बनाने तथा ग्रामीण एवं शहरीय क्षेत्रों में कार्यरत पैरालीगल वालंटियर्स को उनके कार्यों में आवश्यक सहयोग देने हेतु उपस्थित क्षेत्राधिकारी पुलिस को निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित जिले के क्षेत्राधिकारी पुलिस ने पूर्ण सहयोग दिये जाने का आश्वासन दिया। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी जालौन शैलेन्द्र वाजपेयी तथा प्रतिनिधि पुलिस क्षेत्राधिकारी कालपी संजय सिंह उपस्थित रहे।

# हृदयनारायण दीक्षित को मिला पद्मश्री सम्मान, जिले को दिलाया गर्व

## पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, पत्रकार और साहित्यकार के रूप में बहुमुखी योगदान

**उन्नाव, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जनपद के लिए यह गौरव का क्षण है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हृदयनारायण दीक्षित को वर्ष 2025 के पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन की उपलब्धि है, बल्कि समूचे जिले को गौरव की अनुभूति कराता है।

गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर पद्म पुरस्कारों की घोषणा की जाती है, जो देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। ये पुरस्कार तीन श्रेणियों–



पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री–में दिए जाते हैं। वर्ष 2025 के लिए कुल 139 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की गई, जिनमें 113 पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं। इस वर्ष सम्मानित व्यक्तियों में 23 महिलाएं, 10 विदेशी/एनआरआई/पीआईओ/ओसीआई और 13 मरणोपरांत पुरस्कार प्राप्तकर्ता भी शामिल हैं।

हृदयनारायण दीक्षित का चयन साहित्य, पत्रकारिता और समाजसेवा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए किया गया है। वे उत्तर प्रदेश सरकार में संसदीय कार्यमंत्री और पंचायती राज मंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने भाजपा के जिला अध्यक्ष से लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य और पार्टी के मुख्य प्रवक्ता जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। राजनीति के साथ-साथ उनका साहित्य और पत्रकारिता में भी विशिष्ट स्थान रहा है। उन्होंने लंबे समय तक समाचार पत्रों के माध्यम से आम जनमानस की आवाज को प्रमुखता से उठाया। 2017 में उन्होंने भगवंतनगर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतकर विधानसभा अध्यक्ष का पद भी संभाला। पद्मश्री सम्मान मिलने के बाद जनपदवासियों और उनके शुभचिंतकों में हर्ष की लहर है। सभी ने इस सम्मान को दीक्षित की सादगी, समर्पण और जनसेवा की स्वीकार्यता के रूप में देखा है।

# प्राथमिक शिक्षक आज बीएसए कार्यालय पर देंगे धरना

**कोंच/उरई, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर प्राथमिक शिक्षक आज 1 मई को दोपहर 12:30 बजे बीएसए कार्यालय पर धरना देंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ विकास खंड नदीगांव के अध्यक्ष ओमप्रकाश निरंजन, कृष्णकांत वाजपेयी, उपवन सिंह, प्रेमचंद्र निरंजन ने संयुक्त रूप से बताया कि धरना प्रदर्शन के बाद संगठन के जिलाध्यक्ष विद्यासागर मिश्रा एवं जिला मंत्री नरेश निरंजन के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को 14 सूत्रीय मांगपत्र दिया जाएगा जिसमें पुरानी पेंशन बहाली, विद्यालय समय परिवर्तन, मध्यान्ह भोजन निर्माण के लिए धनराशि/खाद्यान्न का समय से भुगतान, पदोन्नति/स्थानांतरण आदि विभिन्न मांगों का समावेश होगा। उन्होंने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं से धरना प्रदर्शन में शामिल होकर अपनी ताकत दिखाने का आह्वान करते हुए कहा कि जब तक धरना चलेगा हम सभी फट्टे पर बैठेंगे क्योंकि विगत कई वर्षों से शिक्षकों की मांगों पर शासन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है जिसके कारण शिक्षक समुदाय धरना प्रदर्शन करने पर विवश हुआ है।

# छात्राओं को पर्यावरण एवं प्रकृति के प्रति किया गया जागरूक

**महोबा, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं में पर्यावरण चेतना एवं प्रकृति के प्रति और अधिक लगाव पैदा करने के उद्देश्य को लेकर पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसके अंतर्गत वृक्षारोपण, अपशिष्ट प्रबंधन, सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति जागरुकता, जल, जंगल, ऊर्जा बचाने आदि से संबंधित रैली निकली गई एवं प्रतियोगिताएं कराई गईं , साथ ही इको क्लब फॉर्मेशन लाइव के अंतर्गत विभिन्न टीमों का गठन किया गया। जिसकी नोडल कल्पना अग्रवाल एवं



सह नोडल रोहिणी पटेल बनाई गई।

पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा की प्रधानाचार्या सरगम खरे ने गठित टीमों को संबोधित करते हुए कहा कि जल निकाय, जैव विविधता, स्वच्छता तथा पौधारोपण करने के प्रति खुद भी जागरूक हों तथा परिजनों व आस पड़ोस के लोगो को भी जागरूक करें।

# मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**मौदहा हमीरपुर, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** यूपी बोर्ड के मेधावी छात्र-छात्राओं का यूनिवर्सल कोचिंग सेंटर में सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्रो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बुधवार को कस्बे के हैदरगंज स्थित यूनिवर्सल कोचिंग संस्थान में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के दर्जनों मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण हुए मेधावियों को कोचिंग संचालक कामरान अहमद द्वारा ट्राफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कोचिंग मे हाईस्कूल के टॉपर छात्र इरम रहीश, खुशी, इमरान, साफिया मुस्तफा, मुसैफ, सकीना, मनु मधुपिया, लुबना, सबीना एवं स्वालिहा को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# एसडीएम ने कस्तूरबा बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण

**कोंच/उरई, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने दिन बुधवार को ग्राम पिण्डारी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया और वहां पर साफ सफाई बच्चों के लिए कूलर लगवाने के निर्देश देते हुए खराब पड़े वाटर कूलर को सही कराए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम है और हीट स्ट्रोक शुरू हो गयी है ऐसे में बच्चों को राहत पहुंचाने के लिए तत्काल ही कूलर लगवाएं और उन्हें ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए खराब पड़े वाटर कूलर को ठीक करवाएं इसके बाद एस डीएम ने बच्चों को इतिहास भूगोल एवं विज्ञान से सम्बंधित कुछ बातें बताते हुए उन्हें पढ़ने के टिप्स दिए। जिससे बच्चे आसानी से अपने सिलेबस को



पूरा कर सके और उन्हें याद करने में कठिनाई न हो वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं का वेश तैयार करने के लिए एसडी एम ने शिक्षिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों को प्रतिदिन सामान्य ज्ञान के 10 प्रश्न देते हुए उन्हें तैयार कराया जाए और क्विज के माध्यम से तैयार सामान्य ज्ञान का परीक्षण भी किया जाए। जिससे बच्चों में सामान्य ज्ञान की समझ और भी बेहतर हो आपको बताते चलें कि एसडीएम ज्योति सिंह ने जब से तहसील कोंच का पदभार संभाला है तब से उनकी प्राथमिकताओं में प्राथमिक विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था को सुदृण बनाते हुए गुणवत्ता युक्त शिक्षा दिया जाना पहली प्राथमिकता है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव



**जालौन/उरई, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** भगवान परशुराम छठवां विष्णु का अवतार है। इन्हें जातिवाद में ना बांटकर मानवता के साथ सनातनी धर्म के लोग भगवान परशुराम की पूजा आराधना करें। यह बात भगवान परशुराम के जन्म उत्सव के दौरान लालजी दास महंत के मन्दिर में आयोजित कार्यक्रम में पियूष विवेक महंत ने कही।

भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव मुरलीमनोहर में स्थित लालजी दास महंत मन्दिर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वहीं बने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर सभी ने पूजन हवन कर आराधना की। इस मौके पर सामुहिक सुन्दरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद पियूष विवेक महंत की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नमो नमो सनातन हिंदू महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री त्रिलोकीनाथ गुप्ता ने कहा जिस प्रकार भगवान राम तथा भगवान कृष्ण आदि के अवतार हुये उसी प्रकार भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार हैं। इसलिए सभी सनातनी लोग भगवान को जाति में न बांटे और मानवता के आधार पर भगवान परशुराम की सभी लोग पूजा अर्चना करें। सभी सनातनी धर्म के लोग भगवान परशुराम का जन्म उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाएं। भगवान परशुराम किसी एक जाति के भगवान नहीं है। इसलिए उन्हें जाति से बांटना बंद करें और मानवता एवं समाजवाद के साथ इनकी आराधना व पूजन अर्चना करें। नमो नमो सनातन हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण मिश्रा ने कहा कि हम ही सांदीपनि हम ही अगस्त हम ही परशुराम हम ही दुवार्सा हैं ब्राह्मण को कमजोर ना समझो हम विश्व की परिभाषा हैं।इस मौके पर नमो नमो सनातन हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवती प्रसाद मिश्रा, मिथलेश मिश्रा, संजय शुक्ला, अमरेश मिश्रा, आचार्य गुरु प्रकाश दीक्षित, आचार्य श्याम किशोर, पुजारी सुनील द्विवेदी, उमेश दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# कालपी के विधार्थियों ने अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में दी प्रवेश परीक्षा

**कालपी/उरई, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम कोचिंग कालपी में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के द्वारा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अलीगढ़ की प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। इसके अलावा भारत की विख्यात यूनिवर्सिटी में प्रवेश के लिये छात्र-छात्राओं के द्वारा तैयारियां जोरों से चल रही है। उल्लेखनीय हो कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम फाउंडेशन ट्रस्ट कालपी मे शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए नगर और इसके आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा देने का काम करती है। कोचिंग में कक्षा 8, 9 व 10 तथा 11 की नियमित शिक्षा विधार्थियों को दी जा रही है। इसके साथ-साथ भारत की विख्यात यूनिवर्सिटियों अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अलीगढ़, जामिया मिल्लिया इस्लामिया नई दिल्ली, बीएचयू बनारस, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय व अन्य विश्वविद्यालयों की प्रवेश परीक्षा की तैयारी भी करायी जाती है।

# ग्राम अमीटा में जल संरक्षण पर जन चौपाल आयोजित

## जल पुरुष राजेन्द्र सिंह ने दी पानी बचाने की प्रेरणा

**कोंच/उरई, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** परमार्थ संस्था के तत्वावधान में जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु ग्राम अमीटा, जनपद में एक विशेष जल चौपाल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय अमीटा के परिसर में सम्पन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता देश के विख्यात जल संरक्षण विशेषज्ञ एवं जल पुरुष प्रसिद्ध राजेन्द्र सिंह ने की।

चौपाल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराना और जल संकट से निपटने हेतु सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देना था। अपने संबोधन में राजेन्द्र सिंह ने कहा कि यदि वर्तमान में पानी को बचाने के प्रयास नहीं किए गए, तो आने वाली पीढ़ियों को इसके दुष्परिणाम झेलने होंगे। उन्होंने वर्षा जल संचयन, परंपरागत जल स्रोतों के पुनर्जीवन और भूगर्भ जल संरक्षण की महत्ता पर प्रकाश




डाला तथा अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सामूहिक प्रयासों से कैसे सूखा प्रभावित क्षेत्रों को जल समृद्धि की ओर ले जाया गया है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद के प्रत्येक गांव में इस प्रकार की जल चैपालों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे आमजन को जल संरक्षण अभियानों से जोड़ा जा सके। चौपाल के दौरान ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए खेत तालाब योजना, नदियों के पुनर्जीवन, जल प्रबंधन एवं संवर्धन तकनीकों पर विस्तृत जानकारी साझा की गई। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे अपने गांवों में जल स्त्रोतों की सफाई, संरक्षण और विवेकपूर्ण उपयोग को अपनाएं। यह चौपाल न केवल एक जागरूकता कार्यक्रम साबित हुआ, बल्कि जल संकट से निपटने के लिए समुदाय को एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा भी बना। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, उप जिलाधिकारी कोंच ज्योति सिंह, सम्बंधित अधिकारी के साथ परमार्थ संस्था से संजय, अरुण आदि मौजूद रहे।

# एक साल से पुलिस को छका रहा था शौकत

## मुठभेड़ के दौरान दोनों पैरों में लगी गोली, पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती

**मथुरा, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** थाना जैंत क्षेत्र में मंगलवार की देर रात एसओजी, स्वाट और जैंत पुलिस की गौ तस्कर से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में हरियाणा के नूंह का रहने वाला तस्कर दोनों पैर में गोली लगने से घायल हो गया।



पुलिस ने घायल गौ तस्कर को गिरफ्तार कर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। इस बदमाश पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था इसको 11 महीने से तलाश किया जा रहा था। बताया जाता पिछले साल 23 मई 24 को पुलिस रात में चौकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक कंटेनर संख्या एचआर 38 वी 2560 आता दिखाई दिया। नेशनल हाईवे पर पुलिस ने जब इसे रोकने का प्रयास किया तो इसने बैरियर को तोड़ दिया और कोटा गांव से बाजना गांव की तरफ भागने लगा। पुलिस को पीछा आता देख कंटेनर में सवार तस्कर कंटेनर को छोड़ कर भाग गए जिसमें से पुलिस को 11 जिंदा और 19 मृत गौवंश मिला था। फरार गौ तस्कर की पहचान 35 वर्षीय शौकत मेव पुत्र शहाबुद्दीन निवासी सालाहेड़ी सदर नूंह हरियाणा के रूप में की गई। शौकत की तलाश में स्वाट और एसओजी की टीम को भी लगाया गया था। मंगलवार की देर रात शौकत की लोकेशन पुलिस को थाना जैंत क्षेत्र में मिली। जिसके बाद एसओजी, स्वाट और थाना जैंत पुलिस लोकेशन पर पहुंच गई। जहां शौकत मेव गौ तस्करी की तलाश में बाइक से आता दिखाई दिया। शौकत ने पुलिस को देखते ही एक के बाद एक 3 फायर कर दिए। जिसके बाद पुलिस ने भी फायरिंग की जिसमें उसके दोनों पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया। इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। शौकत मेव के पास से तमंचा के अलावा मोटर साइकिल और गौ तस्करी के लिए लाई गई रस्सी व मोहरे बरामद हुए है।

## मथुरा में जमीनों की रजिस्ट्री नहीं होगी कल

**मथुरा, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** पहलगाम आतंकवादी हमले के विरोध ब्रज में उबाल है। एक ओर व्यापारियों ने कल मथुरा बंद रखने का आवाहन किया है। वहीं मथुरा बंद आव्हान का समर्थन करते हुए सभी कातिबों ने रजिस्ट्री आफिस में एक मई (कल) काम बंद रखने का ऐलान किया है। दस्तावेज लेखक निबंधन समिति के पदाधिकारियों ने कल काम नहीं करने के संबंध में आज उपनिबंधक सदर अजय त्रिपाठी को पत्र भी सौंपा है। समिति के अध्यक्ष सुरेश चौधरी, संरक्षक सोहनलाल शर्मा, सचिव केके चौधरी, उपाध्यक्ष रामकिशन पाठक एड, प्रेम सिंह, द्वारकाप्रसाद, शर्मा,कोषाध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी ने कल मथुरा बंद का समर्थन करते हुए कहा है कि मथुरा वृंदावन क्षेत्र की रजिस्ट्री संबंधी कोई कार्य नहीं किया जाएगा।

# चिलचिलाती धूप में तहसील गेट पर बैठे किसान

**मथुरा, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** चिलचिलाती धूप में किसान खलिहान छोड कर तहसील गेट पर बैठे हैं। किसानों का कहना है कि अधिकारी उनकी बात तक सुनने को तैयार नहीं है, उनकी मांगों पर काम करना तो दूर की बात है।

भारतीय किसान यूनियन सुनील द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मांट तहसील के गेट पर मंगलवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया है। भाकियू के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह गावर के नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने ब्लाक कार्यालय से लेकर तहसील गेट तक जुलूस निकाला उसके बाद तहसील के गेट पर जमकर नारेबाजी की, और चिलचिलाती धूप में ही तहसील के गेट पर फर्श बिछा के

**❑ भाकियू सुनील ने बैनर तले किसानों ने किया धरना प्रदर्शन**

धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया, धरने में महिलाएं भी शामिल है। धरना प्रदर्शन शुरू होने के बाद मंगलवार को ही नायब तहसीलदार पंकज यादव किसानों से वार्ता करने आये, पर किसानों ने उच्च अधिकारी से ही बात करने की कह उन्हें वापिस भेज दिया, दोपहर में तहसीलदार पवन कुमार गुप्ता भी धरना स्थल पर आये पर किसानों का कहना था कि पूर्व में दिए ज्ञापन में से कितनी समस्याओं का निस्तारण हुआ उसका हिसाब नहीं मिल जाता तब तक कोई वार्ता नहीं होगी। वहीं श्री गावर ने शाम को अनिश्चित कालीन करने की घोषणा कर दी। धरना के दूसरे दिन दैनिक भास्कर को भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण सिंह ने बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर हमारा धरना चल रहा है किसानों के दाखिला खारिज में तहसील कर्मचारियों द्वारा पैसों के लेनदेन को रोकने तथा मांट ब्रांच गंगनहर में पानी छोड़ा जाय जिससे फसलों की बुबाई लेट हो रही है। किसानों को बिजली कटौती से राहत मिले। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में हो रहे भ्रष्टाचार को रोकने की मांग एंव चकरोड़ों पर हो रहे अवैध कब्जों को हटाने की मांग बिजली के तार टूटने से जलकर फसल बर्बाद हुई है। उसके मुआवजे की मांग ओलावृष्टि से हुए नुकसान की सही तरह से सर्वे न किया गया है उसमें हुए भ्रष्टाचार की सही तरह से जांच की जाए।

## नवीन महिला थाना परिसर को चिन्हित भूमि का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



**अमरोहा, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** आज दिनांक 30 अप्रैल 2025 को पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री अमित कुमार आनंद द्वारा जनपद अमरोहा में प्रस्तावित नवनिर्मित महिला थाना एवं महिला थाना आवासीय परिसर हेतु चिन्हित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जल्द से जल्द निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ करने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिला थाना की स्थापना से महिलाओं को त्वरित न्याय और सुरक्षा प्राप्त होगी, साथ ही पुलिसकर्मियों के आवासीय परिसर से उनकी कार्यक्षमता में भी वृद्धि होगी। यह पहल जनपद में महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# अक्षय तृतीया: बांके बिहारी के दर्शन को उमड़े भक्त

**मथुरा, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** अक्षय तृतीया पर अपने आराध्य ठाकुर बांकेबिहारी के चरण दर्शन को जनसैलाब उमड़ पडा। बुधवार को एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन किये।

प्रशासन को भीड के आने का पूर्वानुमान था। भीड और यातायात नियंत्रण के लिए पर्याप्त इंतजाम किये गये थे। वृंदावन को सुरक्षा और व्यवस्था की दृष्टि से तीन जोन और नौ सेक्टर मे बांटा गया था। मंगलवार की शाम से ही रूट डायवर्जन लागू कर दिया गया था। वृंदावन में वाहनों का प्रवेश पूर्ण प्रतिबंधित किया गया है। वाहनों को खडा करने के लिए पर्याप्त पार्किंग बनाई गयी हैं। मंगलवार की शाम से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था। वृंदावन स्थित विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में बुधवार को



अक्षय तृतीया का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया इस दिन ठाकुर बांके बिहारी जी महाराज वर्ष में एक बार अपने भक्तों को चरण दर्शन देते है अक्षय तृतीया पर ठाकुर बाँके बिहारी जी महाराज को शीतलता प्रदान करने के लिए लगभग 100 किलो चंदन से सेवा प्रदान की जाएगी इसी के साथ साथ वृंदावन के अन्य मंदिरों में भी चंदन सेवा की जाती है यह दिन बांके बिहारी के भक्तों के लिए बेहद खास होता है इन विशेष दर्शनों के लिए लोग साल भर तक इंतजार करते है बता दें कि चरण दर्शन साल में एक बार ही होते है इसलिए इसका विशेष महत्व है ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन के लिए हजारो लाखो की संख्या में श्रद्धालुओं का जमावड़ा उमड़ पड़ा अपने आराध्य की एक झलक पाने के लिए सुबह से ही भक्त लालाहित दिखे मंदिर के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ एकत्रित होने लगी और देखते ही देखते मंदिर से विद्यापीठ चौराहे तक लंबी लाइन लग गई किसी भी श्रद्धालु को कोई भी परेशानी का सामना ना करना पड़े इसके लिए प्रशासन द्वारा काफी पुख्ता इंतजाम किए गए चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के दृष्टिग्रत भारी पुलिसबल तैनात रहा।

वृंदावन में बांके बिहारी जी के दर्शन के लिए प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते है उन दिनों में ठाकुर जी के चरण दर्शन नहीं होते है साल में सिर्फ एक बार अक्षय तृतीया के दिन ही भक्तों को चरण दर्शन का पुण्य लाभ मिलता है ऐसी मान्यता है कि इस दिव्य दर्शन पाने से भक्तों पर विशेष कृपा बरसती है इसके साथ ही जीवन खुशियों से भर जाता है।

# टटलू बाजी से खूब बनाई संपत्ति, अब हो गई कुर्क

**मथुरा, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** टटलूबाजी से खूब संपत्ति बनाई। अब इसे कुर्क कर लिया गया है। गैंगस्टर टटलूबाज की 41.25 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है।

सलीम जाफर सोने की ईंट के नाम पर टटलू काटता था। मथुरा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी सलीम जाफर की 41 लाख 25 हजार रुपये की अचल संपत्ति को कुर्क कर लिया है। आरोपी पर नकली सोने की ईंट दिखाकर लोगों से धोखाधड़ी करने का आरोप है। कोसीकलां पुलिस ने बरसाना थाना क्षेत्र के गांव हाथिया निवासी सलीम जाफर के खिलाफ यह कार्रवाई की। आरोपी ने अपने पांच साथियों के साथ मिलकर यह अपराध किया था। इन साथियों में शकील, जुगेंद्र उर्फ जग्गू, धर्मेंद्र, अलीशेर उर्फ अल्ली और गिर्राज शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी की हाथिया में स्थित संपत्ति को कुर्क किया है। इसमें 803.61 वर्गमीटर भूमि शामिल है, जिसकी कीमत 16.25 लाख रुपये है। इस जमीन पर बना मकान 25 लाख रुपये का है। मकान में 4 कमरे, बरामदा, आंगन और शौचालय स्नानघर हैं। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा के निर्देश पर की गई। नायब तहसीलदार जयंती मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार निर्वाल, अपराध निरीक्षक चेतराम शर्मा और राजस्व निरीक्षक हरीश चंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह अभियान चलाया।

## पेज 1 का शेष...

### राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का नए ...

इस पद पर उन्होंने 2018 तक काम किया। साल 2021 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित जांच कमेटी की अध्यक्षता रिटायर्ड जस्टिस आरवी रवींद्रन को सौंपी गई थी। इस कमेटी में पूर्व आईपीएस आलोक जोशी (1976 बैच) को भी शामिल किया गया। मंगलवार को पेगासस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि देश की सुरक्षा के लिए स्पाइवेयर रखना गलत नहीं है। हालांकि व्यक्तियों के खिलाफ इसके दुरुपयोग की जांच की जाएगी। सर्वोच्च अदालत ने कहा, वे ऐसी किसी भी रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं करेंगे, जो देश की सुरक्षा और सुप्रभुता से जुड़ी हो। हालांकि निजता के उल्लंघन की व्यक्तिगत आशंकाओं पर विचार कर सकता है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि तकनीकी समिति की रिपोर्ट को लेकर सड़कों पर चर्चा नहीं होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने मामले पर सुनवाई 30 जुलाई तक के लिए टाल दी।

### जाति जनगणना कराने को सरकार ...

फिर भी इसे जनगणना में शामिल नहीं किया गया। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि सरकार ने पहले भी सामाजिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया था। जनगणना 1951 से प्रत्येक 10 साल के अंतराल पर की जाती थी, लेकिन 2021 में कोरोना महामारी के कारण जनगणना टल गई थी। राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को भी अपडेट करने का काम बाकी है। अभी तक जनगणना की नई तारीख का आधिकारिक तौर पर एलान भी नहीं किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, जनगणना के आंकड़े 2026 में जारी किए जाएंगे। इससे भविष्य में जनगणना का चक्र बदल जाएगा। जैसे 2025-2035 और फिर 2035 से 2045। जनगणना के आंकड़े सरकार के लिए नीति बनाने और उन पर अमल करने के साथ-साथ देश के संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए बेहद अहम होते हैं। इससे न सिर्फ जनसंख्या बल्कि जनसांख्यिकी, आर्थिक स्थिति कई अहम पहलुओं का पता चलता है। विपक्षी कांग्रेस समेत तमाम सियासी पार्टियां जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं, ताकि देश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की कुल संख्या का पता चल सके। भारत में हर दस साल में जनगणना होती है। पहली जनगणना 1872 में हुई थी। 1947 में आजादी मिलने के बाद पहली जनगणना 1951 में हुई थी और आखिरी जनगणना 2011 में हुई थी।

आंकड़ों के मुताबिक, 2011 में भारत की कुल जनसंख्या 121 करोड़ थी, जबकि लिंगानुपात 940 महिलाएं प्रति 1000 पुरुष और साक्षरता दर 74.04 फीसदी था। केन्द्र सरकार ने मेघालय के मावलिंग्खुंग से असम के पंचग्राम तक 166.80 किमी लंबे ग्रीनफील्ड हाई-स्पीड कॉरिडोर (एनएच-6) की मंजूरी दे दी है। परियोजना मेघालय में 144.80 किमी और असम में 22.00 किमी शामिल है। परियोजना की कुल पूंजी लागत 22,864 करोड़ रुपये आंकी गई है। परियोजना प्रमुख परिवहन मार्गों जैसे एनएच-27, एनएच-106, एनएच-206 और एनएच-37 के साथ एकीकृत होगी। इससे गुवाहाटी, शिलांग, सिलचर, डिएंगपासोह, उमलुंग, फ्रमर, ख्लियरियात, रताचेरा, उमकियांग और कलैन को निर्बाध कनेक्टिविटी मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने उक्त फैसले को मंजूरी प्रदान की।

### एयर मार्शल नर्मदेश्वर होंगे नए वायु ...

सुचिन्द्र कुमार ने सेवानिवृत्त होने और कमान छोड़ने पर उधमपुर के ध्रुव युद्ध स्मारक में बहादुरों के सर्वोच्च बलिदान को सम्मानित करने के लिए पुष्पांजलि अर्पित की। कमान के सैन्य अधिकारियों और कर्मियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। भारतीय सेना ने उनके अनुकरणीय नेतृत्व, अत्यंत व्यावसायिकता और राष्ट्र के प्रति बेदाग सेवा के लिए आभार व्यक्त किया है। चीन व पाकिस्तान से लगती सीमा पर ऑपरेशन के लिए जिम्मेदार थल सेना की नॉर्दन कमांड का नया प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा को बनाया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल शर्मा को चीन और पाकिस्तान से लगती सीमाओं पर ऑपरेशन का नेतृत्व करना होगा, जो देश की सुरक्षा के लिए बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। वह वर्तमान में सेना मुख्यालय में डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (स्ट्रैटजी) हैं और डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन रह चुके हैं।

एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी वायु सेना के नए उप प्रमुख होंगे। वह एयर मार्शल एसपी धारकर का स्थान लेंगे, जो 40 से अधिक वर्षों के शानदार करियर के बाद 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए हैं। एयर मार्शल तिवारी वर्तमान में गांधीनगर में साउथ वेस्टर्न एयर कमांड के कमांडर हैं। यह बदलाव भारतीय वायु सेना के लिए एक नए युग की शुरूआत है, क्योंकि एयर मार्शल तिवारी का अनुभव और रणनीतिक क्षमता भारतीय वायु सेना की रणनीतिक दिशा को सुदृढ़ मार्गदर्शन प्रदान करेगी, जिससे वायु सेना की ताकत और प्रभाव में वृद्धि होगी। ऐसे महत्वपूर्ण समय में जब सुरक्षा के मोर्चे पर तेजी से बदलाव हो रहे हैं, तो एयर मार्शल तिवारी का नेतृत्व वायु सेना को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मददगार साबित होगा। वे अपनी सेवाओं में कई महत्वपूर्ण ऑपरेशन और रणनीतिक फैसलों का हिस्सा बने हैं, जिससे भारतीय वायु सेना की ताकत और प्रभाव बढ़ा है। भारतीय सेना और वायुसेना के बीच समन्वय और रणनीतिक एकजुटता बनाए रखने के लिए एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को चीफ ऑफ इंटिग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (सीआईएससी) का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है। इस नई जिम्मेदारी के साथ एयर मार्शल दीक्षित तीनों सेनाओं के समन्वय में अहम भूमिका रखने वाले इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के चेयरमैन के अधीन एक प्रमुख पद पर अपनी भूमिका निभाएंगे। वह मिराज-20,000 के पायलट रह चुके हैं और उनकी विशेषज्ञता भारतीय वायु सेना के रणनीतिक विस्तार में मददगार साबित होगी। इन बदलावों से भारतीय सेना और वायु सेना की संचालन क्षमता और सामरिक ताकत में और वृद्धि होगी। नए नेतृत्व के साथ भारतीय सेनाएं अपनी ताकत और एकजुटता को और मजबूत करेंगी, जिससे देश की सुरक्षा में एक नया अध्याय जुड़ेगा।

### सभी मण्डलों में स्थापित होगी फूड एंड...

नई टेस्टिंग लैबों के लिए लैब टेक्नीशियन और लैब असिटेंट के लगभग 1200 नये पदों का सृजन हुआ है, जिनकी भर्ती कर्मिक विभाग जल्द ही सुनिश्चित करेगा। फूड एंड ड्रग सैंपल टेस्टिंग क्षमता में होगी कई गुना वृद्धि राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार यूपी के सभी संभागों में फूड एंड ड्रग सैंपल टेस्टिंग लैब की स्थापना से प्रदेश की दवा और खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट की जांच क्षमता में कई गुना की वृद्धि लायेगा। खाद्य पदार्थों की सैंपल टेस्टिंग की क्षमता लगभग 300 प्रतिशत बढ़कर वर्ष 2016-17 में 36,000 की तुलना में 1,08,000 प्रतिवर्ष हो जाएगी। इसके साथ ही दवाओं की सैंपल टेस्टिंग क्षमता में भी 450 प्रतिशत वृद्धि होगी। जो 12,000 से बढ़कर 54,500 टेस्टिंग प्रतिवर्ष हो जाएगी।

### होटल में भीषण आग, 14 लोगों की मौत...

मैंने इस पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। पुलिस और दमकल विभाग की तत्परता से 99 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जिसमें स्थानीय लोगों की भी अहम भूमिका रही। उधर तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी ने भी इस हादसे पर शोक जताया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने बताया कि घटना की गहराई से जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है, जिसकी अगुवाई डीसी सेंट्रल कर रहे हैं। 11 सदस्यीय टीम ने जांच शुरू कर दी है। साथ ही बुधवार को फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच करेगी। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि आग कैसे लगी। किन कारणों से समय रहते लोगों को बाहर नहीं निकाला जा सका और क्या होटल प्रबंधन की ओर से कोई लापरवाही हुई थी। पुलिस के मुताबिक इस अग्निकांड में जिन 14 लोगों की जान गई, उनमें 11 पुरुष, एक महिला और दो बच्चे शामिल हैं। अब तक आठ शवों की शिनाख्त हो चुकी है, बाकी की पहचान की प्रक्रिया जारी है। वहीं इस हादसे में 13 लोग झुलसे हैं। जिनमें 12 को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जबकि एक का इलाज जारी है।

### कानपुर पहुंचे राहुल गांधी शुभम के ...

संजय गांधी अस्पताल में हृदय रोगियों को मिलने वाली सुविधाओं का निरीक्षण करने के बाद राहुल गांधी मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने ओपन हार्ट सर्जरी ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अब हृदय रोग से पीड़ित मरीजों को लखनऊ या अन्य शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अमेठी में ही अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। राहुल गांधी ने जिले के सीनियर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि वे ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक पार्टी को सक्रिय करें और ऐसे लोग आगे आएं जो समय देकर संगठन को मजबूती प्रदान कर सकें। इसके बाद अमेठी से सीधे कानपुर पहुंचे। जहां पर शुभम के परिजनों से मुलाकात की। वहीं दूसरी तरफ शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात करने बुधवार को बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान हाथीपुर गांव के रघुवीर नगर पहुंचे। वह लगभग चार बजे चकेरी एयरपोर्ट पहुंचे। कार से सीधा शुभम के घर जाकर परिजनों से मुलाकात की।इस दौरान शुभम के परिजनों से बातचीत कर सांत्वना दी। कहा कि सरकार सख्त कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। बता दें कि आरिफ मोहम्मद खान दो दिन के कानपुर प्रवास पर आए हैं। एक मई को सुबह 11 बजे घाटमपुर तहसील के जयपुर गांव पहुंचकर एक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# आज रिलीज हो रही फिल्म द भूतनी में भूत बने हैं मथुरा के दुर्गी

**मथुरा, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** बॉलीवुड मूवी द भूतनी का इंतजार कर रहे दर्शक अब फिल्म बड़ी ही आसानी के साथ देख सकेंगे। बॉलीवुड ड्रामा फिल्म द भूतनी एक मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जिसका निर्देशन सिद्धांत सचदेव द्वारा किया गया है एवं फिल्म के निमार्ता दीपक मुकुट व संजय दत्त हैं। फिल्म द भूतनी में संजय दत्त बाबा की भूमिका में नजर आएंगे। मौनी रॉय मोहब्बत की भूमिका में, सनी सिंह शांतनु की भूमिका, पलक तिवारी अनन्या की भूमिका, निक साहिल की भूमिका, आसिफ खान नासिर की भूमिका में दिखेंगे। वहीं मथुरा के कलाकार दुर्गी ने एक अच्छे भूत की भूमिका निभाई है। दुर्गी इन दिनों मुंबई में शूटिंग कर रहे हैं, उन्होंने मुम्बई से ब्रजवासियों को आग्रह करते हुए कहा है कि अधिक से अधिक लोग उनकी आगामी फिल्म द भूतनी



को एक मई के दिन अपने नजदीकी सिनेमाघरों में जाकर अवश्य देखें। फिल्म द भूतनी एक हॉरर बॉलीवुड ड्रामा फिल्म है, जो आपको जमकर इंटरटेनमेंट करेगी। फिल्म में ब्रज कलाकार दुर्गी भैया ने एक अच्छे घोस्ट की भूमिका निभाई है, फिल्म द भूतनी में ब्रज कलाकार दुर्गी आपको संजय दत्त के साथ नजर आएंगे।

## पुलिस टीम ने जीता खेल प्रतियोगिताओं में गौरव

**अमरोहा, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जनपद मुरादाबाद में आयोजित बरेली जोन की 73वीं अंतर्जनपदीय साइक्लिंग एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अमरोहा पुलिस टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए साइक्लिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही थाना अमरोहा नगर में तैनात आरक्षी आयुष राणा ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान तथा लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस गेम्स में 110 मीटर बाधा दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर आज पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री अमित कुमार आनंद ने पुलिस कार्यालय परिसर में आयोजित समारोह के दौरान विजेता टीम के सभी सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## प्रतिबंधित प्लास्टिक को लेकर किया जागरूक

**मथुरा, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** शासन द्वारा निकायों में प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं पॉलीथिन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए प्रतिबंधित पॉलीथिन के प्रयोग की रोकथाम के दृष्टिगत निरंतर कार्यवाही किए जाने एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग की रोकथाम के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए निर्देशित किया गया है। नगर आयुक्त शशांक चौधरी के द्वारा भी नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्रदान किए गए हैं। इसी क्रम में सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान, जोनल प्रभारी औरंगाबाद के निर्देशन में नगर निगम की टीम द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध कार्यवाही की गई नगर निगम की टीम द्वारा आज पुलिस लाइन जेल रोड पर प्रतिबंधित पॉलीथिन एवं गंदगी के विरुद्ध अभियान चलाया गया।

## कार्यालयः ग्राम पंचायत लौकिया विकास खण्ड मिठवल, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2025-26 दिनांकः 30.04.2025

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत लौकिया विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, वायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक-02.05.25 को 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय लौकिया के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक-07.05.25 को 4:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपराचिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु0-5000/ रुपए (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तेः-**

1. जिस आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी व रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/ एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत लौकिया कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**(आइशा शातून)**
प्रधान
ग्राम पंचायत लौकिया
विकास खण्ड मिठवल
जनपद-सिद्धार्थनगर

**(शचीन्द्र नाथ पाठक)**
सचिव
ग्राम पंचायत लौकिया
विकास खण्ड मिठवल
जनपद-सिद्धार्थनगर

## अदालती नोटिस

**न्यायालय श्रीमान जिलाधिकारी महोदय अमेठी**
**गिरीश चन्द्र बनाम ग्राम सभा**
वाद व धारा 30(1) उप्र राज्य रा. संहिता 2006
बावत गाटा संख्या 249
ग्राम-गुलालपुर परगना अमेठी
तहसील गौरीगंज, अमेठी
**तारीख पेशी-02/05/2025**
**सूचनार्थ-गजट**

निम्नलिखित वाद उपरोक्त में प्रभावित पक्षकारों को न्यायालय में 02/05/2025 समय 10 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करेंः-
(1) अरूण कुमार, आशीष कुमार, कृष्ण कुमार, जितेन्द्र कुमार, धनंजय नन्दू सुतगण भोलानाथ, शान्ती देवी पत्नी भोलानाथ/गुलालपुर
2. अवधेश, राधेश्याम पुत्र केदारनाथ सुभद्रा/केदारनाथ गुलालपुर
3. राम अधार, संकटा प्रसाद पुत्र शम्भू दत्त गुलालपुर
4. रामनरेश, सदानन्द पुत्र रामहेत गुलालपुर
5. रामदुलारे सुत देवनरायन
6. लालबहादुर, तेजबहादुर सुतगण गयादीन परशुरामपुर।

**रीडर-डीएम अमेठी**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शपथनी का पुत्र समीउल्ला खान पुत्र शराफातुल्लाह, निवासी-मो0 चाहगोरी अमरोहा जिसकी शादी जुबैदा खान के साथ हो चुकी है जो मेरी बात नहीं मानते हैं व मुझे परेशान करते है गलत संगत में पड़ गये हैं यदि मेरा पुत्र या पुत्र की पत्नी जुबैदा भविष्य में कभी भी कोई गलत काम करते हैं तो उसकी सारी जिम्मेदारी मेरे पुत्र एवं मेरी पुत्रवधु जुबैदा की होगी तथा मेरे घर वालों से मेरे किसी भी रिश्तेदारों से कोई सम्बन्ध नहीं होगा इसलिये मैं अपने पुत्र एवं अपनी पुत्रवधु को अपने मकान/सम्पत्ति एवं अपने परिवार व अपने रिश्तेदारों से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करना कर लिया है।

**श्रीमती रजिया**
**पत्नी शराफातुल्लाह, निवासी-मो0 चाहगोरी, अमरोहा**

## सूचना

मै पूरन सिंह (Pooran Singh) आर्मी नं0- 5350329N रैंक हवलदार के सैन्य दस्तावेज में मेरे पुत्र दीपाँशु सिंह (DIPANSHU SINGH) की जन्मतिथि 18.09.2009 गलत अंकित हो गयी है। जबकि वास्तविक सही जन्मतिथि 18.08.2009 है जो कि आधार कार्ड के अनुसार सही है। मो0नं0-8797092929

स्वत्वाधिकार-श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर संस्थापक, संपादक स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक व संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, 23 जहांगीराबाद मेंशन अशोक रोड हजरतगंज, लखनऊ से प्रकाशित। फोन- 0522-4067598, 2288985, 2288968, फैक्स- 0522-4066898, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25 Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# बड़े शर्म की बात, सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में कोई अधिकारी नहीं आया!

## एलडीए में कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष का छलका दर्द

### एलडीए वीसी, सचिव सहित विभागों के अधिकारी कार्यक्रम में नहीं पहुंचे

सत्य प्रकाश भारती



**लखनऊ, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** एलडीए मुख्यालय में तैनात विभिन्न कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इस दौरान उनके अधीनस्थ एवं सहयोगी कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों की विदाई के लिए समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में अधीनस्थ और सहयोगी कर्मचारियों के अतिरिक्त कोई भी कर्मचारी इस कार्यक्रम में मौजूद नहीं था। वहीं सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के परिवार के सदस्य भी मौके पर आये हुए थे।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे एलडीए के प्रांतीय अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह का इस दौरान दर्द छलक उठा। सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी, उनके परिवारों सहित अधीनस्थ और सहयोगी कर्मचारियों के सामने वह अधिकारियों को कोसते नजर आये।

दरअसल, बुधवार एलडीए कार्यालय में तैनात जेई, सेक्शन ऑफिसर सहित सात कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं। वहीं इन अधिकारियों के सेवानिवृत्ति पर सहयोगी और अधीनस्थ कर्मचारियों ने एक विदाई समारोह का आयोजन एलडीए के कॉन्फ्रेंस हॉल में शाम चार बजे के करीब आयोजित किया था। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के जेई,बाबू शामिल हुए। वहीं इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों और कर्मचारियों के परिवार के लोग भी मौजूद थे।

सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों और उनसे जुडी यादों के लिए सभी भावुक नजर आ रहे थे। कर्मचारियों द्वारा विभाग में किये गए कार्यों और अन्य कर्मचरियों को किये गए सहयोग की यादें भी ताजा हो रही थी। कार्यक्रम का संचालन एलडीए के प्रांतीय अध्यक्ष अवधेश कुमार कर रहे थे। इस दौरान वह अत्यंत भावुक तब हो गए जब कोई भी अधिकारी कांफ्रेंस हॉल में मौजूद नहीं था।

आरोप है कि अधिष्ठान अधिकारी सोमकमल सीताराम यह सब काम देखते हैं, बावजूद इसके वह कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। सभी कर्मचारी आपस में गुफ्तगू करते नजर आये कि पूरी जिंदगी एलडीए में अधिकारियों के दिशा निर्देश पर काम किया, उनके आदेशों का पूरा पालन किया लेकिन जब सेवानिवृत्ति का समय आया तो कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं आया। प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि वह इस मुद्दे को लेकर कई बार आवाज उठा चुके हैं। लेकिन अधिकारियों ने कभी इसे गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने कहा कि यह बहुत शर्म की बात है कि इस कार्यक्रम के कोई अधिकारी नहीं आया। हलांकि खरी-खोटी बातें एलडीए में फैलते ही अपने सीट पर बैठे अनुसचिव बलराम कॉन्फ्रेंस हॉल में दौड़े चले आये और सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को माला पहनाकर उनका सम्मान किया।

### यह हुए सेवानिवृत्त

सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों में जोन दो के प्रवर्तन सेक्शन के जेई सुशील कुमार सिंह, प्रभारी अधिकारी रेरा सेक्शन में तैनात सेक्शन अफसर मोहम्मद ओवैस, लेखा विभाग के रिकार्ड सेक्शन की लोवर डिवीजन असिस्टेंट सुमैरा रब्बानी, अनुरक्षण सिविल कार्यालय में तैनात चौकीदार मोहन सिंह,नजूल सेक्शन में तैनात चौकीदार अशोक कुमार रावत, प्रवर्त्तन दल प्रभारी सेक्शन में तैनात गैंगमैन मुसाफिर वर्मा, अकाउंट सेक्शन में तैनात सहायक अनूप शामिल हैं।

### अनुरक्षण विभाग सिविल ने पेश की मिसाल

सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के मामलों में अनुरक्षण विभाग सिविल ने मानवता की मिसाल पेश की है। इस सेक्शन से सेवानिवृत्त हुए चौकीदार मोहन सिंह को पवित्र गीता देकर ससम्मान विदाई मिली। इस दौरान चौकीदार के वरिष्ठ कर्मचारियों ने माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह के रूप में राधा कृष्ण की मूर्ति देकर सम्मानित किया। इस दौरान जेई विकास वर्मा, अवर सहायक निखिल कनौजिया एवं कार्यालय में तैनात सौरभ कमल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### छेड़छाड़ के विरोध पर पिता को पीटा

**लखनऊ।** शोहदे से परेशान छात्रा ने खुद को घर में कैद कर लिया। स्कूल और कोचिंग जाना छोड़ दिया। छात्रा का आरोप है कि आरोपी रास्ते में रोककर गंदे कमेंट करता और मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजने लगा। शोहदे ने इसका विरोध करने पर मारपीट की। जिसमें छात्रा के पिता और दोस्त के चोट आई। ठाकुरगंज पुलिस पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक दुबग्गा की रहने वाली छात्रा ने पुलिस को बताया कि कोचिंग और स्कूल जाते वक्त बालागंज के हरीनगर निवासी आयुष शुक्ला रास्ते में रोककर भद्दे कमेंट करता था।

## छात्रों ने विधानसभा को घेरा, पुलिस से हुई झड़प



- छात्रसंघ बहाली को लेकर प्रदर्शन
- निजी स्कूलों की मनमानी पर नारेबाजी

**लखनऊ, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** बुधवार को स्टूडेंट्स ने जमकर हंगामा किया। राष्ट्रीय छात्र पंचायत के हजारों की संख्या में स्टूडेंट्स जीपीओ पार्क से विधानसभा का घेराव करने निकले। पुलिस ने उनको रोकने की कोशिश की तो स्टूडेंट्स ने बैरिकेडिंग तोड़ दी।

छात्र बोले- विश्वविद्यालय में छात्रसंघ बहाली हो, निजी स्कूलों पर सरकार लगाम लगाए। प्रदर्शनकारियों ने पहले शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखी, लेकिन जैसे ही छात्रों ने विधानसभा की ओर कूच किया, मौके पर मौजूद पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच झड़प हुई। छात्र शिवम पांडेय ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों की फीस मनमानी पर रोक लगाई जाए।

शासन बहाली की प्रक्रिया जल्द शुरू हो और सार्वजनिक शिक्षा को सुलभ और सशक्त बनाया जाए। उन्होंने आरोप लगाया- प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के कारण आम आदमी बच्चों को पढ़ा नहीं पा रहा है। विरोध प्रदर्शन में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए छात्र शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी 800 विकास खंडों में लाइब्रेरी खोली जाए, जिससे गरीब-किसान के छात्र पढ़-लिख सकें। हमने प्रदेश सरकार को 21 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। सरकार इन मांगों की तत्काल पूर्ति करे। करीब आधे घंटे तक सड़क पर ट्रैफिक जाम के हालत रहे। पुलिस को भीड़ को काबू में लाने में मशक्कत करनी पड़ी। अंत में छात्रों को शांत कराने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस ने छात्रों को हिरासत में लेकर ईको गार्डन में छोड़ दिया।

## लालबाग में पांच फीट धंसी सड़क, सीवर में लीकेज से बना गड्ढा

**लखनऊ, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लालबाग में बर्लिंगटन की ओर जाने वाली सड़क धंस गई। इसके चलते सड़क पर आवाजाही करने वाले लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब 3 घंटे में धंसी सड़क पाट दी गई, लेकिन अब धूल उड़ रही है। मामले में लोगों ने नगर निगम के जल कल विभाग से शिकायत की, जिसके बाद जलकल विभाग ने सीवर लाइन ठीक किया। जलकल विभाग के जीएम कुलदीप सिंह ने बताया कि रात के समय में सड़क पर यह गड्ढा हुआ है। आठ एमएम की सीवर पाइपलाइन सड़क के नीचे से जा रही, जिसमें हुए रिसाव के चलते पानी भर गया। इससे सड़क धंस गई। उनका कहना है कि मामले की सूचना के बाद मौके पर पहुंची जलकल की टीम सड़क को खोद कर सीवर पाइपलाइन सही कर रही है। उनका कहना है कि सड़क बनाने का काम चल रहा था।



अक्षय तृतीया पर शो रूम में गाड़िया खरीदते लोग। छाया: तरूणमित्र

## आंखों में रौशनी नहीं, लेकिन बोर्ड परीक्षा में स्कूल का नाम किया रौशन





**लखनऊ, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** हौसले अगर बुलंद हों तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती। इस बात को लखनऊ पब्लिक कॉलेज सहारा स्टेट्स शाखा में पढ़ रही दृष्टिबाधित छात्रा बानी चावला ने कर दिखाया है। बानी ने आईसीएसई 2025 बोर्ड परीक्षा में 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। बानी जन्म से नेत्रहीन हैं, लेकिन उन्होंने कभी इसे अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया।

दरअसल,आईसीएसई बोर्ड के 10वीं और 12वीं के रिजल्ट बुधवार जारी हुए। लखनऊ के सामर्थ द्विवेदी और प्रणव सूरी समेत आठ स्टूडेंट्स 12वीं में ऑल इंडिया टॉप स्कोरर रहे। सभी को 99.75% मार्क्स मिले हैं। वहीं 10वीं बोर्ड में पलक राय 99.6% मार्क्स पाकर टॉप स्कोरर रहीं। यह सभी सीएमस के छात्र हैं। वहीं इन छात्रों के बीच एलपीएस सहारा स्टेट शाखा में पढ़ने वाली दसवीं की छात्रा बानी चावला की कहानी पूरे देश के छात्रों के लिए मिसाल बन गई है। कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और माता-पिता व शिक्षकों के सहयोग से उन्होंने ये असाधारण उपलब्धि प्राप्त की। उनकी लगन और संघर्ष की यह कहानी उन लाखों छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत है, जो किसी न किसी रूप में चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। बानी ने आईसीएसई 2025 बोर्ड परीक्षा में 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं।

बानी जन्म से नेत्रहीन हैं, लेकिन उन्होंने कभी इसे अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। विद्यालय प्रशासन और शहर के कई प्रतिष्ठित लोगों ने बानी चावला की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल के शिक्षक ने कहा है कि बानी जैसी छात्राएं समाज को यह सिखाती हैं कि सच्ची ताकत आँखों में नहीं, आत्मा और संकल्प में होती है। बानी की यह उपलब्धि दिखाती है कि अगर जज्बा हो तो कोई भी चुनौती असंभव नहीं होती। आईसीएसई कक्षा दस व आईएससी कक्षा बारह के वर्ष 2024-25 के परीक्षा परिणाम जारी किये गए,जिसमें आईसीएसई के 227 छात्र-छात्राओं ने 90% से अधिक अंक तथा आई. एस. सी. के 151 छात्र-छात्राओंने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये क आईएससी में एलपीसी ए-ब्लाक शाखा के अथर्व रस्तोगी ने 98.75%, अभिनव तिवारी 98.5%, शीजान तारिक 98.5%, खुशी सिंह 97.5% तथा सहारा स्टेट्सशाखा के मो. साकिब 97.75%, अविशी श्रीवास्तव 97.50%, तथा अयाहीं सिंह ने 97.25% अंक प्राप्त कियेक आई. सी. एस. ई. में सहारा स्टेट्स की पूर्वी पाण्डेय 98.2%, कनिक कटियार 98%, वंशिका श्रीवास्तव 97.8% तथा ए-ब्लॉकशाखा की रिद्धिमा शुक्ला 98%, कार्तिकेय तिवारी 97.4% तथा संगम पटेल ने 97.2% अंक अर्जित कियें इस अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज के चेयरमैन सांसद डॉ. एस.पी. सिंहने सभी प्रतिभाशाली छात्रों को बधाई दी और कहा कि,"इन विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के बल पर यहसफलता हासिल की है। यह न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे संस्थान के लिए गर्व काविषय है। डॉ. सिंह ने प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और अभिभावकों का आभारप्रकट करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में उनके मार्गदर्शन और सहयोग की अहम भूमिका रही है।

## हाउस टैक्स वसूली तीन गुना बढ़ी, मई तक मिलेगी दस फीसदी छूट

**लखनऊ, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** नगर निगम ने हाउस टैक्स जमा करने के लिए छूट का समय बढ़ा दिया है। ऑनलाइन पेमेंट करने पर 10 फीसदी की छूट दी जाएगी। ऑफलाइन पेमेंट करने वाले लोगों को 8 फीसदी की छूट मिलेगी। मेयर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार को छूट बढ़ाने के लिए निर्देश दिया था, जिसके बाद यह फैसला नगर निगम ने किया है। अभी तक 30 अप्रैल तक हाउस टैक्स जमा करने पर छूट का प्रावधान था। जिसे अब मई तक बढ़ा दिया गया है। उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 की धाराओं के तहत नगर निगम ने यह छूट दी है। नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि डिजिटल माध्यम से भुगतान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऑनलाइन भुगतान करने वालों को अधिक छूट दी जा रही है। इससे भागदौड़ का समय बचेगा और तुरंत पेमेंट किया जा सकेगा। पिछले साल की तुलना में अभी तक 3 गुना टैक्स अप्रैल तक जमा हुआ है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि नगर निगम यह योजना प्रभावी रूप से लागू करे। ताकि लोगों को इसका लाभ मिले।

## ब्रेन डेड मरीज के लिगामेंट निकालकर दूसरे मरीज में को लगाया

**लखनऊ, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** पीजीआई में ब्रेन डेड मरीज के लिगामेंट को दूसरे मरीज की लिगामेंट सर्जरी में उपयोग किये जाने में सफलता मिली है। यह सर्जरी उत्तर भारत में पहली बार की गयी है। यह उपलब्धि डॉ पुलक शर्मा के नेतृत्व वाली टीम को हासिल हुई है। यह सर्जरी न केवल एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में उन्नत चिकित्सा पद्धतियों की क्षमताओं को उजागर करती है, बल्कि उत्तर भारत में इसी तरह के मामलों में लिगामेंट सर्जरी से जुड़े भविष्य के उपचारों के लिए एक मिसाल भी स्थापित करती है। एलोग्राफ्ट्स का सफल प्रयोग सर्जिकल तकनीकों को बढ़ाने में योगदान देगा। इस बारे में डॉ पुलक शर्मा ने बताया कि आशीष कुमार को पैरो में गंभीर चोट लगने के बाद एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था। उनमें फीमर और टिबिया के फ्रैक्चर के साथ-साथ घुटने का डिस्लोकेशन भी शामिल था। एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में ऑर्थोपेडिक टीम ने उसकी स्थिति को बहुत कुशलता से संभाला। प्रारंभिक चरण में,फीमर और टिबिया पर सर्जरी की गई थी। चोट के कारण, घुटने को स्थिर रखने वाले सभी प्रमुख जोड़ फट गए थे। फीमर और टिबिया पर सर्जरी के बाद, एक जटिल आर्थ्रोस्कोपिक लिगामेंट सर्जरी करके सारे लिगामेंट को वापस बनाया गया। उन्होंने बतया कि आमतौर पर, फटे हुए जोड़ को बनाने के लिए,जोड़ को मरीज के अपने शरीर से निकाला जाता है; हालाँकि, इस मामले क्योंकि घुटने के चार लिगामेंट डैमेज हो गए थे, इसलिए चार लिगामेंट को शरीर से निकालने के बजाये ब्रेन डेड डोनर से लिया गया लिगामेंट इस्तेमाल किया गया। यह उत्तर भारत में पहली बार हुआ है कि एलोग्राफ्ट ( मस्तिष्क मृत व्यक्ति से ग्राफ्ट) का सफलतापूर्वक उपयोग मल्टीलिगामेंट इंजरी वाले मरीज में किया गया है। डॉ. पुलक शर्मा के मार्गदर्शन में यह आर्थ्रोस्कोपिक सर्जरी की गयी।

## पीसीएस की तैयारी कर रही छात्रा को रेप की धमकी

**लखनऊ, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** पीसीएस की तैयारी कर रही छात्रा को एक युवक रेप की धमकी दे रहा है। छात्रा का आरोप है कि युवक से फेसबुक से दोस्ती हुई। इसके बाद उसने नौकरी दिलाने के बहाने होटल पर मिलने के लिए बुलाया। उसकी हरकतों पर शक होने पर छात्रा ने अनफ्रेंड कर दिया। उसके बाद से लगातार धमकी भरे मैसेज कर रहा है। गोमतीनगर पुलिस पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। जानकारी के मुताबिक गोमतीनगर में किराये पर रहने वाली युवती का कहना है कि वह पीसीएस परीक्षा की तैयारी कर रही है। एक सप्ताह पहले फेसबुक पर गुंजन नामक के युवक की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करने के बाद उसके मैसेज आने लगे। फिर दोनों के बीच बातचीत होने लगी। छात्रा का आरोप है कि गुंजन ने उसको मिलने के लिए पत्रकारपुरम बुलाया। कहा कि हम एक नया काम शुरू करने जा रहे हैं। ऑफिस खोलकर नौकरी देंगे। नौकरी के लालच में एक रेस्टोरेंट में मुलाकात हुई, जहां पर उसने होटल में चलने और फिर घुमाने की बात ही। गुंजन की बातों से उस पर शक हुआ। इसके चलते उससे मिलना और बात करनी बंद कर दी। नंबर और फेसबुक पर ब्लॉक करने पर 27 अप्रैल को मैसेज पर गंदी-गंदी गालियां लिखकर भेजीं। साथ ही रेप करने की धमकी दी। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी के विषय में जानकारी जुटाई जा रही है।

## आदित्यायन की आठ पुस्तकों की श्रृंखला का विमोचन




**लखनऊ, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** डॉ. कर्नल आदि शंकर मिश्र 'आदित्य' विद्या वाचस्पति (काशी हिंदी विद्यापीठ) के काव्य संग्रह 'आदित्यायन' की आठ पुस्तकों की श्रृंखला का बुधवार को अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर हिंदी संस्थान में भव्य समारोह में विमोचन हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी ने विमोचन करते हुए कर्नल 'आदित्य' की साहित्य साधना को सराहा। समारोह में मौजूद प्रकांड विद्वानों, साहित्यकारों और कवियों ने भी खुले मन से उनके साहित्य सृजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि डॉ. मिश्र ने अपनी रचनाओं में आज के सामाजिक बदलावों और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को बड़े ही सरल और सहज शब्दों में प्रस्तुत करने का अनूठा प्रयास किया है। समारोह का शुभारंभ लोकगायिका एवं आकाशवाणी, दूरदर्शन की उदघोषिका डॉ.अनीता मिश्रा ने मां सरस्वती की वंदना से किया।

'आदित्यायन- अनुभूति', 'आदित्यायन-संकल्प', 'आदित्यायन-अभिलाषा', 'आदित्यायन-सृजन' व 'आदित्यायन-भुवन राममय', 'आदित्यायन-अमृतकाल' तथा एक सुविचार की पुस्तक संग्रह 'आदित्यायन-सुभाषितम' और एक लेख संग्रह 'आदित्यायन-जीवन अमृतह्न का विमोचन किया गया।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में उतरे पत्रकारों ने जताया आक्रोश

**लखनऊ।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की हत्या से राजधानी सहित पूरा देश स्तब्ध है। इसको लेकर राजधानी सहित पूरे प्रदेश के पत्रकारों में भी आक्रोश है। आतंकी हमले एवं निर्दोष पर्यटकों की हत्या के विरोध में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में बुधवार को सैकड़ों की संख्या में एकजुट हुए पत्रकारों ने हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर आक्रोश प्रदर्शन किया। प्रांतीय अध्यक्ष वीरेंद्र सक्सेना के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जुटे पत्रकारों ने गांधी प्रतिमा के पास मौन श्रद्धाजंलि व्यक्त की। इस दौरान पत्रकारों ने न सिर्फ आतंकी हमले के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की बल्कि, बलिदान हुए पर्यटकों की आत्मा की सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को साहस प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष वीरेंद्र सक्सेना ने कहा, 'भारत बहुत सशक्त है। ऐसी किसी भी घटना को बर्दाश्त नहीं करेगा। देश से आंतकवाद को खत्म करने के लिए हमारी भारत सरकार से मांग है कि वह बड़ा कदम उठाए, हम सभी सरकार के साथ हैं।

पत्रकार संगठन और समाजसेवी संगठनों ने संयुक्त रूप से आतंकवाद के विरोध में नारे लगाए। इस दौरान लोगों में भारी जन आक्रोश देखने को मिला। एनयूजे,उत्तर प्रदेश के संरक्षक के. बक्श सिंह ने प्रधानमंत्री से आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की। इस मौके पर एनयूजे, यूपी के संरक्षक अजय कुमार ने केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। जिलाध्यक्ष आशीष मौर्य, महामंत्री पद्माकर पाण्डेय ने कहा कि इस समय पूरा देश सरकार के साथ खड़ा है। जिस तरह से निर्दोष लोगों की हत्या की गई, उसके विरोध में आतंकी देश और आतंकवादियों को सबक सिखाने का समय आ गया है। राजधानी के पत्रकारों ने आतंकी घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी।

# देहदान करने वाले परिजनों को सम्मानित करेगा केजीएमयू

- देहदान में महिलाऐं सबसे ज्यादा शामिल

शुभम कश्यप




**लखनऊ, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** एक समय था की देहदान समाज में गलत माना जाता था। लेकिन समय के चलते अब पहले जैसा कुछ न रहा। पहले लोगों का बिना शिक्षित किए समाज की तरक्की के बारे में सोचना ठीक सूरज को दीपक दिखाने जैसा था। लेकिन आज के समय में समाज को अगर आगे ले जाना है तो पहले उन्हें शिक्षित कर भ्रान्तियों को जड़ से खत्म करना होगा तभी एक समाज शिक्षित होकर आगे बढ़ेगा। हम बात कर रहे देहदान की जहां इसके प्रति अब लोगों की भ्रांतियां दूर हो रही हैं। किंग जॉर्ज चिकित्साविश्वविद्यालय केजीएमयू के एनाटमी विभाग में इस बार देहदान की संख्या रिकार्ड बन सकता हैं। देहदान में 38 प्रतिशत भागीदारी महिलाओं की हैं। कोरोनाकाल के बाद लगभग दर्जनों देहदान हुए, इनमें 38 प्रतिशत भागीदारी महिलाओं की है। माना जा रहा है कि जिस तरह से पिछले तीन माह में देहदान हुए इतनी संख्या में कभी नहीं हुए। सबसे ज्यादा गर्मियों में देहदान होते हैं, इस पूरे साल में पचास से अधिक देहदान होने की उम्मीद जतायी जा रही है। कुल मिलाकर अभी तक 293 देहदान हुए और 2750 लोगों ने पंजीकरण कराया है। आकड़ों पर नजर डालें तो गत वर्ष कुल 38 देहदान हुए, इनमें 13 महिलाएं शामिल थीं। इनके परिजनों को जल्द ही केजीएमयू सम्मानित करेगा। पिछले कई सालों से लगातार देहदान की संख्या बढ़ी है। इसकी वजह लोगों में जागरूकता और देहदान के नियम में सरलता को माना जाता है। नयी व्यवस्था के चलते मरणोपरांत भी परिजनों की इच्छा पर देहदान कर सकते हैं लेकिन इसके लिए परिजनों को एनाटमी के विभागाध्यक्ष के नाम पर पत्र देना पड़ता है।

### देहदान में दो न्यू बर्न बेबी भी शामिल

एनाटमी विभाग में देहदान के इंजार्च पुनीता मानिक ने बताया कि वर्ष 1993 से केजीएमयू में देहदान की शुरूआत हुई थी। उसके पश्चात 2001 से गायत्री परिवार के सहयोग से एनाटमी विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर ने जगह–जगह लोगो को परामर्श दिया । जिससे जनता के मन में त्याग की भावना उतन्न हो जो मानव के मन में रहती हैं। जोकि डॉक्टर अशोक शाही ने सह कार्य प्रारंम्भ किया था। उनका इस कार्य में बहुत बड़ा सहयोग रहा हैं। जो अति सराहनीय है,जानकारी के मुताबिक इसके पश्चात डॉ अजय श्रीवास्तव और पीके शर्मा ने भीइसे आगे चलाया लेकिन लोगों में जागरूकता वर्ष 2012 से बढ़ी। तब से प्रतिवर्ष 30 का आंकड़ा पार होने लगा और क्रम निरंतर जारी है।

अभी तक 293 देहदान हो चुके हैं, उनमें दो न्यू बर्न बेबी भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त देहदान के लिए 2750 लोगों ने पंजीकरण कराया है। देहदान की प्रक्रिया के बारे में बताया कि इच्छुक व्यक्तियों को एक फार्म दो प्रतियों में भरना होगा, जो विभाग में निशुल्क उपलब्ध है और विभाग में जमा किया जाएगा। अगर कोई विभाग नहीं पहुंच सकता है तो उसके ई-मेल पर फार्म भेज दिया जाता है। मरणोपरांत मृतक के परिजनों को एक से दो घंटे के भीतर विभाग को सूचना देनी होती है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा अमूल्य देह की प्राप्ति का एक प्रमाण पत्र दिया जाएगा, जिसके आधार पर नगर निगम से परिजन मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### छात्रों के विरोध प्रदर्शन से पैदा हुई जाम की स्थिति

**लखनऊ।** बुधवार सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक जाम की स्थित बनी रही। हजरतगंज में सपा के खिलाफ होने वाले प्रदर्शन और लखनऊ विश्वविद्यालय में चुनाव बहाली को लेकर होने वाले प्रदर्शन के चलते काफी देर तक वाहनों की आवाजाही बंद रही। हजरतगंज जाने वाले रास्तों पर जाम लग गया। वहीं लालबाग में सड़क धंसने से जाम लग गया। इंजीनियरिंग चौराहे के पास ई-रिक्शा के चलते जाम लग गया। हजरतगंज में होने वाले प्रदर्शन के चलते समतामूलक चौराहे से हजरतगंज जाने वाले रास्तों पर भी जाम की स्थित बनी रही। जिससे इन रास्तों पर घंटों वाहन रेंगते नजर आए।

## महिला केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचीं अपर्णा यादव

**लखनऊ, 30 अप्रैल (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव मंगलवार को लखनऊ के विभिन्न महिला संस्थानों के निरीक्षण पर पहुंचीं। उन्होंने सबसे पहले वीरांगना झलकारी बाई महिला चिकित्सालय, हजरतगंज का दौरा किया, जहां उन्होंने भर्ती मरीजों से बातचीत कर सुविधाओं की जानकारी ली। अपर्णा यादव ने अस्पताल में मौजूद महिला मरीजों से सीधे संवाद कर यह जाना कि उन्हें शासन की योजनाओं का कितना लाभ मिल रहा है। उन्होंने पूछा कि क्या अस्पताल में दी जा रही सुविधाएं संतोषजनक हैं और क्या योजनाओं की जानकारी समय पर मिल रही है। अपर्णा यादव ने वन स्टॉप सेंटर, सभागार में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों पर महिला कल्याण विभाग और जनपदीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने महिलाओं को न्याय दिलाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। निरीक्षण के अंतिम चरण में वह महिला बंदीगृह, लखनऊ पहुंचीं, जहां उन्होंने बंदियों की स्थिति, सुरक्षा और सुविधाओं की समीक्षा की। भाजपा नेत्री अपर्णा यादव ने कहा महिलाओं की सुरक्षा और कल्याण सरकार की प्राथमिकता है।

